ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 04 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-348 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी ने रणबीर कपूर को... पेज 10 पर

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप का आगाज आज, अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और पिछली बार की उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला

क्रिकेट महाकुंभ रचेगा रोमांच का नया इतिहास, इस बार कई चीजें होंगी पहली बार

आलोक रंजन झा 'दिनकर'

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप का बिगुल बजने वाला है। क्रिकेट महाकुंभ का आगाज गुरुवार को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और पिछली बार की उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच मैच से होगा। फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा। यह वर्ल्ड कप रोमांच का अलग ही इतिहास रचने जा रहा है, जिसकी शुरुआत बुधवार को हो गई। पहली बार वनडे वर्ल्ड कप में अधिकारिक उद्घाटन समारोह नहीं हुआ। इसके अलावा कुछ चीजें ऐसी होंगी, जो पहले कभी नहीं हुई हैं। कई नियम बदले गए हैं, जिनसे प्रशंसकों का मजा दोगुना होगा। कई मजबूत टीमों की कठिन चुनौतियों के बीच करोड़ों भारतीयों की निगाहें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मेजबान टीम पर रहेंगी, जिसकी कोशिश 12 साल बाद फिर से विश्व विजेता बनने की है। इससे पहले भारत 1983 (कपिल देव की कप्तानी) और 2011 (महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी) में विश्व चैंपियन बना है।

70 मीटर से कम की बाउंड्री नहीं होगी : इस बार वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने कई वेन्यू के पिच क्यूरेटरों के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार किया है। पिचों पर ज्यादा घास रखने के लिए कहा गया है। साथ ही बाउंड्री का आकार 70 मीटर से कम नहीं रखने का निर्देश दिया गया है। इससे ज्यादा हो सकता है। इससे पहले ऐसी कोई बंदिश नहीं थी। ओस के कारण टॉस की भूमिका को कुछ हद तक कम करने के लिए आईसीसी ने यह फैसला किया।

10 टीमों के बीच 45 मैच खेले जाएंगे सेमीफाइनल से पहले

नहीं होगा विवादास्पद बाउंड्री काउंट नियम

विवादास्पद बाउंड्री काउंट नियम ने पिछले यानी 2019 वर्ल्ड कप में काफी अहम भूमिका निभाई थी। उस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टाई हो गया था। इसके बाद खेला गया सुपर ओवर भी टाई हो गया था। तब बाउंड्री काउंट नियम के आधार पर सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने के चलते इंग्लैंड को विजेता घोषित किया गया था। इसके बाद इस नियम की जमकर आलोचना की गई थी। आखिरकार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने यह नियम ही बदल दिया। अब यदि मैच के बाद सुपर ओवर भी टाई होता है, तो उस स्थिति में लगातार सुपर ओवर कराए जाएंगे, जब तक नतीजा नहीं निकल जाता है।

भारत पहली बार एकल मेजबान

ऐसा क्रिकेट इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब भारत अकेले ही वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत 1987, 1996 और 2011 के वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप की संयुक्त मेजबानी कर चुका है।

पहली बार वेस्टइंडीज बाहर

इतिहास में यह पहली है कि वेस्टइंडीज वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होग। 1975, 1979 में तो विंडीज ने क्लाइव लॉयड की कप्तानी में खिताब भी जीता था। इस बार वह वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी है।

इस बार नहीं होगा सॉफ्ट सिग्नल

आईसीसी ने इसी साल जून से ही सॉफ्ट सिग्नल के नियम को खत्म कर दिया है। यानी इस वर्ल्ड कप में सॉफ्ट सिग्नल नियम देखने को नहीं मिलेगा। यहां बता दें कि सॉफ्ट सिग्नल गेंदबाजी के छोड़ पर खड़े अंपायर की ओर से थर्ड अंपायर के लिए एक विजुअल कम्यूनिकेशन है। इसके मुताबिक मैदान पर मौजूद अंपायर थर्ड अंपायर की मदद ले सकते हैं, लेकिन इससे पहले गेंदबाजी के छोड़ पर खड़े उस अंपायर को दूसरे अंपायर से मशविरा करने के बाद अपना फैसला देना होता है। किसी संदिग्ध कैच के वीडियो फुटेज में थर्ड अंपायर को पर्याप्त सबूत नहीं मिलते हैं, तो मैदानी अंपायरों का निर्णय सर्वमान्य होता है। ऐसे में इस नियम पर काफी विवाद होता था।

गागर में सागर

झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची। कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को दोपहर दो बजे प्रोजेक्ट भवन में यह बैठक होगी, जिसमें राज्य हित में कई बड़े फैसले लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में आदेश जारी किया है और सभी विभागों को इस संबंध में प्रस्ताव देने का निर्देश दिया है।

बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिरा, दो की मौत, पांच घायल

गुमला। जिले के बिशुनपुर प्रखंड में बुधवार की सुबह नेतरहाट जाने के मार्ग पर जोहनडेरा घाटी में बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिर गया। हादसे दो लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग घायल हैं। मृतकों में एक बच्चा व एक महिला है। भारी बारिश के बीच बिशुनपुर और गुरदरी थाना की पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों व मृतकों को खाई से निकाला। बताया जाता है कि बॉक्साइट ट्रक माइंस से लोहरदगा जा रहा था। जोहनडेरा घाटी के समीप ट्रक खाई के नीचे जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि गाड़ी में महिला का शव फंसा हुआ था, जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को अस्पताल लाया गया है। पांच में से दो घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म, 6 गिरफ्तार

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों की आबरू तार-तार हो गई। इसका खुलासा बुधवार को हुआ है। दोनों बच्चियों के साथ दो दिन तक छह युवकों ने दरिंदगी की। घर पहुंचने पर बच्चियों ने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन उन्हें लेकर नोवामुंडी थाना पहुंचे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। यह बच्चियां शुक्रवार को मजदूरी करने नोवामुंडी गई थीं। देर शाम घर लौटने के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही थीं। दोनों को अकेला देखकर पादापहाड़ के दो युवकों ने उन्हें घर पहुंचाने का प्रलोभन देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। कुछ देरबाद पेट्रोल खत्म होने का नाटक कर उन्हें दूधबिला गांव ले गए। वहां इन युवकों ने अपने चार अन्य दोस्तों को बुला लिया। यहां दोनों को अलग-अलग बाइक में बैठा कर किसी और गांव ले गए। इस गांव में सभी ने दो दिन तक उनके साथ हैवानियत की। इसके बाद छोड़ दिया। इसके बाद लड़कियां किसी तरह घर पहुंचीं।

अधेड़ को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी स्थित संथाली बस्ती के तुरी टोला में शंकर तुरी (50) को अपराधियों ने गर्दन में गोली मारकर घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में मंगलवार रात को जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद बुधवार अहले सुबह ओपी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की।

झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

रांची। राज्य में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में फजीर्वाड़ा करने वाले 400 से भी ज्यादा अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत 78 अस्पतालों को गड़बड़ी करने के आरोप में डि-इम्पैनल्ड यानी सूची से हटा दिया गया है। साथ ही 89 अस्पतालों से करीब एक करोड़ रुपये जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावा 250 से भी ज्यादा अस्पतालों को शो-कॉज किया गया है। एक हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि गड़बड़ियों की जांच लगातार जारी है। जिन हॉस्पिटल्स को चिन्हित किया गया है, यदि उनके प्रबंधन से संतोषजनक जवाब नहीं आया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दो महीने पहले लोकसभा में पेश सीएजी की रिपोर्ट में भी झारखंड के हॉस्पिटल्स द्वारा बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़े का खुलासा किया गया था। रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि झारखंड के प्राइवेट हॉस्पिटल्स ने 250 ऐसे लोगों के इलाज के नाम पर पैसा उठाया, जिनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। राज्य के 47 हॉस्पिटल्स ने एक-एक दिन में अपनी कुल बेड क्षमता की तुलना से ज्यादा मरीजों के इलाज के नाम पर योजना का लाभ लिया। सावित्री देवी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल की कुल बेड क्षमता 30 है। इसने एक दिन में योजना के तहत 103 मरीजों के इलाज का दावा किया। इसी तरह किडनी केयर सेंटर में मात्र 12 बेड हैं लेकिन इसने 55 मरीजों के इलाज का दावा किया।

पलामू के गणके में मुख्यमंत्री ने किया मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

कृषि व वनोत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध करायेगी सरकार : सीएम

प्लांट में स्थानीय लोगों को दें रोजगार : वित्त मंत्री

झारखंड में पांच लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य : कृषि मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कृषि एवं वनोत्पादों के लिए सरकार किसानों को बाजार उपलब्ध करायेगी। इस दिशा में काम चल रहा है। किसानों को पारम्परिक खेती में बदलाव लाने की जरूरत है। गेहूं और धान के साथ किसान फलदार वृक्षों की खेती कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बिरषा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी एवं मुख्यमंत्री पशुधन आदि योजनाओं की चर्चा करते हुए किसानों को लाभ उठाने की सलाह दी। कहा कि सरकार की योजनाओं से जुड़कर किसान बारहो महीने खेती से जुड़े रहें और आत्मनिर्भर बने। सीएम श्री सोरेन बुधवार को सदर प्रखंड के चियांकी से सटे गणके गांव में स्थापित मेघा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन के बाद किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। इस

दौरान सीएम ने शिलापट्ट का अनावरण कर प्लांट और दीप जलाकर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पूर्व पलामू पहुंचे सीएम का चियांकी हवाई अड्डे पर जिले के टॉप अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पलामू पुलिस की ओर से गॉड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम श्री सोरेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। मौसम का बदलाव भविष्य के लिए चिंता का बिषय है। ऐसी स्थिति में किसानों को पारम्परिक खेती में बदलाव कर नई तकनिकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डेयरी प्लांट का संचालन किसान ही कर सकते हैं। किसान बदलाव लायें तो सरकार दर्जनों प्लांट लगा देगी। सरकार किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन दे रही है। गाय के साथ पशु सेड की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम दूसरे राज्यों से महंगा बकरी, मछली, अंडा खरीदते हैं। जबकि पशुपालन कर हम अपनी जरूरतों के बाद दूसरे राज्यों को भी बेच सकते हैं। इससे आमदनी बढ़ेगी और जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने पलामू में लाह व महुआ की चर्चा करते हुए कहा कि लाह को उद्योग का दर्जा दिया गया है। लाह का सबसे बड़ा रिसर्च सेंटर झारखण्ड में है। आने वाले दिनों में किसानों को लाह का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान खेतिबारी छोड़कर खेतीहर मजदूर बन रहे हैं। जबकि सरकार से जुड़कर किसान स्वावलम्बी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सात डेयरी प्लांट हैं। जमशेदपुर में जल्द खुलेगा और रांची तथा पाकुड़ में मिल्क पाउडर प्लांट प्रस्तावित है। उन्होंने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि आप एक कदम आगे बढ़ें तो सरकार चार कदम चलने को तैयार है। मौके पर राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने अपने सम्बोधन में कहा कि पलास, लाह और महुआ पलामू की पहचान थी। यह विलुप्त हो रही है। इसे पूनरजीवित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी के पांचवें समन पर भी नहीं हाजिर हुए हेमंत सोरेन

रांची। ईडी के पांचवें समन पर भी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। जमीन घोटाले और संपत्ति से जुड़े ब्योरों पर पूछताछ के लिए ईडी ने उन्हें बुधवार को रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था, लेकिन वह झारखंड के पलामू में राज्य सरकार की ओर से स्थापित एक डेयरी प्लांट के उद्घाटन समारोह में भाग लेने चले गए। इस बीच हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को पत्र लिखकर कहा है कि चूंकि ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई है। यह मामला कोर्ट में विचारणीय है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि कोर्ट का फैसला आने तक सीएम को जारी समन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। ईडी को भेजे गए पत्र में सीएम के अधिवक्ता ने कहा है कि वह कानून का पालन करने वाले भारत के जिम्मेदार नागरिक हैं और कोर्ट के आदेश का अनुपालन करेंगे। बता दें कि ईडी ने हेमंत सोरेन को अब तक पांच बार समन भेजकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नहीं रहे देश के पहले आदिवासी कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो

रांची। कैथोलिक ईसाइयों के बड़े धर्मगुरु कार्डिनल फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो नहीं रहे। वह पूरे एशिया के पहले आदिवासी थे, जिन्हें कार्डिनल बनाया गया था। वह कार्डिनल के साथ-साथ लंबे समय तक ईसाइयों के रांची आर्चडायसिस (धर्मप्रांत) के आर्कबिशप भी रहे। उन्होंने रांची के मांडर स्थित कांस्टेंट लीवंस अस्पताल में बुधवार दोपहर 3.45 बजे अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से इलाजरत थे। उनके फेफड़े में पानी भर जाने के बाद स्थिति गंभीर हो गई थी। उनकी उम्र 84 वर्ष थी। उन्हें रांची के संत मैरी चर्च में 7 अक्टूबर को दफनाया जायेगा। रांची के आर्कबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने यह जानकारी मीडिया के साथ साझा की है। फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी थे जिन्हें ईसाई मिशनरी में कार्डिनल बनने का गौरव हासिल हुआ था। कैथोलिक मिशन में सर्वोच्च धर्मगुरु पोप के बाद कार्डिनल का दर्जा ही सबसे ऊंचा होता है। वह कार्डिनल के पद से 24 जून 2018 को रिटायर हुए थे।

फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का जन्म 15 अक्टूबर 1939 को गुमला के चैनपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी कॉलेज की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज और धर्मशास्त्र की पढ़ाई रोम के पोंटिफिकल अल्बेनियन यूनिवर्सिटी से की। तेलेस्फोर पी टोप्पो को 21 अक्टूबर 2003 को पोप जॉन पॉल द्वितीय की ओर से कार्डिनल बनाया गया था। वर्ष 2005 में आयोजित पोप कॉन्क्लेव में उन्होंने निर्वाचक की भूमिका निभाई थी। इस कॉन्क्लेव में जोसेफ रात्जिंगर को पोप बेनेडिक्ट 16वें के रूप में चुना गया था। वह उन कार्डिनल निर्वाचकों में से एक थे, जिन्होंने वर्ष 2013 के पोप कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया था, जिसमें पोप फ्रांसिस का चयन किया गया था। रोमन कैथोलिक चर्च के सबसे बड़ी संस्था कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) और कांफ्रेंस ऑफ कैथोलिक बिशप्स ऑफ इंडिया (सीसीबीआई) के वे अध्यक्ष भी रह चुके थे।

मुख्यमंत्री ने तेलेस्फोर के निधन पर जताया दुख

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धर्मगुरु कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन का अत्यंत दुःखद समाचार मिला। कार्डिनल तेलेस्फोर जी लोगों की सेवा करते हुए उनके हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामला

विस सचिव सात दिन में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें : हाई कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के तीन बार आदेश के बाद भी विधानसभा सचिव की ओर से अब तक जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट नहीं आई है। यह कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है। कोर्ट ने विधानसभा सचिव को सात दिनों के भीतर जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई गुरुवार को निर्धारित की। रिपोर्ट पेश नहीं होने से नाराज कोर्ट ने कहा कि यदि विधानसभा सचिव द्वारा जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उन पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश और अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि कैबिनेट सेक्रेटेरिएट ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास भेजा है। इसलिए कैबिनेट सेक्रेटेरिएट से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी गई है। यह रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा

क्वांटम डॉट्स की खोज करने वाले वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

नई दिल्ली। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया।

अकादमी ने एक बयान में कहा, रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए दिया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं, और कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय

सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष जोहान एक्विस्ट ने कहा, "क्वांटम डॉट्स में कई आकर्षक और असामान्य गुण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके साइज के आधार पर उनके अलग-अलग रंग होते हैं। क्वांटम डॉट्स अब क्यूएलईडी तकनीक पर आधारित कंप्यूटर मॉनिटर और टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करते हैं। वे कुछ एलईडी लैंप की रोशनी में बारीकियां भी जोड़ते हैं, और बायोकेमिस्ट और डॉक्टर उनका उपयोग जैविक ऊतकों को मैप करने के लिए करते हैं। भौतिक विज्ञानी लंबे समय से जानते थे कि सैद्धांतिक रूप से आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव नैनोकणों में उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उस समय नैनो-आयामों में नकाशी करना लगभग असंभव था। इसलिए, कुछ लोगों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

केंद्रीय कैबिनेट ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के

शेष कार्यों को पूरा करने की मंजूरी दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित 2,430. 76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 1,836.41 करोड़ रुपये) की लागत से पूरा करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है, जबकि अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए पहले स्वीकृत लागत 1,622. 27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 1,378. 60 करोड़ रुपये) की थी। शेष कार्य पूरा होने पर, यह परियोजना झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी। उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना एक अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है जिसका कमान क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है। इस परियोजना में कुटकू गांव (जिला लातेहार, झारखंड) के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, बांध के नीचे 96 किमी एक बैराज (मोहम्मदगंज, जिला पलामू, झारखंड), दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल हैं। बिहार सरकार द्वारा उसके अपने संसाधनों से वर्ष 1972 में बांध के निर्माण के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियां शुरू की गईं। काम 1993 तक जारी रहा और उस वर्ष बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा रोक दिया गया। बांध में जमा पानी से बेतला नेशनल पार्क और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

करंट लगने से बालक की मौत

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी गांव निवासी चंदन राम के आठ वर्षीय पुत्र की बिजली करंट लगने से मौत हो गई।करंट लगने के बाद बेहोशी की हालत में परिजनों ने आननफानन में इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परंतु उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

गांधी जयंती के बाद चलाया बस्ती अभियान

पाटन। हिसरा बरवाडीह स्थित भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सह बस्ती अभियान के प्रभारी निरंजन पासवान के आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। निरंजन पासवान ने कार्यक्रम में शामिल एक दर्जन भाजपा नेताओं को अंग वस्त्र व करीब दो-दजन कार्यकताओं को भगवा वस्त्र देखकर सम्मानित किया। जयंती समारोह के बाद बस्ती अभियान कार्यक्रम चलाया गया इस दौरान गांव के 30 घरों में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 सालों का कार्यकाल से अवगत कराया। मौके पर कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रवासी प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा, किशुनपुर मंडल के विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, आनंद कुमार सिंह सिंह सुमित अन्य भाजपाकार्यकर्ता शामिल थे।

भीखा बिगहा में वर्षा से घर गिरा परिजनों ने दूसरे घर में ली शरण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू के हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी पंचायत के भीखा बिगहा टोला निवासी जफरूदीन अंसारी का कच्चा मकान बारिश से गिर गया। परिजनों ने बताया कि पीएम आवास में नाम आने के बावजूद उन्हें अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है। कमरूदीन अंसारी ने बताया कि छह माह पूर्व आवास की सूची में उनका नाम आने की खबर पर मुखिया पति महेंद्र राम से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि उनका आवासीय पता दूसरे पंचायत का दर्ज कर दिया गया है। जिससे उन्हे पंचायत स्तर से लाभ नहीं दिया जा सकता है। इस संबंध में पूर्व बीडीओ को आवेदन भी दिया। पर कोई पहल नहीं की गई। वर्तमान उनके परिजन अपना घर छोड़ दूसरे घर में शरण लिये है। घर गिर जाने से परिजनों में पंचायत प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति मायूसी है।

ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा : चंद्रवंशी

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी छः अक्तूबर को बिश्रामपुर आयेंगे। जहां श्री मरांडी जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है।उनके स्वागत हेतु पड़वा मोड़ से बिश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बी मोड़ तक जगह जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। दावा किया कि बिश्रामपुर के जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। जनसभा की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने का अपील किया।

स्कूल बस की टक्कर से दो भैंस बुरी तरह घायल

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। बीमोड़ मुख्यपथ पर गोदरमा गांव के समीप बस के धक्के से दो दुधारू भैस बुरी तरह घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार,बस आरसीआईटी कॉलेज की बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगो की माने तो बस चालक भैंस को धक्का मारकर गंभीर जख्मी कर मौके से फरार हो गया है। हालांकि अंधेरा होने के बावजूद स्थानीय लोग और राहगीर बस चालक को आवाज देकर रोकने की काफी कोशिश की। वहीं जख्मी भैंस तत्काल इलाज नहीं होने से मरणासन्न हालत में पहुंच गई थी। इधर बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की 2 भैंस जो की इतनी बुरी तरह घायल है। इसकी मौत से पशुपालक को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने अविलंब पशुपालक के घर जाकर स्कूल प्रबंधक को उचित मुआवजा देने की बात कही है।

पीएम ने सभी गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया है : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

छत्तरपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा 4 अक्टूबर बुधवार को पलामू पहुंचे। जहां उन्होंने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित किया। वहीं रांची से पलामू जिले में प्रवेश करने के दौरान उनका स्थानीय विधायक और स्थानीय लोगों ने फूल माला से स्वागत किया। भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें ढोल नगाड़े के साथ जिले के छत्तरपुर में फुलवाड़ी मैदान के कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ मौजूद रही। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2024 के परिकल्पना क्या होगा जो आज इस कार्यक्रम के बारिश का मौसम में बता रहा है। केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव के देश में काम किया है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आवास और शौचालय जैसे अनेक कार्य लाभुकों के बीच

देने का कार्य किया है उन्होंने कार्यक्रम में व्यवस्था पर तंज करते हुए उपस्थित लोगों को बारिश में कुर्सी लेने को कहा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया। गरीबों के घर में गैस चूल्हा पहुँचाया, वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर 200 का घोषणा किया है। आज केन्द्र सरकार ने महिलाओं को 35% आरक्षण देने का काम किया है। राज्य के सरकार के पास कोई विकल्प नहीं है उन्हें कोई चिंता नहीं है उन्होंने कहा कि राज्य के सभी लोगों को रोजगार और भत्ता देने का वादा किया था क्या हुआ सारे वादे खत्म हो गए। प्रदेश में पहले व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए यहां की जनता को संकल्प लेने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 में देश में फिर से एक बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार होगी उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था की बुरी स्थिति है लोगों की हत्याएं हो रही है बलात्कार हो रहे हैं लेकिन हेमंत सरकार चुप्पी सादे हुए हैं। आम जनता को किसी भी काम के लिए चढ़ावा चढ़ावा करना है सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने हेमंत सरकार पर तंज करते हुए कहा कि राज्य में हेमंत सरकार को हम सभी को उखाड़ कर फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि सभी माता को केंद्र में भाजपा की सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना का लाभ दिया गया है। चारों तरफ हत्या, बलात्कार और भ्रष्टाचार चरम पर है। कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद और भाजपा नेता मनोज कुमार भुइंया ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आश्वस्त कराया कि वर्ष 2024 में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी जनता कदम से कदम मिलकर आपके साथ है।

चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से शिक्षण कार्य प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। क्षेत्र में चार दिनों से हो रही लगातार रिमझिम बारिश के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया का जर्जर भवन के छत से पानी टपकने से कमरा पानी से भर गया है। वहीं विद्यालय परिसर भी बारिश के पानी से भरा हुआ है। जिससे विद्यालय के छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि परिसर में भी पानी भरकर तालाब बन गया है। मालूम हो कि यहां पहली से आठवीं तक के 175 बच्चे अध्यनरत हैं। परंतु मात्र दो ही वर्ग कक्षा में बच्चे पठन-पाठन का कार्य करते हैं। वह भी भवन काफी जर्जर है। उन्होंने बताया कि चार दिनों से लगातार बारिश के कारण छत टपक टपक कर दोनों कमरे पानी से भरा पड़ा है। जिसके कारण बच्चों का पठन- पाठन एवं मध्याह्न भोजन बुरी तरह से प्रभावित है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार विभाग को लिखित सूचना देने के बावजूद भी यहां भवन निर्माण का कार्य नहीं हो पा रहा है। इसलिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग को मैं पुनः स्मारपत्र के माध्यम से आगाह करना चाहता हूं कि अगर यही स्थिति रही तो विद्यालय पूरी तरह से ध्वस्त हो सकता है और कभी भी बच्चों व शिक्षकों के साथ खतरे की घंटी बज सकती है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने विद्यालय पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बच्चों को बारी-बारी से अलग- अलग सिफ्ट में सूखे जगह पर भेज कर शिक्षण कार्य कराने की सलाह दी। इस बदतर शैक्षिक माहौल को देखकर प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा, स्थानीय समाजसेवी अशोक यादव एवं मुखिया संजू देवी सहित ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है।

संकल्प यात्रा में मरांडी ने हेमंत सोरेन पर साधा निशाना

हुसैनाबाद। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने बुधवार को हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में संकल्प यात्रा के तहत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस राज्य में दलालों और भ्रष्ट अफसरों की सरकार हैं। वहीं राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जेएमएम कांग्रेस राजद प्रदेश में सिर्फ लूट करने के लिए सरकार बनाते है। इस प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है। इस सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के हुसैनाबाद पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह महुदंड मोड़ के समीप भव्य स्वागत किया। भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें ढोल नगाड़े के साथ उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में पहुंचाया। सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि राज्य में पिछले छह महीने में 23 व्यवसाईयों की हत्या हो चुकी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की,संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

नदी का पानी हो रहा दूषित, बदबू से लोगों का जीना दूभर

नगर परिषद कोयल नदी किनारे रेहला में कचरे का कर रहा डंपिंग

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद द्वारा क्षेत्र के सारे कचड़े का डंपिंग रेहला कोयल नदी किनारे किया जा रहा है। जिससे नदी का पानी और आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। कचड़े से निकलने वाले बदबू से आस पास रहने वाले लोगों का जीना दुभर हो गया है। डंपिंग कचड़ा अगर वहां से नही हटाया गया तो कई तरह की संक्रामक बीमारी भी फैल सकती है। नगर परिषद द्वारा नदी किनारे जिस जगह पर कचड़े का डंपिंग किया जा रहा है,वह भूमि रेलवे की है। बावजूद कचड़ा डंप करने से पहले रेलवे से किसी प्रकार की कोई अनुमति भी नही ली गई है। कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर परिषद नदी किनारे कचड़े का डंपिंग तत्काल बंद करे। वरना आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेलवे के जीएम अनुपम शर्मा से भी बात कर मामले को उठाया है।जल्द ही इस मामले को लेकर पलामू उपायुक्त से भी मुलाकात करूंगा और उन्हे इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपूंगा। इधर नप के नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने बताया कि कचरा डंपिंग के लिए जगह चयनित कर लिया गया है।भूमि का इकरारनामा भी हो चुका है। भूमि हस्तानंत्रण कराने हेतु अंचल कार्यालय को लिखा गया है। भूमि का हस्त्रानंत्रण होते ही इस समस्या से निजात मिल जायेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा।

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा मे0 माँ सरस्वती कन्स्ट्रक्शन (संवेदक – सुधीर कुमार तिवारी), करकोमा हासनदाग, मेराल, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पैकेज सं0 – JH-M-GAR-08/2021-22 अन्तर्गत छः पथों का मरम्मति कार्य करने का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्णता की तिथि 26.03.2023 था, परन्तु उक्त पैकेज का कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखे जाने के कारण इस कार्यालय का प्रेस विज्ञप्ति संख्या 1336 दिनांक 11.08.2023 एवं निबधित पत्र पत्रांक 1648 दिनांक 21.09.2023 द्वारा सूचना देने के वावजूद भी आपके द्वारा अवशेष कार्य का अभी तक Work Programme प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नही किया गया है, इससे प्रतित होता है कि उपरोक्त कार्य करने में आपको रूची नही हैं

अतः आपके द्वारा कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 16.10.2023 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा की जाएगी। अतः उक्त तिथि को आप अपने प्रतिनिधि या आप स्वयं कार्य स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308295 (Rural Development) 23-24 (D)

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम– (1) काण्ड के प्रा0अभि0–मृत्युजंय भुईया उर्फ अवधेश, पे0–बाबूलाल भुईया, सा0–नावाडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार। भण्डरिया थाना काण्ड सं0–79/19, दिनांक– 03.06.2019, धारा–302/201/34 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0एक्ट 2के प्राथमिकी अभियुक्त मृत्युजंय भुईया उर्फ अवधेश, पे0–बाबूलाल भुईया, सा0–नावाडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में फिरार है। Court of Sri K. Lohra, J.M. 1st Class, Civil Court, Garhwa से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि Court of Sri K. Lohra, J.M. 1st Class, Civil Court, Garhwa में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 308286 Police (23-24)_D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No.- 306292 Dated : 06.09.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 99/2023-24 दिनांक :- 04.10.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम		प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4		5	6	7
1	JH-M-CHA-04/2023-24	मयुरहण्ड	1	मयुरहण्ड प्रखण्ड मुख्यालय से पी०डब्ल्यू०डी० रोड तेतरिया मोड़ भाया सोकी तिलरा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 18.210 कि०मी०)	1801.541	अठारह करोड़ एक लाख चौवन हजार एक सौ रू० मात्र	09 महीना

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–06.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–17.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–18.10..2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (18.10..2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–19.10.2023 .अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– .....
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

PR 308302 Rural Work Department(23-24).D

कार्यालय : उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(खेल शाखा)

शुद्धि–पत्र
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के ज्ञापांक –155/जि0खे0, दिनांक 30.09.2023 के द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना हेतू प्रकाशित विज्ञापन (P.R. NO :- 308075) में तकनीकि त्रुटि होने के कारण आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 09.10.2023 को 12:00 बजे अपरोह्न तक निविदा आमंत्रित की जायेगी। शेष शर्तें यथावत रहेंगें।

जिला खेल पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 308250 District(23-24)D

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

पत्रांक .....। दिनांक ...../

Walk in interview

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 660 (5) दिनांक 07.07.2023 के आलोक में चलन्त ग्राम क्लिनिक के संचालन हेतु आयुश चिकित्सकों की अनुबंध आधारित सेवा प्राप्त किया जाना है। लोहरदगा जिले में शेश बचे अनुसूचित जनजाति वर्ग की एक रिक्ति के लिए Walk in interview के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक चिकित्सकों से निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0 सं0	विवरणी	आवश्यक शर्त
1	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आयुष चिकित्सक पद के लिए)	मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S. डिग्री तथा कम्पयुटर प्रयोग करने का ज्ञान।
2	उम्र सीमा	अधिकतम 60 वर्ष
3	वर्ग (Category)	अनुसूचित जनजाति
4	मानदेय (आयुष चिकित्सक पद के लिए)	रू0 21000/– प्रतिमाह।
5	पद की संख्या	01 (एक)

- चयनित चिकित्सक को भुगतेय मानदेय से नियमानुसार T.D.S की कटौती की जाएगी।
- चयनित चिकित्सक द्वारा भविश्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- Walk in interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक उम्मीदवार Walk in interview के लिए अपने Bio Data के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वः–अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ जिला परिशद कार्यालय भवन, लोहरदगा में दिनांक 11.10.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक उपस्थित होना सुनिश्चित् करेंगे। संलग्न प्रपत्र में वांछित सूचनाएँ भर कर अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.308262 Lohardaga(23-24):D

जिला कृषि कार्यालय, चतरा

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Pulse योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Pulse योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

क्रंसं	कृषि यंत्र का नाम	अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में)	कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु)	कृषि यंत्रों की संख्या (सामान्य वर्ग हेतु)	कुल कृषि यंत्रों की संख्या
1	Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer	Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen	160	245	405
2	Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres)	Rs.3800/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women/ Rs.3000/- or 40% for Gen	45	65	110
3	Tractor drawn implements (a) Rotavator (Above 35BHP-5 Feet)	Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/- or 40% for Gen	5	5	10
4	Multi Crop Thresher for other farmers Tractor driven above 35 BHP upto 4 tonne/hr capacity	50% or Rs. 1,00000/- SC/ST, small & marginal,women / Rs40% or Rs. 80000/- Gen	1	1	2
5	Chisel Plough below 20 BHP Tractor driven for	50% or Rs. 10000/- SC/ST, small & marginal,women farmers & NE States/ Rs 40% or Rs. 8000/-	0	1	1
6	Ridge Furrow Planter below 20 BHP Tractor driven	50% or Rs 30000/- SC/ST, small & marginal,women farmers/ 40% or Rs. 24000/-Gen	0	1	1
7	Seed Storage Bins	50% or Rs. 1000/qtls Gen.	10	10	20
8	Sprinkler sets	The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be from Rs. 19542/- to Rs.21901/-per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	1	1	2
9	Pipes for carrying water from source to the field	Rs. 50/Mtr.for HDPE Rs.35 forPVC Rs. 20/ HDPE laminated	1	1	2
10	Mobile Rain Gun	Rs.28681/- to Rs. 34513/ha.depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	1	1	2
11	Pump Set	Rs. 10000 /each or 50% of the cost which ever is less	22	23	45
12	Mini Dal Mill	Rs. 95000/ Unitor 50% of cost whichever is less	1	1	2

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 18.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"

नोट– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा

PR.NO.308276 Agriculture(23-24):D

गागर में सागर

बैट्री व टुल्लू पंप चोरी में दो चोर भेजे गये जेल

मेदिनीनगर। शहर थाना की पुलिस ने बैटरी और टुल्लू पंप चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि शहर थाना क्षेत्र के शिवाय ब्लू होटल के सुकेश कुमार पिता उमाशंकर प्रसाद के द्वारा शिकायत मिली थी कि कोयल रिभर फ्रंट में चल रहे निर्माण कार्य में मुंशी का काम करते हैं। साथ ही आपातकालीन बिजली सप्लाई हेतु लगे 06 बैट्री तथा स्ट्रीट लाईट, टुलू पम्प तथा 04 पीस फ्लड लाईट की चोरी हो गयी है। इस संबंध में अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर कांड में चोरी गयी बेट्री में से 02 बैट्री के अलावे अन्य 04 छोटे साइज की बैट्री को 02 अपराधी के द्वारा बेचने के लिये मारूती वैन से ले जाने के क्रम में बरामद किया गया। तथा उनकी निशानदेही पर चोरी गये शेष 04 बेट्री एवं टुलू पम्प की बरामदगी की गयी। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस घटना में कुल 04 अपराधी शामिल थे । तथा पकड़े गये अपराधी के द्वारा चोरी की गयी बैट्री को 02-03 हजार रूपया में कबाड़ी को बेचा करते थे। इस घटना में फरार अन्य 02 अपराधीयों की गिरफ्तारी तथा चोरी गये अन्य सामानों की बरामदगी हेतु छापामारी की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है।

अलग-अलग बाइक दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर। नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा निवासी संतोष राम के पुत्र मुकेश राम और उसी गांव के दिनेश राम बीती रात बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में दिनेश राम ने बताया कि वह अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ मंगलवार की शाम किसी काम से मेदिनीनगर गया था।उधर से शाम को घर लौटने के दौरान रास्ते में दोनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर में बनी हुई है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध निवासी पवन चौधरी के पुत्र छोटू कुमार और सुदामा सिंह बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि छोटू और सुदामा एक बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह किसी काम से गढ़वा रिश्तेदार के घर गए हुए थे। इस बीच उधर से लौटने के दौरान रास्ते में एक चार पहिया वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी छोटू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

नाबालिग सहित तीन चोर गिरफ्तार

मेदिनीनगर। कुछ दिन पहले घर में हुई चोरी का पुलिस ने उद्वभेदन कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग सहित तीन चोरों को चोरी के आरोप में पकड़ कर जेल भेज दिया है। इस चोरी की घटना के बारे में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता सेवा सदन रोड निवासी अमन गोयल पिता सत्येन्द्र प्रसाद अग्रवाल के द्वारा 28 सितंबर शहर थाना में अपने घर में हुई चोरी से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराया गया था। अमन कुमार गोयल ने आवेदन देकर पुलिस को बताया था कि 28 सितंबर को अज्ञात चोरो द्वारा हमारे घर का ताला तोड़कर घर के सामान की चोरी कर ली है। जिस पर कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोरों को गिरफ्तार करने वालों में शहर थाना के एसआई गौतम उरांव, एएसआई नबी अंसारी,आरक्षी 1171 शारिक ईरशाद,आरक्षी 387 संतन कुमार मेहता,आरक्षी 1925 राकेश सिंह,सहायक पुलिस के जवान प्रफुल कुमार सिंह शामिल थे।

एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर मंगलवार की शाम शहर थाना के एएसआई इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गयी। और वाहन के कागजात की जांच की गयी। इस दौरान बिना कागज और लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए सभी वाहनो को इंद्रदेव पासवान के द्वारा फाइन के लिए डीटीओ आफिस भेज दिया गया है। वहीं वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई इंद्रदेव पासवान ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था। ताकि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलायेंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

रांची के दो चिड़ियाघरों से हिरण व सांभर पीटीआर में आने की उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व में हिरण और सांभर रांची में स्थित दो चिड़ियाघरों से आने की उम्मीद है। रांची में भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क है। इस पार्क के अधिकारियों ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को और आश्वासन दिया है कि वे लोग 300 हिरण और 25 सांभर को पलामू टाइगर रिजर्व को देने के लिए इच्छुक और तैयार हैं। भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क में इस समय हिरणों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जो उनके लिए एक अतिरिक्त बोझ के जैसा है। इसलिए भगवान बिरसा बायोलोजिकल पार्क के अधिकारियों ने इस बात को स्वीकार किया है कि इस पार्क से 300 हिरण और 25 सांभर वह तुरंत पलामू टाइगर रिजर्व को दे देंगे । इस बात की पुष्टि पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दक्षिणी प्रमंडल कुमार आशीष ने की है। कुमार आशीष ने बताया के भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क पीटीआर को 300 हिरण और 25 सांभर तत्काल देने की बात कर रहा है। कुमार आशीष ने कहा किसी भी टाइगर रिजर्व में बाघ उस समय रहता है। जब उसे पर्याप्त भोजन मिले । दक्षिणी प्रमंडल में ना तो हिरण है।और ना ही सांभर और यह दोनों जीव टाइगर को बेहद पसंद है। यदि उनके खाने की व्यवस्था मजबूत रहेगी तो वह रहेंगे। इसलिए यह उम्मीद की जा रही है कि पीटीआर को रांची से हिरण और सांभर मिलने से बाघ को भोजन की दिक्कत नहीं होगी।

पशुपालकों के जीवन में आयेगा बदलाव : सीएम

डेयरी प्लांट से गौ पालन का होगा विकास : उपायुक्त

हवाई अड्डा पर अधिकारियों ने किया सीएम का स्वागत

मेघा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करने बुधवार को पलामू पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चियांकी हवाई अड्डा पर पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन एवं सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने उनका स्वागत किया। साथ ही पलामू जिला प्रशासन की ओर से हवाई अड्डा पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा प्लांटः एमडी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर : स्थानीय सदर प्रखंड के चियांकी से सटे गणके में बुधवार को अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का उद्घघाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम श्री सोरेन ने कहा कि किसान आगे बढ़ेगा तभी राज्य और देश भी आगे बढेगा। इस संकल्प के साथ किसानों- पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। यह डेयरी यहां के किसानों - पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने में वरदान साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इनकी आमदनी में इजाफा हो। ये बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि डेयरी प्लांट की स्थापना से गौ पालन का विकास होगा । ग्रामीण विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। जिले में गौ पालन का विकास होगा तो इससे गोबर भी प्राप्त होंगे। इसके लिए गोबर गैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। गौ-पालन से रोजगार का अवसर मिलेगा और किसान नई दिशा और दशा तय कर पाएंगे। उपायुक्त ने सरकार द्वारा पलामू में डेयरी प्लांट स्थापित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। वहीं कार्यक्रम में झारखंड राज्य मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी प्लांट पूरे राज्य एवं विशेष कर पलामू एवं आसपास के जिलों के किसान बंधु तथा बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। जिले में अपनी डेयरी होने से इस व्यवसाय एवं व्यवसाय से जुड़े किसानों को पहचान मिलेगी। वहीं पलामू एवं आसपास के जिलों में गव्य विकास को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी दूध क्रय के अतिरिक्त नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मार्गदर्शन में गोबर खाद प्रबंधन योजना की शुरूआत की है। वहीं एक त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के द्वारा चुने हुए गायों में अच्छे नस्ल का भ्रूण प्रत्यारोपण किया जाता है, जिसके फलस्वरुप नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिल रही है तथा राज्य के किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

झारखंड बिहार सीमा की कमान सीआरपीएफ 7वीं बटालियन संभालेगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू झारखंड-बिहार सीमा पर नक्सल अभियान में सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन कमान संभालेगी। सीआरपीएफ के एक टॉप अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि फिलहाल सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन सारंडा में तैनात है। उसकी तैनाती मध्यप्रदेश के इलाके में होनी है, लेकिन जहां उसकी तैनाती होनी है, वहां आधारभूत संरचना विकसित नहीं हुआ है। इस कारण वहां उसकी तैनाती नहीं हुई है। कुछ दिनों के लिए सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन पलामू में तैनात रहेगी। उसके बाद यह बटालियन भी चली जाएगी। दरअसल, सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू में पिछले एक दशक से भी अधिक समय से तैनात है। सरकार के निर्णय के बाद सीआरपीएफ के 134 बटालियन को सारंडा के इलाके में तैनात किया जा रहा है। सीआरपीएफ 134 बटालियन के पलामू से जाने की खबर के बाद ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। झारखंड- बिहार सीमा पर डगरा के इलाके में ग्रामीणों की एक बड़ी बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने कई बिंदु पर निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक पत्र भी लिखा है और सीआरपीएफ को नहीं हटाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ की मौजूदगी से इलाके में शांति व्यवस्था कायम थी। डबरा के ग्रामीण सीएम के पलामू दौरे के दौरान उनसे मुलाकात भी करेंगे और अपनी बात को रखेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने किया प्रतिमा का अनावरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा के जिला कार्यालय में स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण बुधवार को पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। बता दें कि श्री मरांडी पार्टी की संकल्प यात्रा के तहत पलामू पहुंचे थे। मौके पर जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, श्याम नारायण दुबे,प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी

विनय जायसवाल, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया,आनंद शंकर, योगेंद्र प्रताप सिंह,अमित सिंह, प्रफुल्ल सिंह, नरेंद्र पांडे, सोमेश सिंह, अजय तिवारी, अमित तिवारी, पूर्व महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, प्रभात भुइया, धर्मेंद्र उपाध्याय,सुनील पासवान, अरविंद गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, मिथिलेश सिंह, लवली मंजू गुप्ता, मीणा गुप्ता, पिकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रेखा देवी, रूबी सिंह सहित अन्य नेतागण एवं प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

शहर में जल जमाव के निदान की कोई ठोस व्यवस्था नहीं

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इतना ही नही नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के अन्य गली मोहल्ले की नालियां बजबजा रही है। शहर के छह मुहान चौक पर इन दिनों बारिश होने के बाद तलाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगो को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल नाली बनाने व मरम्मत करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देती है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है। शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर की समस्याएं हर साल बढ़ती जा रही हैं। शहर में जगह-जगह जलजमाव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुहल्लों में जलजमाव व नाला का पानी घरों में जमा होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इन लोगों के घरों के सामने नाला का निर्माण नहीं होने के कारण बरसात होते ही घरों में पानी घुस जा रहा है।

डेयरी प्लांट का उद्घाटन सार्थक कदम : रूचिर

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पलामू के गणके में डेयरी प्लांट का उद्घाटन को सार्थक कदम बताया है। पलामू जिला में किसानों एवं मवेशी पलकों के लिए यह आने वाला समय में वरदान साबित होगा। झारखंड के हेमंत सरकार को इस प्लांट के लिए उन्होने बधाई दी है। साथ ही बाईपास निर्माण कार्य चालू करने की मांग की है। जिससे शहर वासियों को जाम से मुक्ति मिल सके और बच्चे सही समय पर स्कूल जा सके और स्कूल से वापस घर आ सकें।

ध्यानार्थ आदिवासी महिलायें स्टेशन व बाजार में दोना-पत्तल बेचने को मजबूर

सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन नहीं

ओम प्रकाश प्रजापति

मेदिनीनगर। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि में दोने,पत्तल बना कर आदिवासी महिलायें जीवन यापन करती हैं। दुर्गम क्षेत्र में अधिकांश परिवार का एक महिलाएं पलामू में पत्तल का व्यवसाय करती आ रही ही हैं। यही इनके जीवन का सहारा है। लेकिन सरकार के द्वारा इन्हें कोई सुविधा नहीं मिलती हैं। जिले में 78 फीसदी जंगल हैं। घने जंगलों से घिरे इस जिले में अब तक कोई बड़ा उद्योग स्थापित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप जिले के सुदूर इलाकों में बसे आदिवासी समुदाय के लोगों को किसी भी तरह का रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा। ऐसे में इस समुदाय ने जंगल से ही अपने जीवनयापन का जरिया तलाश लिया है। गौरतलब है कि आदिवासी समाज आज भी उपेक्षा की जिन्दगी जीने को विवश है। जंगल में विभिन्न प्रजाति

के पेड़ों के पत्ते तोड़कर तथा उनके पत्तल तैयार कर उन्हें बाजार में बेचना, यह आदिवासियों के जीवन का अंग बन चुका है। दुर्गम क्षेत्र में प्रत्येक परिवार का एक व्यक्ति दोना व पत्तल का व्यवसाय करता रहा है। पत्ता बेचने वाली कुछ महिलाएं डरते हुए कहा कि हमरा जो किस्मत में है वहीं तो हम कर रहे हैं। अधिकांश महिलाएं जंगल से पत्ता लाकर पलामू के साथ अन्य जगहों पर बिक्री करने के लिए आती हैं। सरकारी राशन कार्ड तो इन्हें मिला हैं लेकिन घर में संख्या अधिक होने के कारण अन्य खर्च पूरे नहीं हो पाते हैं। दूसरी तरफ इन्हें अपनी मेहनत का पूरा फल नहीं मिल रहा। इस काम में खासकर आदिवासी महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इनका मानना है कि अगर शासन-प्रशासन आदिवासी महिलाओं के लिए पत्ता का कुटीर उद्योग बना दे तो इनके आजीविका के साधन बेहतर होने के साथ इनका मेहनताना भी बढ़ जाएगा।



गागर में सागर

बारिश में एक दर्जन कच्चे मकान हुए क्षतिग्रस्त, सरकारी मदद का भरोसा

भवनाथपुर। अरसली उतरी पंचायत में पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश के कारण लगभग एक दर्जन कच्चे का मकान क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में अधिकतर गरीब परिवार के लोगों के हैं। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में बबलू चौरसिया, सुरेंद्र बियार, बजरंग बियार, अवध बियार, सरजू बियार, महेंद्र बियार, गोपाल बियार, भरत विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, जयमूर्ति कुंवर पति विश्वनाथ भुंइया आदि शामिल हैं। उक्त पीड़ित परिवार ने प्रशासन से घर मरमती के साथ-साथ सरकारी आवास की भी मांग की है। घटना के बाद पंचायत के मुखिया इसरत जहां ने पंचायत का दौरा कर सभी पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलवाने के आश्वासन दिया है। इस मौके पर उप मुखिया दयानंद प्रजापति, मुखिया पति पिन्टू अंसारी व सभी वार्ड सदस्य शामिल थे।

सीएचसी में हुई मासिक समीक्षा बैठक

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षा बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास की अध्यक्षता में की गई, जिसमें सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक के द्वारा नियमित प्रतिरक्षण, मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम, मलेरिया, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आंख जांच से संबंधित, हाइड्रोसील ऑपरेशन, डीडीटी छिड़काव, कुपोषण इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी तीनों प्रखंड में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का तीसरा चक्र चलाया जाएगा, जिसमें टीकाकरण से छूटे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा एवं गर्भवती महिलाओं का एएनसी किया जाएगा। बैठक में डॉक्टर रंजन कुमार दास, डॉक्टर अभिनित विश्वास, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, अनुज कुमार, विद्यानंद प्रजापति सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

लोकपाल ने की मनरेगा योजना की जांच

रंका। रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत में ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल मनरेगा योजना की जांच करने पहुंचे। बताते चलें कि रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा गढ़वा मनरेगा लोकपाल को शिकायत मिली थी कि बाहाहारा पंचायत में मुखिया एवं बिचौलिया ठेकेदार की मिलीभगत से योजना बिना बने पैसे की निकासी कर ली गई है। बाहाहारा पंचायत मनरेगा आयुक्त ने जांच के बाद पाया कि रिता देवी का गाय शेड एवं अन्य लोगों की योजना धरातल पर है ही नहीं और पैसे की निकासी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि हम जांच कर रहे हैं। पूरी तरह से जांच कर लेने के बाद जो लोग दोषी पाए जाएंगे उन लोगों पर नियम संगत कार्यवाई की जाएगी। इधर बाहाहारा पंचायत के ग्रामीण मनरेगा लोकपाल से न्याय की आस लगाए हुए हैं कि बिना कार्य के पैसा निकासी करने वाले मुखिया एवं बिचौलिया ठेकेदार पर मनरेगा लोकपाल क्या कार्यवाई करते हैं या नहीं।

7 को मरांडी की संकल्प यात्रा बरवाडीह में

बरवाडीह। भाजपा की संकल्प यात्रा के सातवें चरण में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 7 अक्टूबर को मनिका विधान सभा के प्रखंड के हाई स्कूल मैदान परिसर में सभा का आयोजन किया जाएगा। मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बरवाडीह प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर मैदान में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पूरे जिले से भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं विशेष अभियान के तहत पूरे विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जोर-जोर से चलाते हुए अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। मौके पर जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव प्रखंड के मनोज कुमार, मनोज यादव, सुनील सिंह, दिलीप कुमार यादव विकास कुमार सिंह, पारस जयसवाल आदि मौजूद थे।

पीडीएस डीलरों ने बीडीओ सह एमओ से की समस्याओं के समाधान की मांग

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने बुधवार को बीडीओ सह एमओ गणेश महतो से मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान करने का मांग की। साथ ही जल्द प्रखंड के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित करवाने का आग्रह किया।

बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों को अपने स्तर से समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही दो-चार दिनों में जनप्रतिनिधियों के साथ करवाने की बात भी कही। डीलर रामबृक्ष शर्मा ने कहा कि सभी डीलर हर माह अनाज का वितरण करते हैं, फिर भी

एनआईसी के द्वारा पूर्व क्लोजिंग बैलेंस दिखाकर स्टॉक से अधिक राशन काटा जा रहा है। पीएमजीकेएवाई अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 तक कोरोना कल की अवधि का कमीशन बकाया है। हम सभी डीलरों को ई पॉश मशीन जब से मिली है कभी मशीन का मेंटेनेंस कंपनी ने नहीं किया। मशीन में नेटवर्क, बैटरी की खराबी आदि समस्याएं लगी रहती हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन में राशन वितरण करते समय कुछ न कुछ समस्या आ जाती है। गोदाम में शुद्ध तौलकर राशन नहीं मिलता है। जेएसएफएसएस का अनाज जो जनवरी 2023 से सितंबर 2023 तक का वितरण किया है उसका कमीशन आज तक बकाया है। डीलरों से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अवैध पैसे की मांग की जाती है।

इस दौरान फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष शिवकुमार यादव, नरेश बैठा, भगवान दत्त मेहता, जवाहिर उरांव, शंभू लाल श्रीवास्तव, अजय पासवान, इंदल पासवान, मुकेश कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, रेयासत अंसारी, नजारे आलम आदि उपस्थित थे। वहीं बीडीओ सह एमओ खरौंधी गणेश महतो ने इस संबंध में कहा कि डीलरों कार्यालय में आकार अपनी समस्याएं बताई हैं। हम अपने स्तर से उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा नेता लक्ष्मण राम को बताया विधायक शाही का तोता

झामुमो का भानू पर पलटवार

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड कार्यालय में झामुमो के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा नेता लक्ष्मण राम के झामुमो नेता ताहिर आंसारी व पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के विरुद्ध दिए बयान पर पलटवार किया है। झामुमो नेताओं ने लक्ष्मण राम को विधायक भानू प्रताप शाही का तोता बताते हुए विधायक शाही को विकास विरोधी बताया है। कहा कि विधायक शाही ने कोर्ट में याचिका डाल कर डोमनी बराज का निर्माण कार्य रुकवाया। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने कहा कि भाजपा नेता लक्ष्मण राम को अपने गिरेबान में झांककर देखने के बाद ही दूसरी पार्टी के नेताओं पर बयान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा एवं ताहिर अंसारी पर बयानबाजी करने से पहले उनको अपना चश्मा उतार कर देखना चाहिए कि वह जिस पार्टी में है वह पार्टी दलित एवं समाज विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा नेता लक्ष्मण राम संविधान को लेकर लंबी-लंबी बातें हांक रहे थे। आज वे संविधान विरोधी पार्टी की गोद में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही का तोता बनना बंद करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीब क्रांतिकारी का बेटा हैं। राज्य की हेमंत सरकार गरीबों को हित में काम कर रही है। इस सरकार में किसानों को ऋण माफी योजना, स्थानीय नीति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, आंगनबाड़ी सेविका स्थाई करना, पुरानी पेंशन योजना, अबूआ आवास, ग्रीन कार्ड, गरीब छात्र-छात्राओं को विदेश पढ़ाना, मॉडल विद्यालय आदि योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। मंत्री मिथलेश ठाकुर के प्रयास से गढ़वा जिला में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को कराया जा रहा है।

झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि लक्ष्मण राम को अपने आप को देखना चाहिए कि उनकी पार्टी में उनकी क्या हैसियत है। वह जिस समाज से आते हैं उस समाज की भाजपा कितनी हितैषी है। समाज से यह छिपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने धूरकी स्थित बालचौरा पुल के नाम पर नौ बार दाढ़ी बढ़ाई एवं छिलवाया लेकिन बालचौरा का पूल अभी तक नहीं बना। तुलसीदामर माइंस बंद कराकर मजदूरों को बेरोजगार करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों झामुमो नेताओं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पर कोई भी आरोप नहीं है। लक्ष्मण राम को अपने नेता यानि विधायक भानू प्रताप शाही पर लगे विभिन्न आरोपों को भी देखना चाहिए। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, उपप्रमुख देवदत प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद यादव, शशि पासवान, देव कुमार यादव, सत्येंद्र बैठा, राम सुभाग राम, विष्णु राम, देवबंश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

तेली समाज के लोग करेंगे भाजपा का पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी को राज्य के तेली समाज को अवसरवादी, झूठभेया और नकाबपोशी कहना पड़ेगा भारी। अन्य जिले की तरह गढ़वा जिला में भी उक्त पार्टी का पुतला दहन होगा। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन गढ़वा जिला समिति की आयोजित बैठक में समाज के लोगों ने बुधवार को यह निर्णय लिया। साथ ही कहा है कि भाजपा अगर उस बात के लिए माफी नहीं मांगती है तो राज्य के दूसरे जिले की तरह हम सभी भी संयुक्त रूप से भाजपा का पुतला दहन करने का काम करेंगे। राष्ट्रीय तेली साहू महागठबंधन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने उस बाबत बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि तेली समाज का 95 प्रतिशत वोट सिर्फ और सिर्फ भाजपा के खाते में जाता है। बावजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के द्वारा सम्मान के बजाय अपमान करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि झूठभैया, अवसरवादी और नकाबपोश जैसे अपमानजनक शब्दों ने हमारे समाज के लोगों को पूरी

संगठन की जिला समिति की आयोजित बैठक में समाज के लोगों ने यह निर्णय लिया

तरह आहत करके रख दिया है। गुमला जिला के भाजपा मीडिया प्रभारी के बयान को लेकर भाजपा अगर मामले पर माफी नहीं मांगती है तो हम सभी उक्त पार्टी के खिलाफ कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। वहीं समाज के डॉक्टर राकेश रंजन ने कहा कि आज का परिवेश पूरी तरह बदला बदला सा हो गया है।

उन्होंने कहा कि जो जिसकी खातिर मरता है या समर्पित रहता है उनके द्वारा उनकी घोर बेइज्जती की जाती है। राकेश ने कहा कि हर बार के चुनाव में तेली समाज के लोग सिर्फ भाजपा को ही वोट करने का काम करते आए हैं। उसके बाद भी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज को खुल्लम-खुल्ला अखबार के माध्यम बेज्जती करने का काम किया जा रहा है। भाजपा अगर उस बात के लिए माफी नहीं मांगती है तो दूसरे जिलों की तरह हम सभी भी संयुक्त रूप से उक्त पार्टी का पुतला दहन करेंगे।

चर्चा का विषय बना अवैध बालू लदा जब्त ट्रैक्टर

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा

अवैध बालू लदे 48 घंटे से थाना में जब्त ट्रैक्टर पर कानूनी कारवाई नहीं की गई, जिससे बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ गया है। अवैध बालू उठाव को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक के बाद भी 48 घंटे पूर्व थाना में जब्त बालू लदे एक ट्रैक्टर पर अंचलाधिकारी ने खनन विभाग गढ़वा को सिर्फ पत्राचार किया है। बालू माफियाओं की ऊंची पहुंच होने के कारण कानूनी कारवाई नहीं होने पर लोगों में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बीतो शनिवार रात्रि निरीक्षण के दौरान निकले बंशीधर नगर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बंशीधर नगर-विशुनपुरा मार्ग पर चितरी गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर विशुनपुरा थाना को सुपुर्द किया था। इसको लेकर अंचलाधिकारी को ट्रैक्टर पर कानूनी कारवाई के लिए सूचित किया गया था। लेकिन उक्त ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। मालूम हो की अंचलाधिकारी निधि रजवार ने 5 महीने पूर्व पिपरी कला बाकी नदी बालू घाट से सात ट्रैक्टर को पकड़कर थाना को सुपुर्द किया था। जबकि पिपरीकला बालू घाट वैध एवं पंचायत द्वारा निर्गत चालान होने के बावजूद भी सात ट्रैक्टरों पर अवैध बालू खनिज की चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। विविध हो कि एनजीटी के द्वारा झारखंड में बालू उत्खनन को लेकर रोक लगाई गई है। इसके बाद अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने के लिए उपायुक्त के द्वारा एक टीम गठित किया था, जिसके बाद अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर अंचलाधिकारी को कड़ी कानूनी कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई को लेकर खनन विभाग को पत्राचार किया गया है।

'गढ़वा में ऐतिहासिक होगा मरांडी का कार्यक्रम'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी किस चेतना में आयोजित कार्यक्रम की सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीब 20 हजार लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा के गढ़वा जिला प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह ओमप्रकाश केसरी पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने दी।

जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा चल रही है। पिछले दिनों पलामू में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम हुआ, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। काफी बारिश होने के बाद भी लोक प्रदेश अध्यक्ष की बातों को सुने और राज्य की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 5 अक्टूबर को गढ़वा होते हुए बंशीधर नगर जाएंगे। उसके पूर्व फरठिया मोड पर, चिरौंजिया मोड पर, मेराल, रमना में उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जतपुरा में आयोजित यज्ञ स्थल पर जाएंगे। वहां से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। बंशीधर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे, जहां 11बजे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुख्य समारोह में संबोधन होगा। उसके बाद पुनः चेतन पहुंचकर 3 बजे कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गढ़वा में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में जिस प्रकार से लूट मची हुई है। आम लोग परेशान हैं। लोगों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। प्मरांडी के समक्ष रखने के लिए, उक्त समस्याओं से रूबरू कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से जिस तरह से भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी, बबलू पटवा आदि शामिल थे।

'प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार से लोग खुश नहीं'

श्री बंशीधर नगर। श्री बंशीधर नगर में संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व सीएम सह प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी गुरुवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनकी यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि बाबू लाल मरांडी गुरुवार 10 बजे श्री बंशीधर नगर पहुंच जाएंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभास्थल पर वाटर प्रूफ मंच और टेंट लगाया गया है। पूरे शहर को झंडे और होर्डिंग्स बैनर से पाट दिया गया है। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा में जिस तरह से लोगों का समर्थन दिखाई दे रहा है वह यह साबित करता है कि प्रदेश की हेमंत सरकार से लोग खुश नहीं हैं। यह यात्रा हेमंत सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने का बिगुल है। आम जनता प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यों से त्रस्त है। जितने भी वादे किए गए थे वह 4 साल हो जाने के बाद भी पूरा नही हुआ। मौके पर भाजपा नेता मथुरा पासवान, सलीम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

धर्म-कर्म

ईश्वर की आराधना भक्ति से करनी चाहिए : जीयर

बड़ा आदमी अपनी बड़प्पन नहीं बताता

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने उद्धव जी से कहा कि मेरी चार जगह शक्ति रहेगी। मेरा स्वरूप श्रीमद्भागवत ग्रन्थ में रहेगी। मेरा स्वरूप बद्रीनारायण में रहेगी। मेरा स्वरूप मेरा जहां धाम रहेगा वहां रहेगा। मेरा स्वरूप भक्तों के हृदय में वास करेगी। मेरा स्वरूप जहां जहां मेरी कथा होगी वहां रहेगी। श्री लक्ष्मी जी के बेर के वृक्ष के रूप में छाया देने से नाम पड़ा बद्रीनारायण। बद्रीनारायण का मतलब होता है भगवान के अनेक अवतारों में भगवान एक अवतार यह हुआ कि तपस्वी जीवन जी करके भी हम

जगत का कल्याण करें। राजन्या अवतार, ऋषि का अवतार, विप्र का अवतार, मत्स्यावतार, कुर्मावतार, इस अवतार को लेकर मैने जगत का उद्धार किया। लेकिन तपस्वी का अवतार लेकर भी जगत का उद्धार करना चाहिए। ऐसा विचार कर भगवान श्रीमन्नारायण अपने ही स्वरूप से अपने स्वयं नारायण बन गए और अपने भक्त को अपने आप नर बना दिए। नर तथा नारायण दोनों जब तपस्या करने लगे तब लक्ष्मी जी हिमालय पर बेर के वृक्ष के रूप में भगवान श्रीमन्नारायण को छाया देने लगी। इस प्रकार भगवान का नाम पड़ा बद्रीनारायण। बड़ा आदमी अपने को कभी अपना बड़प्पन नहीं बताता है। बड़ा आदमी जो होता है वह अपने को कभी परिचय देकर बड़प्पन में नहीं बताता है। उसका कृतित्व, उसका व्यवहार, उसका आचरण ही समाज के लिए बड़प्पन का कारण बनता है। उसको बड़ा बनाता है। अपने से नहीं बनता है।

उपसमाहर्ता राहुल होंगे प्रखंड के नए बीडीओ

डंडई। जिले के परिक्षयमान उपसमाहर्ता राहुल कुमार सानू को प्रखंड का नया बीडियो बनाया गया है। उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उन्हें उक्त जिम्मेवारी दी गई है। प्रखंड के विकास योजनाओं पर किसी भी तरह का प्रभाव न पड़े उस बाबत उपायुक्त ने वैसे प्रखंडों के लिए जिले के पदाधिकारी को बीडीओ के रूप में प्रतिनियुक्त किया है जहां पर राज्य सरकार की ओर से बीडीओ की पोस्टिंग नहीं की गई है। जिले के पदाधिकारी को बीडीओ का प्रभार मिलने से प्रखंड को कुछ जरूर नया मिलेगा। उनका अनुभव और कार्यप्रणाली की प्रखंड वासियों को लाभ लाभ मिलना तय है।

तीन दिन से लापता शहर के 30 वर्षीय युवक का नदी से मिला शव

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

शहर के सहजिना मोहल्ला निवासी मनोज राम (30) का शव सहिजना स्थित छठ घाट नदी से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टर्मास्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि 3 अक्टूबर की शाम में घर से शौच करने के लिए गया था। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। इसके बाद उसके परिजनों ने गढ़वा थाना में आवेदन दिया।

तीन दिन बीत जाने के बाद बुधवार की सुबह नदी में नहाने एक युवक गया था। नहाने के दौरान उस युवक की नजर शव

स्वजनों ने थाना के सामने की सड़क जाम थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटा जाम घर से शौच के लिए निकला था, लौटा नहीं नदी में नहाने के दौरान युवक की पड़ी नजर

पर पड़ी। उसके बाद उक्त युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद नदी के पास लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाने को दी। इधर स्वजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आक्रोशित होकर गढ़वा थाना के सामने लगभग आधा घंटा सड़क जाम कर की। मृतक के स्वजनों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व बगल के पड़ोसी से हल्की नोकझोंक हुई थी। आशंका है कि उक्त व्यक्ति द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नीयत से नदी में फेंक दिया। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी केके साहू ने दलबल के साथ आक्रोशित लोगों को समझाबूझाकर 24 घंटा के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद उक्त आक्रोशित लोग शांत हुए। इसके बाद आवागमन सुचारु रूप से शुरू हुआ।

गागर में सागर

बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त कच्चे घर गिरने का सिलसिला जारी

कुंदा। जिले के कुंदा व आसपास के प्रखंडों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं गरीबों के कच्चे घर गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को सिक्कीदाग पंचायत के लोटवा गांव निवासी गुलाबी देवी पति स्वर्गीय बालेशर भारती व नवादा पंचायत अंतर्गत दारी निवासी अरुण रविदास का घर बारिश में धराशायी हो गया। दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति काफी खराब है, जिसके कारण अपना खुद का घर बनाने में असक्षम हैं। पीड़ित परिवारों ने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है। वहीं नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव व सिक्कीदाग मुखिया अनिता यादव ने आपदा राहत के तहत पीड़ित को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है। एक दिन पूर्व भी गरीब का घर बारिश में गिर गया था।

बुकरू रेलवे कोल साइट पर तैनात होमगार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

बालूमाथ। थाना अंतर्गत बुकरू रेल साइट पर तैनात जवान का शव पुलिस ने बरामद किया है। होमगार्ड जवान अनोज सिंह लातेहार जिला के गारु प्रखंड के कोटाम गांव का रहने वाला है। बीते दिनों की तरह ड्यूटी करके वापस स्कूल विश्राम स्थल पर सोया हुआ था जब अन्य जवानों ने देखा कि होमगार्ड अनुज सिंह बाहर नहीं निकल रहा है तो जवानों ने आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं आया तो जवानों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अनुज मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसकी सूचना गार्ड ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने होमगार्ड के जवान को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टर ने गहन जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। बता दे कि बालूमाथ के मगध संघमित्रा द्वारा संचालित कोयला साइट में होमगार्ड ड्यूटी करता था। मगध सीसीएल द्वारा रहने की व्यवस्था नहीं की गई थी। साइट के पास में स्थित वर्षो से बंद पड़े सरकारी स्कूल में वर्षों से होमगार्ड रह रहे थे। अब होमगार्ड का मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है।

पत्रकार की 103 वर्षीय दादी का निधन

चतरा। जिले के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पाठक की 103 वर्षीय दादी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को गया के विष्णुपद स्थित मोक्षदायिनी फल्गु नदी घाट पर किया गया। इसमें दिवंगत के चारों पुत्र क्रमशरू शंकर पाठक, संतन पाठक, सुरेश पाठक, बिनोद पाठक के अलावा जीतेंद्र पाठक, धर्मेंद्र पाठक, आशुतोष पाठक, मोनू पाठक, मयंक पाठक, राजेंद्र मिश्र, शशिरंजन मिश्र आदि शामिल थे। जिले के पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों आदि ने गहरी शोक व्यक्त किया है।

जमीन से संबंधित मामलों का निपटारा

प्रतापपुर। थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इसमें चार जमीनी विवाद से संबंधित मामले आए। 2 विवादों का निपटारा ऑनस्पोर्ट किया गया। शेष दो मामलों का निष्पादन जमीनी कागजातों के निरीक्षण करने एवं स्थलीय जांच के बाद अगले थाना दिवस में करने की बात कही गई। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के अलावा एएसआई वीरेंद्र तिवारी, अंचल निरीक्षक नगीना राम मौजूद थे।

करंट के संपर्क में आने से महिला की मौत

चतरा। हंटरगंज थाना क्षेत्र के सतघरवा गांव में बुधवार को बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से बंधू भुईयां की 55 वर्षिय पत्नी पनवा देवी की मौत हो गई। घर के बाहर कुछ काम के लिए पनवा देवी गई थी, तभी अचानक बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बैठक में 20 विचाराधी कैदी चिन्हित

चतरा। व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रकोष्ट में जिला व सत्र न्यायधीश राकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेई विशोष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जेल में बंद 16 श्रेणियों में 20 कैदियों को चिन्हित किया गया तथा संबंधित न्यायालय में सूचित किया गया। बैठक में डीएसपी मुख्यालय व जेलर आदि उपस्थित थे।

लातेहार जिले में सबसे अधिक 217 मिमी वर्षापात नवगठित सरयू प्रखंड में दर्ज की गयी

तीन दिन में 96.9 मिमी बारिश, नदियां उफान पर

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
जिले में पिछले तीन दिनों में ही 96.9 मिमी बारिश दर्ज की गयी है, जबकि जिले में अक्टूबर माह में औसतन बारिश 49.3 मिमी होती है। पिछले 30 सितंबर की रात से रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश हो रही है। इन तीन दिनों में सबसे अधिक वर्षापात नव गठित सरयू प्रखंड में दर्ज की गयी है। यहां तीन दिनों में 217 मिमी बारिश हुई है, जबकि सबसे कम लातेहार व बालूमाथ प्रखंडों में हुई। यहां 57 मिमी से 57.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। हालांकि किसानों का कहना है कि पानी एक महीने पहले आना चाहिए था। तब क्षेत्र में धनरोपणी अधिक होती। पिछले महीने बारिश नहीं होने के कारण धान की खेती काफी प्रभावित हुई है।

लगातार बारिश होने के कारण शहर के विभिन्न नदियों का जल स्तर ऊपर आ गया है। शहर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली औरंगा नदी में बरसात के पानी ने दोनों किनारों को छू लिया है। हालांकि नदी में पानी उफान पर अभी भी नहीं है। इसी प्रकार गला, खिखिर, गारू के सतबहनी, बरवाडीह के कोयल आदि नदियों में भी जल स्तर उपर बढ़ने लगा है। तापमान में भी काफी गिरावट आयी है। पिछले दो अक्टूबर को लातेहार का अधिकतम तापमान 30 व तीन अक्टूबर को 28 डिग्री सेल्सियस था।

जिले में सितंबर माह में भी सामान्य से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी थी। सितंबर माह में जिले में औसतन 206.7 मिमी बारिश दर्ज की जाती है, लेकिन सितंबर माह में जिले में 301.1 मिमी दर्ज की गयी। सबसे अधिक चंदवा प्रखंड 406 एवं लातेहार प्रखंड में 404.2 मिमी बारिश आंका गया, जबकि सबसे कम बारिश महुआडांड़ में 189 मिमी दर्ज की गयी है।

नेतरहाट में नहीं दिख रहा सनसेट-सनराइज का नजारा : बारिश के कारण पिछले एक सप्ताह से नेरतरहाट के सनसेट व सनरइज के नजारा का पर्यटक आनंद नहीं उठा पा रहे हैं। बावजूद इसके नेतरहाट में सैलानियों का जमावड़ा लगा है। पिछले एक और दो अक्टूबर को नेतरहाट के तकरीबन सभी होटल व लॉज फूल थे। इन दिनों नेतरहाट की वादिंया घने कोहरे की आगोश में है। लोग इसका भी एंज्वाय कर रहे हैं। घने कोहरे के बाद नेतरहाट की घाटियों में दिन भी हेडलाइट जला कर वाहन चालक चल रहे हैं। इस बारिश में महुआडांड के लोध फॉल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। काफी संख्या में लोग लोध फॉल पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार गारू के सुग्गा बांध में भी में सैलानी पहुंच रहे हैं।

लगातार बारिश होने से दो कच्चे घर गिरे, परिवार परेशान

बारियातु। प्रखंड की शिबला पंचायत के मकरा ग्राम स्थित टोला नवाडीह में दिलेश्वर गंझु, पिता जगन गंझु का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश होने के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिजनों को रहने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दिलेश्वर गंझू ने बताया कि घर में रखे खटिया, कुर्सी, बर्तन तथा खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री गिरी दीवार की मिट्टी से दबकर खराब हो गई, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। हम मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण करते हैं। गरीबी के कारण घर बना पाना संभव नहीं है। इधर बारियातु बस्ती स्थित गोविंद पासवान, पिता चूल्हन मांझी का भी मिट्टी खपरैल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित की पत्नी सबिता देवी ने बताया कि परिवार में पांच लोग हैं। घर के हालात ठीक नहीं हैं। एक रूम कर्ज लेकर बनाए हैं। दोनों पड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

लगातार हो रही बारिश से कई घर ध्वस्त, जनजीवन प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं कई घरों को नुकसान हुआ है। मंगलवार रात्रि हुई बारिश से छेंचा पठान टोला निवासी लैला बीबी, पति जरूर खान का कच्चा मकान गिर गया, जिससे परिवार पूरी तरह बेघर हो गया। बुधवार को लैला बीबी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन देकर अपने ध्वस्त मकान की मरम्मत करवाने या नया आवास निर्माण की मांग की। कहा कि वह अत्यंत निर्धन परिवार से आती है और उसका एकमात्र कच्चा मकान था जो बारिश में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इसके अलावा पूर्वी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक घरों को नुकसान हुआ है, जिनमें छिपादोहर के अनूप प्रसाद, खुरा पंचायत के बभंडीह ग्राम निवासी मंगल देव ठाकुर, सुजीत कुमार आदि शामिल हैं। मामले में बीडीओ सहाय ने प्रखंड के सभी पंचायत सेवकों एवं राजस्व कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में बारिश से घरों को हुए नुकसान का आकलन करते हुए उनकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है ताकि ऐसे लोगों को जल्द से जल्द आवास निर्माण में राहत पहुंचया जा सके।

जर्जर खंभे से बिजली आपूर्ति, घट सकती है दुर्घटना

पत्थलगड़ा। प्रखंड अंतर्गत बेलहर में जर्जर बिजली के खंभों में टंगे तारों से गांव में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली के तार को पुराने तारों में जोड़ कर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि घर के सामने गड़े खंभे और तार की स्थिति बहुत ही खराब है। यदि जर्जर हो चुके खंभों और तार को नही बदला गया तो कभी भी बड़ी घटना घाट सकती है।

25सूत्री मांगों को लेकर चल रहा आमरण अनशन तीसरे दिन खत्म

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा
25 सूत्री मांगों को लेकर गांधी जयंती से पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीणों के समर्थन में जारी धरना-प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन बुधवार को समाप्त हो गया। सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास, बीडीओ मोनी कुमारी व झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने दो दर्जन से अधिक मांगों के समर्थन में अनशन पर बैठे सिंघानी के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद व झारखंड आंदोलनकारी आदिवासी नेता भिन्सेन्ट ओड़िया को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में सभा का भी आयोजन हुआ। सिमरिया एसडीओ आंदोलन कारियों से वार्ता की व उनके 25 सूत्री मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि सभी मांगों के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया जाएगा व मांगे जल्द पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि सभी मांगें जायज हैं व संबंधित विभाग के द्वारा पूरी की जाएंगी। ईधर अनशनकारियों ने कहा कि उनकी मांगें अगर पूरी नहीं हुई तो वे पुनः 30 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठेंगे। एसडीओ दास ने कहा कि प्रखंड के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आपस में समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को पूरा करें।

वेतन भुगतान में रोक पर भामसं ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
कोल मजदूरों को 11 वें वेतन वृद्धि भुगतान में लगी रोक से तमाम मजदूर हितों की रक्षा को लेकर सक्रिय यूनियनों के संयुक्त मोर्चा में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में बनी सहमति के अनुरूप कोल मंत्रालय मजदूरों के निर्धारित वेतन भुगतान करने पर शीघ्र राजी नहीं होती है तब टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त व मगध-संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र में तीन दिवसीय जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

बकायदा इसके लिये 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को हड़ताल की रुपरेखा तय की जा चुकी है। जिसमें भामसं समेत अन्य यूनियनों का संयुक्त मोर्चा पूरी तरह से एकजुट है। निर्धारित तिथि को तमाम परियोजना क्षेत्रों में कोल उत्पादन व संप्रेषण को रोक लगा दिया जाएगा। उन्होंने कोल मंत्रालय के प्रति आरोप लगाते हुवे कहा कि मजदूरों के प्रति मंत्रालय का दोहरा चरित्र उजागर हो चुका है, इसे अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर संघ के संजय कुमार, मुकेश कुमार, आदर्श जागेश्वर आतेराम, पवन कुमार, बिनोद बिहारी पासवान समेत संयुक्त मोर्चा के अन्य लोग मौजूद थे।

5सूत्री मांग को लेकर ग्रामीण डाककर्मी ने की हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़/बरवाडीह
अपनी 5सूत्री मांग को लेकर बुधवार को महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इसकी जानकारी देते हुए चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार ने बताया कि हमारी 5सूत्री मांगों में 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ मिले, सवेतन अवकाश को 180 दिन बढांए, एसडीबीएस में जीडीएस और विभाग का योगदान बढ़ाना, 12/24/36 को प्रख्यापित करना तथा जीडीएस और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान देने की मांग शामिल है। इसे लेकर पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने मुख्य डाकघर के गेट के सामने धरना पर बैठकर नारेबाजी भी की। बुधवार को हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों में चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार, मो. सकीर अंसारी, संदीप कुमार गुप्ता, सुरजमणी देवी, मधुसूदन, सुरज कुमार, सुरेश्वर उरांव, राम कुमार, सुरज प्रताप, समीर बडाईक, ब्रजेश पांडेय, अमन कुमार, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

वहीं बरवाडीह अप डाकघर के कर्मियों अपनी मांगों को लेकर बुधवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। अतिरिक्त ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर प्रखंड के उप डाकघर में कार्यरत आधा दर्जन से अधिक डाककर्मियों सब पोस्ट ऑफिस (डाकघर) के सामने यूनियन के गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुए एकदिवसीय हड़ताल पर है। ग्रामीण डाककर्मी की मुख्य मांगों में वेतन एवं बोनस बढ़ोतरी के साथ कटा हुआ बोनस देने की मांग मुख्य रूप से शामिल थी। डाककर्मी संघ के गजेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी ग्रामीण डाककर्मी अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। अगर उनकी मांगों पर सरकार ध्यान नहीं देती है तो पुनः जोरदार तरीके से आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। अनिल कुमार सिन्हा, संदीप सिन्हा, ऋषभ राज, राजकुमार, सरजू सिंह मौजूद थे।

ट्रक दुर्घटना का शिकार चालक, उपचालक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित हिंडाल्को नर्सरी के पास लोहे का पाइप लदा दस चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे ट्रक चालक मोहम्मद नेजारूल (25), उप चालक मोहम्मद जुनैद (20) घायल हो गये। दोनों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रक जमशेदपुर से पाइप लेकर मुरादाबाद जा रहा था। हुटाप स्थित हिंडाल्को नर्सरी के पास ट्रक चालक ने अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में ही फंसा रह गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से हाइड्रा की मदद से चालक को ट्रक से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

औचक निरीक्षण | प्रधानाध्यापक को लगाई फटकार, निलंबन की अनुशंसा

विद्यालय में घटिया मध्याह्न भोजन देख बिफरे बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में चल रहे मध्याह्न भोजन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने विद्यालय में निम्न स्तर का भोजन देखकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक की जमकर फटकार लगाई।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय पहुंचे, जहां पर बच्चों को साप्ताहिक मेन्यू से हटकर परोसे जाने वाली थाली में नामात्र का चावल एवं दो-चार चना मिली हुई सब्जी दी गई थी। बच्चों की थाली में दिए जाने वाले चावल की मात्रा काफी कम थी, जिससे बच्चों का आधा पेट भी भरना मुश्किल था। वहीं सब्जी के नाम पर चना का पतला रासा बच्चों को दिया गया था, जबकि साप्ताहिक मेन्यू में चावल, दाल एवं सोयाबीन युक्त हरी सब्जी देना था। मानक के विपरीत बच्चों को कम चावल एवं निम्न स्तर की सब्जी दिए जाने पर भड़के बीड़ीओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार दास को जमकर फटकार लगाते हुए निर्धारित मेन्यू व मानक के अनुरूप पोषणयुक्त बच्चों को भोजन देने का निर्देश दिया ताकि बच्चों का उचित विकास हो सके। इस संबंध में बीडीओ ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मोबाइल वार्ता कर विद्यालय की प्रधानाध्यापक के मनमानी की शिकायत करते हुए तत्काल उसकी निलंबन की अनुशंसा की।

सहाय ने कहा कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे गरीब बच्चों को एक समय भरपेट भोजन मिलता है उसे भी छीना जा रहा है। बच्चों का निवाला भी छीनना एक जगह जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा कि जांच में बच्चों की थाली में नामात्र का चावल एवं दो चार चना ही दिखाई दे रहा था, जो पूर्णरूप से भ्रष्टाचार का पूर्ण द्योतक है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के निलंबन एवं खाना बनाने वाले रसोइया को भी तत्काल बदले जाने की बात कही।

गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास कार्यालय के द्वारा बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम नीत निखिल सुरीन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, सीओ संतोष बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो, सीआई गौतम कुमार लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पांच गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं हेल्दी बेबी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

अन्नप्राशन योजना के तहत पांच बच्चों को खीर खिलाकर मुंह जुठ्ठी कराई गई तथा हल्दी बेबी शो का भी आयोजन कर तीन बच्चों को खिलौना देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर, श्वेता कुमारी आदि मौजूद थे। वहीं मॉडल ऑगनबाड़ी केंद्र ढ़ोड़ीटोली चटकपुर में भी शिविर का आयोजन कर दो गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई। बच्ची को पोषण परी बनाकर लोगों को कुपोषण से बचाव के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ऑगनबाड़ी सेविका पुनम देवी, आशा तिग्गा, रूबी कुजूर, इलिजाबेद गिद्ध, सुनीता देवी, एएनएम उमा देवी आदि मौजूद थे।

वहीं चैनपुर- 2, अक्सी मुण्डा टोली, छगराही, चटकपुर ढ़ोड़ीटोली, असनारी, सुग्गी, भेड़ीगंझार, पुटरूंगी, कुरोकला, केवंरकी केनाटोली, माईल एवं बटुआटोली आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाया गया।

गागर में सागर

सेन्हा और कुडू से एक-एक अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज

लोहरदगा। खनिज और बालू के अवैध दोहन और परिवहन को नियंत्रित करने को लेकर बुधवार अहले सुबह पुलिस व खनन विभाग ने औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान कुडू थाना क्षेत्र में डीएमओ राजाराम प्रसाद और थानेदार विश्वजीत सिंह के द्वारा की गई निरीक्षण में अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया गया। कुडू थाना में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। सेन्हा थाना क्षेत्र में सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार और डीएमओ राजाराम प्रसाद द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान डाडु मादा डहर घाट से अवैध बालू निकालकर जा रहे ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया। इस संदर्भ में सेन्हा थाना में खनन अधिनियम को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि नदी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए लागू एनजीटी के उल्लंघन को लेकर अब तक दर्जनों व्यावसायिक वाहन जब्त किए गए हैं। बड़ी संख्या में अवैध खनिज और बालू के खनन व परिवहन के मामले में दर्जनों प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय विभिन्न नदी घाट के आसपास बालू माफियाओं द्वारा अवैध डंप बालू जब्त कर उनकी विधिवत नीलामी की गई है।

भंडरा के एलबीएस सभागार में आयोजित गुरु गोष्ठी का समापन

भंडरा। भंडरा के एलबीएस सभागार में चार अक्टूबर को गुरुगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिले से आये फील्ड मैनेजर आकाश गुप्ता व तरुण कुमार ने वयस्क निरक्षरता पर चर्चा करते हुए बताया कि गैर साक्षरों को सशक्त बनाने के उदेश्य से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत सर्वप्रथम सर्वेयर का चयन किया जाना है। बैठक में सर्वेयर चयन प्रक्रिया की जानकारी शिक्षकों को दी गई। साथ ही अंग्रेजी साक्षरता के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। एकाउंटेंट अनिल सिंह ने पीएफएमएस की जानकारी देते हुए विद्यालय विकास मद की राशि यथाशीघ्र खर्च करने को कहा। इसके अलावे प्रयास, रेल प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट, एसडीएमआईएस आदि विषयों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की जानकारी दी गई। इस दौरान बीपीओ रामविजय खलखो, सभी बीआरपी सीआरपी सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

हजारों लोगों ने शंख नदी के पास शौर्य यात्रा रथ का किया भव्य स्वागत

लोहरदगा। अयोध्या से पहुंचे शौर्य यात्रा रथ का शंख नदी के पास जय श्रीराम समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में पहुंचे हजारों युवा का जोश पानी आने के बावजूद प्रभु राम के प्रति देखने को बन रही थी। जय श्रीराम,जय हनुमान, सरना माता की जय, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। इस दौरान रथ में पुष्प वर्षा की गई तह पश्चात पूरे नगर का भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम समिति के प्रयास से सरना सनातन एकता की झलक देखने को मिली। जिसमें आदिवासी संस्कृति के अनुसार पूरे मंडली के महिलाओं और बच्चों ने मंदार और घंट पर जमकर झूमा, शौर्य यात्रा रथ आने पर अपनी आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा की। रथ का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जय श्री राम समिति के जिला, नगर एवं प्रखंड, पंचायत के हजारों महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

उत्कृष्ट विद्यालय में सीबीएसई की तर्ज पर हो रहा है पठन-पाठन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा जिले के तीन सरकारी विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की श्रेणी में रखा गया है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा हुआ है। इसमें सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिंदू,लोहरदगा, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा, लोहरदगा, सीएम उत्कृष्ट केजीबीवी, लोहरदगा हैं। जहां इन विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया गया है। जो क्लास 6 से 12 तक वर्तमान में संचालित है।

उक्त सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आईआईएम से सीबीएसई कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है। जहां झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विभाग निरंतर जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा के माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। इसी ध्येय को लक्ष्य के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। शिक्षा की दिशा में विभाग ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। जो जिले के हरेक पंचायत तक जाएगी। इसमें सबसे अहम भूमिका उपायुक्त, लोहरदगा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग और शिक्षकों की है। उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उक्त विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन सहित शिक्षकों की कोशिश तथा स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के डेडीकेशन से उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना साकार की गई है। उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना कोरोना संक्रमण दौर के समय मुख्यमंत्री झारखण्ड के नेतृत्व में की गई थी। विभाग बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से जिला में 03 उत्कृष्ट विद्यालय की शुरूआत की गई है। जहां बेहतर शिक्षा व्यवस्था तीन मानकों पर आधारित है। सही, उत्कृष्ट तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा। उत्कृष्ट विद्यालयों में सुलभ प्रक्रिया, उत्कृष्टता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है। जो सीबीएसई के तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम से दी जा रही है। ऐसा देखा जाता है कि निजी विद्यालयों में गुणवत्ता अच्छी होती है परंतु वहां सस्ती और सुलभ व्यवस्थाएं नहीं है। मुख्यमंत्री, विभाग के सचिव महोदय एवं उपायुक्त महोदय लोहरदगा की दिशा निर्देश के फलस्वरुप इस भ्रम का शीघ्र ही खंडन होगा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सिर्फ निजी विद्यालय एवं भारी रकम खर्च करने करना ही एकमात्र रास्ता है। इन विद्यालयों के साथ धीरे-धीरे शिक्षक अधिगम के नए आयाम खुलकर सामने आएंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में इन तीनों मानकों पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जिले के सभी वर्ग-समुदाय के अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके। सभी उत्कृष्ट विद्यालय स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब,विज्ञान लैब, पुस्तकालय, आधुनिक प्रयोगशाला, व्यावसायिक शिक्षा, मार्शल आर्ट (कराटे, ताइक्वांडो), बैंड समूह आदि की शिक्षा और शिक्षकेत्तर गतिविधियों से विद्यालय आच्छादित है। उक्त विद्यालय स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान लैब, पुस्तकालय, प्रयोग शाला,व्यावसायिक शिक्षा, मार्शल आर्ट (कराटे, ताइक्वांडो), बैंड समूह आदि की शिक्षा और शिक्षकेत्तर गतिविधियों से आच्छादित है। जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश हो रही है। पढ़ाई में पैसा बाधा न बने, इस निमित्त जिले के 03 विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बनाया गया है। जहां कई योजनाएं संचालित हो रही हैं जो शिक्षा एक महत्वपूर्ण शस्त्र है। उक्त विद्यालय में सीबीएसई के तर्ज पर पठन पाठन हो रहा है।

जिलेवासियों ने जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की शहादत को सलाम किया, एसपी बोले

नक्सलवाद के खिलाफ जीत चुके हैं लड़ाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

4 अक्टूबर 2000 को लोहरदगा के पेशरार में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद जिले के जांबाज पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह को लोहरदगा वासियों ने नमन किया। शहीद पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शहर के बरवाटोली स्थित अजय उद्यान में जिलेवासियों ने शहीद एसपी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों और जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी के बाद तमाम लोगों ने पुष्प अर्पित किया। चार अक्टूबर 2000 को लोहरदगा के तत्कालीन एसपी अजय कुमार सिंह नक्सलियों से लोहा लेते हुए पेशरार में शहीद हो गए थे। जांबाज, मिलनसार और मृदुभाषी शहीद एसपी अजय कुमार सिंह आज भी लोहरदगा जिलावासियों के दिलों में बसे हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद के अधूरे सपने को पूरा करने को लेकर अपनी सहभागिता निभाने पर बल दिया। सबने अजय उद्यान में स्थापित शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि यह अजय उद्यान शहीद अजय कुमार सिंह की यादगार में समर्पित है। आज हम उनकी स्मृति को नमन करते हैं। उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता को याद करते हैं। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि शहीद एसपी अजय सिंह के बलिदान को सार्थक करने के लिए पुलिस ने जो संकल्प लिया था, उसमें सफल रही है। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत हद तक जीती जा चुकी है। यह लोहरदगा के लोगों की जीत है। आने वाले दिनों में अजय उद्यान पार्क की सुन्दरता और भी ज्यादा बढ़ जायेगा। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां, डीडीसी जयज्योति सामंता, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, रामाश्रय प्रसाद सिंह, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, रैफ उप कमांडेंट गौतम मित्रा, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, चन्द्रशेखर अग्रवाल, सभी प्रंखडों के थाना प्रभारी, जिले के प्रबुद्धगणा मौजूद थे।

उग्रवादियों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी अजय सिंह ने

बिहार के पहले आईपीएस थे जो वर्दी में शहीद हुए : 4 अक्टूबर 2000 को माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर नाम के आतंकवादी ग्रुप ने जिले के पेशरार गांव में अजय को गोली मार दी थी। 1995 बैच के आईपीएस अजय अपने बेखौफ तेवरों के लिए मशहूर थे और वह बिहार के पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी थे, जो वर्दी में नक्सलवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए।

अजय सिंह की याद में बना अजय उद्यान ट्रस्ट : शहीद अजय कुमार सिंह की याद में लोहरदगा जिला प्रशासन एवं उत्साही नागरिकों के सहयोग से 23 सितंबर 2004 को तत्कालीन उपायुक्त आराधना पटनायक के संरक्षकत्व तथा पुलिस अधीक्षक अब्दुल गनी मीर की अध्यक्षता में शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट, लोहरदगा का गठन किया गया, जिसका पंजीकरण 22 सितंबर 2005 को किया गया। यह ट्रस्ट स्मारक मात्र नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एवं सामाजिक जीवन का सर्वांगीन विकास है। इसके अंतर्गत निर्धनों की सहायता, शिक्षा का विकास, नारी सशक्तिकरण, चिकित्सा संबंधी राहत, आत्मनिर्भरता में सहयोग, शांति, भाईचारा एवं सृजनात्मक गतिविधियों में योगदान, विद्यार्थियों को छात्रवृति एवं पुरस्कार, पुस्तकालय की स्थापना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, बुढ़े-बुजूर्गों के लिए वृद्धा भवन, उद्यमियों के लिए वित्तीय कोष की स्थापना जैसे कार्यक्रम सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त जनकल्याण की अन्य गतिविधियां भी इस ट्रस्ट के परिधि के अंतर्गत हैं।

फायरिंग की खबर सुनकर गए थे पेशरार : पेशरार गांव तीन जिलों की सीमा पर स्थित है लोहरदग्गा, गुमला और पलामू। ये तीनों ही जिले नक्सलियों के बहुत अधिक प्रभाव में माने जाते हैं। यहां पर उस समय माओवादियों ने गांव वालों को डराने के लिए खुलेआम दिनदहाड़े पुलिस पर फायरिंग की थी। इसी बात को ध्यान में रखकर अजय ने गांव का दौरा करने का फैसला किया। वह अपने ऑफिस से जिप्सी पर सवार होकर निकले। उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड के अलावा बिहार मिलिट्री पुलिस के चार जवान थे। गांव के पास पहुंचकर उन्होंने एक ढाबे पर गाड़ी रुकवाई और उस जगह के बारे में जानकारी हासिल की, जहां फायरिंग हुई थी। गाड़ी कुछ आगे पहाड़ियों की तरफ बढ़ी ही थी कि जोरदार धमाका हुआ। अजय के साथ जिप्सी पर सवार एक पुलिसकर्मी बंधन उरांव ने उस वक्त मीडिया को बताया था कि धमाका सुनते ही हमने पोजीशन ले ली। हम फायरिंग शुरू कर पाते उससे पहले ही एक गोली साहब की खोपड़ी चीरते हुए निकल गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, बाल-बाल बचे लोग

कुडू। कुडू-रांची मुख्य राजमार्ग 75 कुडू थाना क्षेत्र के नावाटोली गांव के समीप एक अठारह चक्का मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर मे जा घुसा। इस हादसे में घर की चारदीवारी और मुख्य द्वार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में घर का कोई भी सदस्य हताहत नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि हुरहद गांव निवासी बालकु उरांव नावाटोली में घर बनाकर उसमें सरना हैंडलूम नामक प्रतिष्ठान संचालित करते हैं। बुधवार देर रात चाईबासा से छड़ लादकर मेदिनीनगर जा रहा अठारह चक्का ट्रक निबंधन संख्या एनएल01के 7202 अनियंत्रित होकर चारदीवारी में जा घुसा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बत्तख चूजा का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

प्रमुख ने कहा, सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत सारी योजना चला रही है

पशुपालन कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बत्तख चूजा का वितरण किया गया। इस दौरान जमगाई, भौरों एवं आकाशी के महिला लाभुकों को 15 -15 बत्तख चूजा दिया गया। इस मौके पर प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत सारी योजना चला रही है इसका लाभ सभी किसान भाइयों को लेना चाहिए। सरकार योजना चलाकर किसानों को आर्थिक रूप मजबूत बनाने के लिए प्रयास कर रही है। मौके पर बीएचओ मनोज कुमार एवं लाभुक किसान उपस्थित थे।

कैरो में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, मकान ढहा

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते कई दिनों से हो रहे रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से प्रखंड क्षेत्र की सड़कों पर जलजमाव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया है। इधर क्षेत्र में कई कच्चे मकान भी मूसलाधार बारिश से धराशायी हो गए। बुधवार रात्रि ख्वास अम्बवा निवासी हौडी उरांव का घर गिर गया। उन्होंने बताया कि रात्रि में हमलोग सोये हुए हुए थे तभी मूसलाधार बारिश होने लगी तो हमलोग उठकर बैठ गए। तभी अचानक से भरभराकर दीवार गिर गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन आर्थिक क्षति तो काफी हुई है। हम गरीब के सामने तो खाने-पीने व्यवस्था नहीं है, फिर हमलोग घर कहां से बना पाएंगे। जिन लोगों के मकान गिरे है वो पहले से ही काफी लाचार है।

लगातार बारिश से कई मकान गिरे

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगतार रुक-रुक कर हो बारिश के कारण सेन्हा सहित विभिन्न गांवों में कच्चा मकान गिर गया। अलौदी पंचायत एवं सेन्हा पंचायत ग्राम में कच्चा खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। सेन्हा पंचायत ग्राम स्थित महबुल अंसारी का कच्चा खपरैल मकान का दीवार का कुछ हिस्सा गिर गया है, जबकि अलौदी पंचायत के चंदवा गढ़गांव में अहले सुबह मकान गिरने से गरीब परिवार बाल-बाल बचा। घटना के समय सीताराम मुंडा के पुत्र रवि मुंडा अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। अचानक घर गिरने की आवाज सुन जान बचा कर परिवार के सदस्य भागने में सफल रहे, जिस कारण बड़ी दुर्घटना टल गई। साथ ही गढ़गांव में ही स्व बहादुर मुंडा के पुत्र सूरजदेव मुंडा का मकान पूर्ण रूप से गिर कर हो गया। वहीं मकान गिरने से घरेलू सामग्री नष्ट होने की भी बात बताई जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार तोड़ार पंचायत के बाजार डांडू महूरांग टोली निवासी स्वर्गीय शिव नायक के पुत्र लीलाधर नायक का कच्चा मकान गिर गया। ड़ित परिवारों ने बीडीओ से सरकारी सहायता की गुहार लगाई है। बीडीओ ने कहा कि आपदा राहत के तहत पीड़ित परिवार को हर संभव नियम संगत मदद की जाएगी।

नेशनल वालीबॉल प्रतियोगिता | टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने किया उम्दा प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के चांपा में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 34वां अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्षेत्र स्तर पर अंडर-19 कैटेगरी में चैंपियन होने के बाद बिहार (उत्तर पूर्व) क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में गई।

सेमी फाइनल से पूर्व चार अलग-अलग क्षेत्र की टीमों के साथ स्पर्धा की श्रृंखला में पहले मुकाबले में पश्चिम उत्तर प्रदेश से पराजय का सामना करना पड़ा। किंतु इसके बाद टीम ने दक्षिण क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र को लगातार पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बुधवार को हुए सेमीफाइनल में दक्षिण मध्य क्षेत्र की टीम के साथ भिड़ंत में कड़े मुकाबले में प्रथम सेट में 22-25 और द्वितीय सेट में 21-25 से पराजय का सामना हुआ। इसके बाद तीसरे स्थान के लिए मुकाबले में पूर्वी उत्तर प्रदेश को 16-14 से पराजित कर पूरी प्रतियोगिता में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। समापन समारोह में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और विद्या भारती के राष्ट्रीय खेल संयोजक मुखतेज सिंह बदेशा ने अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान कर टीम को सम्मानित किया। टीम 5 अक्टूबर को वापस लौटेगी। टीम में कप्तान सुजल बाखला, पुनीत उरांव, हरीश उराव, चरणजीत उरांव, निशित उरांव, रेहान फजल, जितेश उरांव, रोशन कुमार रवि, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत एवं अजीत भगत और टीम मैनेजर के रूप में आचार्य रितेश कुमार पाठक शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थित दर्ज करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रबंधकारिणी समिति और विद्यालय परिवार ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

संकल्प सप्ताह में निर्धारित कार्यक्रमानुसार बुधवार को दूसरे दिन समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से आकांक्षी प्रखंड किस्को के पाखर पंचायत के हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबकी आकांक्षाएं सबका विकास कार्यक्रम के तहत पोषण मेला कार्यक्रम विशेष रूप से सुपोषित परिवार के लिए आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को काम करना है। यह कार्यक्रम किस्को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा प्रतियोगिता के विजेता माता को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मेला में पौष्टिक आहारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। साथ ही गोद भराई एवं अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। किशोरी बालिका द्वारा पत्तेदार सब्जियों की फैंसी ड्रेस परिधान का शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, कृषि विभाग से परियोजना निदेशक, आत्मा से दिनेश चंद्र, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीपीएम नाजिश अख्तर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, गैर सरकारी संस्था सी 3 के प्रतिनिधि, स्वाति कुमारी पिरामल फाऊंडेशन एवं पाखर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम हुटाप के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

एलआईसी, मारुति और बजाज को नोटिस, इनकम टैक्स ने लगाया जुर्माना



एजेंसी। नई दिल्ली

देश की तीन दिग्गज कंपनी मारुति सुजुकी, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज आलियांज को अलग-अलग कारणों से इनकम टैक्स और जीएसटी अथॉरिटी से नोटिस मिला है। दिग्गज कार कंपनी मारुति सुजुकी को इनकम टैक्स अथॉरिटी से 2159.70 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट असेसमेंट ऑर्डर प्राप्त हुआ है। वहीं, इसके अलावा बजाज आलियांज को 1010 करोड़ का जीएसटी डिमांड नोटिस मिला है। भारतीय जीवन बीमा निगम को तीन आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग से 84 करोड़ रुपए जुर्माने का नोटिस मिला है। एलआईसी ने इस आदेश के खिलाफ अपील करने का फैसला किया है। एलआईसी ने कहा कि आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2012-13 के लिए उस पर 12.61 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं, आकलन वर्ष 2018-19 के लिए 33.82 करोड़ रुपए और 2019-20 के लिए 37.58 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। छक्ठ पर यह जुर्माना आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 271 (1) (सी) और 270ए के तहत लगाया गया है। आयकर विभाग ने एलआईसी को यह नोटिस 29 सितंबर, 2023 को भेजा है। छक्ठ का गठन 1956 में पांच करोड़ रुपए की शुरूआती पूंजी के साथ किया गया था।

जल्द 100 डॉलर पहुंचेगा कच्चा तेल

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के प्रमुख तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक (डढएउ) के प्रमुख ने एक चेतावनी दी है। ओपेक के महासचिव हैथम अल घैस ने बताया कि ऑयल इंडस्ट्री में इन्वेस्टमेंट की कमी आ रही है, जो ग्लोबल एनर्जी सिक्योरिटी के लिए एक खतरा है। इससे कच्चे तेल की कीमतें जल्द ही 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अबू धाबी में एडीपीईसी एनर्जी समिट में घैस ने कहा कि अब से 2045 के बीच ऑयल इंडस्ट्री में कम से कम 12 ट्रिलियन डॉलर का कुल निवेश आवश्यक है ताकि ऊर्जा की कीमतों में उछाल को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑयल सेक्टर में कम निवेश खतरनाक है। उन्होंने कहा, 'कम निवेश करके हम वास्तव में ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मुझे लगता है कि मांग बढ़ने के साथ कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ने की गंभीर संभावनाएं हैं। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड ऑयल जून के मध्य के निचले स्तर से 29% बढ़ गया है। यह पिछले नवंबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर के करीब कारोबार करता दिख रहा है। बुधवार को यह 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर ट्रेड करता दिखा। मुख्य रूप से सऊदी अरब और रूस द्वारा उत्पादन में कटौती को बढ़ाने के चलते दाम ऊपर जा रहे हैं। जब घैस से पूछा गया कि क्या कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगी। तो उन्होंने कहा, 'ओपेक कीमतों का पूवार्नुमान नहीं करता है, लेकिन इस संख्या को जन्म दे सकने वाले कारक कुछ समय से मौजूद हैं(और बने हुए हैं।

अपने ही जाल में फंसी चीन की परमाणु पनडुब्बी

पीले सागर में डूबने से 55 चीनी नौसैनिकों की हुई मौत

एजेंसी। ब्रिटेन

पीले सागर में ब्रिटिश व अमेरिकी जहाजों को फंसाने के इरादे से गई चीन की एक और परमाणु पनडु?बी हादसे का शिकार हो गई है। जानकारी के अनुसार हादसे में पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के 55 नौसैनिकों की मौत की आशंका हैं। ब्रिटिश अखबार डेली मेल के अनुसार परमाणु पनडुब्बी परमाणु पनडुब्बी पीले सागर में ब्रिटिश और अमेरिकी जहाजों को फंसाने के इरादे से बनाई गई थी मगर वह खुद अपनी ही जाल में फंस गई।। कुछ दिनों पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ था। अभी तक चीन की तरफ से दोनों ही हादसों पर चुप्पी साधी रखी गई है। ब्रिटेन की एक खुफिया रिपोर्ट के अनुसार नौसैनिकों की मौत पनडुब्बी के ऑक्सीजन सिस्टम फेल होने के कारण हुई। इस वजह से क्रू जहर का शिकार हो गया। मृतकों में चीनी पीएलए नौसेना की पनडुब्बी '093-417' का कैप्टन और 21 और अधिकारी भी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।

(लापता फूला देवी उम्र–18 वर्ष)

मेराल थाना सनहा सं0–17/2023 दिनांक–28.09.2023 में लापता महिला फूला देवी, उम्र करीब–18 वर्ष, पति अंकुश चौधरी सा0–करकोमा (टोला चतरी) थाना–मेराल, जिला की रहने वाले हैं। जो बिना बताये कहि चली गयी है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता फुला देवी, उम्र करीब–18 वर्ष, पति–अंकुश चौधरी, सा0–करकोमा (टोला चतरी) थाना–मेराल, जिला–गढवा का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– फुला देवी, ग्राम–करकोमा(टोला–चतरी),
रंग–हल्का सावला,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 308289 (Police) 23-24 (D)

ब्रिटेन जाना हुआ और महंगा यात्रियों और छात्रों के लिए वीजा फीस में हुई बढ़ोत्तरी

लंदन। ब्रिटेन की सरकार द्वारा घोषित प्रस्तावित वीजा शुल्क वृद्धि बुधवार से प्रभावी हो जाएगी, जब भारतीयों सहित दुनिया भर के यात्रियों के लिए छह महीने से कम की यात्रा वीजा की कीमत 15 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड अधिक जबकि छात्र वीजा की कीमत 127 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड अधिक होगी। पिछले महीने संसद में प्रस्तावित कानून पेश किए जाने के बाद, ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि बदलावों का मतलब है कि छह महीने से कम समय के लिए यात्रा वीजा की लागत बढ़कर 115 जीबीपी हो जाएगी।

जिला खनन कार्यालय,पलामू,मेदिनीनगर

खनिज परिवहन वाहनों में GPS लगाने की अनिवार्यता के संबंध में सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिला अंर्तगत खनिज परिवहन में संबंधित सभी वाहनधारक/खनन पटटेधारी, खनिज अनुज्ञप्तिधारियों, खनिज परिवहनकर्ता एवं खनिज व्यवसायियों को यह निदेश दिया जाता है कि "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining,Transportation and Storage) Rule,2017 के नियम 5(ii) के अनुसार खनिज परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Device लगाये जाने की अनिवार्यता है। अतः सभी खनिज ढुलाई वाहनों पर अगले तीन माह के अंदर MoRTh द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 Certification युक्त GPS Vehicle Tracking Device (VTD) को Install किया जाय। Vendor द्वारा उपकरण की e-SIM Validity, गुणवता एवं Warranty को भी बनाया रखा जाय, साथ ही GPS VTD Devices को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से Integrate किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर

PR 308254 District(23-24).D

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

आम सूचना

NH-75 (Section-III) कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196. 870 (शंखा) तक 4 लेन पथ निर्माण परियोजना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि अर्जन वाद में आपको हितबद्ध व्यक्ति समझा गया है। अंचल द्वारा LPC प्राप्त है परन्तु आपके द्वारा अधिग्रहित भूमि से संबंधित कागजात जैसे :– बंध पत्र, शपथ पत्र, निबंधित केवाला, अद्यतन लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बंटवारा/आपसी सहमति, पासपोर्ट आकार का दो फोटोग्राफ एवं वंशावली अंचल द्वारा निर्गत दस्तावेज आपके द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आप सबों को सूचित किया गया था। परन्तु आज तक आपके द्वारा संबंधित कागजात कार्यालय को जमा नहीं किया गया है, जिसके कारण मुआवजा भुगतान करने में कठिनाई हो रही है।

अतः आप अपना मुआवजा भुगतान लेने हेतु अधिग्रहित भूमि से संबंधित उपरोक्त वैध दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06.10.2023 तक जमा करें, अन्यथा मुआवजा भुगतान हेतु कोई दस्तावेज निर्धारित तिथि पर प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह समझा जाएगा की आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और वाध्य होकर मुआवजा की सम्पूर्ण राशि को (L.A Court) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकार मेदिनीनगर, पलामू के न्यायालय में जमा कर दी जायेगी।

अधिग्रहित भूमि की विवरणी
अंचल–सदर मेदिनीनगर।

क्र0 सं0	रैयत का नाम	ग्राम का नाम	खाता नं0	सर्वे प्लॉट नं0	रकबा (ए0) में
1.	1. नरेन्द्र कु0 सिंह वो 2. बिरेन्द्र कु0 सिंह पिता स्व0 रामजन्म सिंह	बैरिया–229	2	28	0.0793
	तदैव		7	33	0.2933
	तदैव		6	28/113	0.1000
	तदैव		7	29	0.1266
	तदैव		2	30	0.0600
	तदैव		1	31	0.1600
2.	लोकनाथ तिवारी व रंगनाथ तिवारी पि0 स्व0 बिहारी तिवारी, राजदेव तिवारी व मालदेव तिवारी पि0 रंगनाथ तिवारी, प्रभावती कुंवर पति स्व0 लोकनाथ तिवारी, हरिहर नाथ तिवारी, मुरारी तिवारी, रामलाल तिवारी, ब्रजकिशोर तिवारी, रामलाल तिवारी पिता स्व0 कामेश्वर तिवारी, अशोक ति0 पि0 स्व0 शोभनाथ तिवारी गुणवती कुंवर पति स्व0 विजय नाथ तिवारी	भोगू	2	10/1	0.0436
	तदैव		2	10/2	0.1285
	तदैव		2	10/3	0.1305
	तदैव		2	10/4	0.0050
	तदैव		82	17/2	0.0316
	तदैव			14/1	0.0278
	तदैव			14/2	0.0316
3.	रामनाथ यादव वो कृष्णा यादव वो वृजमाहन यादव वो लालमोहन यादव, अशर्फी यादव, अमरनाथ यादव, छोटेलाल यादव पि0 स्व0 कोदू यादव, पारसनाथ यादव वो नान्हू यादव, अमरेश यादव वो शर्मा यादव पि0 स्व0 रजु यादव	भोगू	5	22/1	0.0655
	तदैव		22	13/1	0.0740
	तदैव		22	13/4	0.0231
4.	लीलावती देवी पति इन्द्रदेव शर्मा	चियांकी	1	989/P	0.0300
	तदैव		1	989/P	0.0200
5.	ओम प्रकाश सिन्हा, वो धनंजय कु0 सिन्हा, पिता स्व0 विजय कु0 सिन्हा वो श्यामदेव चरण वो अरूण कुमार सिन्हा पिता स्व0 मदन मोहन प्रसाद	चियांकी	2	1392/P	0.0200
6.	मुकेश वो राकेश पि0 परसुराम साव	चियांकी	149	1565/P	0.0300
7.	ब्रहमदेव सिंह पि0 रामलगन सिंह, वसु सिंह, विजय सिंह, हरिहर सिंह, हुकुम सिंह पि0 तपेश्वर सिंह, लालजी सिंह, राजा सिंह, राजेश्वर सिंह, मदन सिंहं, कमलेश सिंह पि0 प्रगास सिंह, सुर्यदेव सिंह पि0 चतुरगुन सिंह, रामसेवक सिंह पि0 विशुनदेव सिंह, अजीत सिंह वगै0 पि0 राजेश्वर सिंह, मुसनी देवी पि0 किशुन सिंह, जगदीश सिंह पि0 कईल सिंह, सोमारु सिंह, शंकर सिंह, नारायण सिंह पि0 विगन सिंह, नन्दु सिंह, सुदेश्वर सिंह पि0 संतावन सिंह वगैरह	चियांकी	79	1946/P	0.4002
	तदैव		79	1531	0.0042
	तदैव		79	1532	0.0212
	तदैव		79	1533/P	0.1247
	तदैव		79	235	0.1690
	तदैव		79	234	0.4739
8.	सुमित्रा देवी, पति मोहन साव	चियांकी	137	574/P	0.0375
9.	रुबी अग्रवाल पि0 प्रमोद अग्रवाल	चियांकी	40	1938/P	0.2200
10.	प्रज्ञा अविक्षा पति सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल	चियांकी	40	1938/P	0.2200
11.	शिव शंकर उरांव, जयलाल उरांव, बाबुलाल उरांव माता जगीया कुंवर, काशीनाथ उरांव पि0 पुनाई उरांव, दिलीप कु0 मिंज, संतोष मिंज, सुरेन्द्र मिंज पि0 रामेश्वर उरांव, सुभाष मिंज पि0 जयहिन्द मिंज, राकेश उरांव, राम मिंज पि0 जैसर उरांव, अमन उरांव, रविन्द्र उरांव, सकीन्द्र उरांव पि0 जागेश्वर उरांव, भागेश्वर उरांव, नागेश्वर उरांव पि0 सोमर उरांव	चियांकी	61	1369	0.0822
	तदैव		101	247	0.4363
	तदैव		61	253	0.5329
12.	वर्षा साहु पति सुजीत साहु।	हिसरा उर्फ पोखराहा	4	343/2	0.2300
13.	मिरिगदेव चौधरी गिरिवर चौधरी, बागेश्वर चौधरी पिता जुगन चौधरी	हिसरा उर्फ पोखराहा	21	349/6	0.0507
14.	कमेश सिंह, रमेश सिंह, प्रवेश, जीत वाहन सिंह पि0 सोंहन सिंह व जीतेन्द्र सिंह पि0 स्व0 बसंत सिंह व हुलास सिंह, बबन सिंह, संतोष सिंह, संजु सिंह पि0 राजु सिंह व नागेन्द्र सिंह पि0 राजेश सिंह, बब्लु, छोटु, पप्पू पि0 सरजु सिंह व प्रवीण सिंह, आशीष सिंह पि0 बिरजु सिंह व उपेन्द्र सिंह, सुजीत सिंह पि0 रामकेश्वर सिंह	जोरकट	94	548/P	0.1487
15.	मानमति देवी पति शिवशंकर सिंह	जोरकट	55	372/P	0.0750
16.	कविता सिंह पति प्रभात कुमार सिंह	कसिया	16	152 P	0.1321
17.	सुजीत कुमार साहु पिता श्री महिन्द्र प्रसाद	कसिया	21	203	0.2072
18.	मटुकधारी पाल व रामऔतार पाल पि0 टिपु पाल, जितु पाल व भगत पाल व सुदामा पाल पे0 जीवनाराण पाल, राजदेव पाल व महेन्द्र पाल पे0 गुडन पाल, कुलदीप पाल व राजमनी पाल व रामसागर पाल पे0 मंगर पाल, अमरनाथ पाल व सूरज पाल व राकेश पाल व विकेश पाल पे0 जगदीश पाल 2. तपेश्वर पाल व रामवेलास पाल पे0 रघु पाल	कसिया	25	163 P	0.0593
19.	मुरारी वो संतोष राम पिता रामसुरत वो विरजु वो मंगल, रविन्द्र, विनोद मनोज राम पिता रामधनी राम वो रंजन राम पिता रामजी राम वो नन्दलाल राम माता दुलारी कुंवर, वो रामकुमार राम वो माधो वो राधा मोची पिता प्रसाद वो श्याम सुन्दर वो कपिलदेव पिता स्व0 देवरूप वो सुकनी कुंवर पिता बलदेव वो नन्दकिशोर वो नरेश पिता चंद्रिका राजेश वो सितेन्द्र वो राजाराम पिता मुनारीक वो विमला देवी पति स्व0 द्वारिका मोची	लहलहे	45	532	0.0686
	तदैव		39	496	0.0900
	तदैव		39	497	0.0019
	तदैव		39	538	0.0250
	तदैव		39	536	0.0521
	तदैव		39	539	0.1569
20.	रामअयोध्या पाल पिता स्व0 टीपु पाल	लहलहे	45	521	0.0173
21.	राजदेव महतो, महेन्द्र महतो पिता गुदन महतो	लहलहे	45	521	0.0422
22.	सुरेन्द्र मोची, हरेन्द्र मोची पिता स्व0 रामदीहल मोची	लहलहे	45	522	0.0740
23.	रजली देवी पति स्व0 जयराम महतो, रामजीत पाल पिता स्व0 गनौरी गड़ेरी	लहलहे	45	523	0.0950
	तदैव		45	523	0.0596
24.	नन्दकुमार सिंह वो शिवशम्भु नाथ सिंह पिता स्व0 जंगी सिंह, अशोक कु0 सिंह वो शेषनाथ सिंह वो रणवीर सिंह पिता स्व0 रामजन्म सिंह वो आशिष सिंह पिता अरबिन्द सिंह, संतोष सिंह, राजेश सिंह, ब्रजेश सिंह पिता स्व0 राजमणी सिंह, मुखदेव सिंह वो बृजदेव सिंह वो गिरजु सिंह पिता स्व0 राजपती सिंह,	नावाडीह	30	84 P	0.0340
24.	परशुराम सिह पिता स्व0 राजनारायण सिंह, उमा देवी वो मंजू देवी पिता स्व0 ईश्वरी प्र0 सिंह, प्रदीप सिंह, पंकज सिंह, प्रमोद सिंह पिता स्व0 सुरेश्वरी प्रसाद सिंह, आदित्य सिंह पिता स्व0 राकेश सिंह, अजय, अभय, अजित, अरुण पिता स्व0 प्रमेश्वरी प्र0 सिंह, माधुरी देवी पति अनय कु0 सिंह	नावाडीह	30	84 P	0.0340
	तदैव		30	84 P	0.1048
	तदैव		30	99	0.0328
	तदैव		30	90	0.1045
25.	पंचम सिंह पि0 कैश्वर सिंह, बिरबल, भीम, रविन्द्र पि0 स्व0 सत्यनारायण सिंह	नावाडीह	8	212	0.0042
26.	सुदामा साव, अयोध्या साव, प्रमोद साव पिता स्व0 पहल साव	नावाडीह	9	69P	0.0132
27.	देवेन्द्र सिंह, शशि सिंह, पवन सिंह पि0 स्व0 कृष्णा सिंह, संजय सिंह, सत्येन्द्र सिंह पि0 स्व0 मदन सिंह, दिप्ती देवी पति स्व0 अजय सिंह	पोलपोल कला	190	62	0.1000
28.	1) रविन्द्र, मनीष वो संजय, पिता शिव शंकर प्रसाद 2) (i) शिवशंकर प्रसाद, पिता स्व0 रामचन्द्र साव (ii) संदीप, मंदिप, पिता स्व0 सूर्यमल प्रसाद 3) नरेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, श्यामनारायण प्रसाद, पिता स्व0 लक्ष्मण साव	सरजा	33	743	0.0232
29.	1) i. गोरख मांझी पिता स्व0 भगेशर दुसाध, ii) a. सत्येन्द्र, बैजनाथ, रामवचन, निरंजन, गोविन्द पिता स्व0 नन्हक मांझी, b. शकुंतला, सुनिता, मुनी, शारदा पिता स्व0 पति मांझी, 2) i. जनेश्वर मांझी पिता स्व0 रुप मांझी, ii) a. लालबिहारी, शम्भु, बिकाश, अभिलेष पिता लगन मांझी, b. रीना, मुसनी, बिफन, रेखा, पार्वती पिता स्व0 नान्हु मांझी, iii) a. जुगा मांझी पिता स्व0 सुकन मांझी, b. बिरेन्द्र पासवान पिता स्व0 केदार मांझी, 3) i. अवध, अजय, सत्यनारायण पिता स्व0 बिरु मांझी, ii. श्यामा, सदन, शिवधारी पिता स्व0 राजेश्वर मांझी, गंगा कुंवर पति स्व0 परमानंद मांझी, 4) i. सुभाष, बसंत पिता स्व0 सरयु, ii) a. राजबली, शमशेर, दीलीप पिता कईल मांझी, b. गंगा पिता स्व0 गुलटेन मांझी	सरजा	50	76/P	0.0250
	तदैव		50	76/P	0.0225
	तदैव		50	76/P	0.0250
	तदैव		50	76/P	0.0200
	तदैव		50	76/P	0.0023
	तदैव		50	791	0.0840
	तदैव		50	1207/P	0.0522
	तदैव		50	1207/P	0.0100
	तदैव		50	808	0.0560
	तदैव		106	1373/P	0.0250
	तदैव		50	98	0.0079
	तदैव		106	1373/P	0.0338

अंचल–विश्रामपुर

क्र0 सं0	रैयत का नाम	ग्राम का नाम	खाता नं0	सर्वे प्लॉट नं0	रकबा (ए0) में
1	बृज किशोर दुबं वगै पिता जगदीश दुबे	बैरिया	27	205/3, 206/3, 207/3, 208/3, 212/3	0.1141
2	महेन्द्र दुबं वगैरह पिता हरिहर दुबे		27	205/2, 206/2, 207/2, 208/2, 212/2	0.1141
3	रमेश दुबे वगैरह पिता सालीक दुबे		27	205/1, 206/1, 207/1, 208/1, 212/1	0.1141
1	इन्दुमती देवी, पति–स्व0 घनश्याम दूबे	भण्डार	70	1241/9	0.0454
2	विनोद पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय पिता रामनाथ पाण्डेय		276	611	0.0299
			276	613	0.0191
			276	1033	0.0098
			270	1025	0.0688
3	रामलखन पाण्डेय, राधे पाण्डेय, रमेश पाण्डेय		180	983/1	0.0250
			180	983/2	0.0249
4	यूवराज दूबें पिता हरिहर दुबें		12	1222/2	0.0327
5	अनुज किशोर पाण्डेय पिता स्व0 महेश पाण्डेय		66	904/2	0.0150
6	नारायण पाण्डेय वो रामजवित पाण्डेय वो श्री नारायण पाण्डेय पिता रामजवित पाण्डेय		121	908/1	0.0300
7	अनील पाण्डेय पिता स्व0 सच्चिदानन्द पाण्डेय वो शशि शेखर पाण्डेय पिता स्व0 महिमानन्द पाण्डेय		78	890/1	0.4000
8	अरूण कुमार पाण्डेय पिता शिवराम पाण्डेय		111	1205/2	0.0300
			107	1013/2	0.0328
9	हरिद्वार पाण्डेय पिता बच्चू पाण्डेय		153	897/1	0.0125
	हरिद्वारा पाण्डेय वगै0 पिता–बच्चु पाण्डेय		1	594/2	0.0383
	हरिद्वार पाण्डेय पिता बच्चू पाण्डेय		1	914/2	0.0550
10	संतोष पाण्डेय, धमेन्द्र पाण्डेय, आलोक पाण्डेय प्रशांत पाण्डेय		195	761	0.3725
11	नारद पाण्डेय पिता रामवृक्ष पाण्डेय		178	1216/1	0.1865
			264	1214	0.0868
12	नरेश प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सरयु प्रसाद गुप्ता पिता सीताराम साव		229	1204/1	0.0058
13	अनिल पाण्डेय पिता अवध पाण्डेय		63	900/4	0.0220
14	मुन्शी साव वगै0 पिता–रामजतन साव		107	1243/2	0.0179
15	अरूण कुमार पाण्डेय पिता लोकनाथ पाण्डेय		277	1206/6	0.0500
16	कमलकिशोर पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 बिगन पाण्डेय		4	1268/2	0.0540
17	उपेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता भवन पाण्डेय		178	1216/2	0.0800
18	सोनापति देवी, पति– प्रेमचंद पाण्डेय		1	630/3	0.0500
19	चन्द्रशेखर दूबे पिता राम बिलास दुबे		1	973/6	0.0650
1	रामपति देवी पति विफन महरा	गेडुआ	5	216/1	0.1400
1	गिता देवी पति नारद सोनी	गुरी	29	809/2	0.0700
1	अखिलेंश्वर पाण्डेय पिता पारस पाण्डेय	झानी	3	23/139	0.0700
2	राजनन्दन ठाकुर वो संजीव ठाकुर		6	30	0.0300
1	अर्जून सिंह वो लालबिहारी सिंह वो राजेन्द्र सिंह पिता स्व0 मंदीप सिंह	कधवन	54	1091	0.0898
			41	1184	0.4000
			41	1180	0.0129
1	चन्द्रिका राम वो सरयू राम पिता बेचन राम	कुण्डी	58	531/1	0.0175
2	पानपति देवी पति स्व0 सुर्यकुमार चौधरी		53	557/5	0.2187
3	शम्भु चौधरी पिता बलराम चौधरी		53	557/1	0.0375
4	शिव नारायण विश्वकर्मा पिता स्व0 राजकुमार विश्वकर्मा		5	529/2	0.0924
5	प्रमिला देवी स्व0 प्रदीप चौधरी		53	557/4	0.2725
			5	551	0.0292
1	जवाहिर साव पिता स्व0 कौलकर साव	पीपरा	21	273/2	0.0407
2	अवधेश सिंह वगै0		31	281	0.0010
3	1. सरयु भुईयां पिता वंशी भुईया 2. अम्बिका सिंह व मुन्द्रिका सिंह पिता वृजकिशोर सिंह		27	71	0.0389
4	वर्षा कौशल, पति रूपेश कुमार साव		17	254/1	0.0965

इसे सख्त ताकिद जानें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
पलामू

PR 308293 Palamu (23-24)_D

झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0

Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.

(A Govt. of Jharkhand undertaking)E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू।

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर , लातेहार स्थित रिचुघूटा वनागार, रिचुघूटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागारों में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

वनागार का नाम	समय	अक्टूबर– 2023
1	2	3
चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर ,कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर	प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न	10-10-2023
रिचुघूटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार	प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न।	---------

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,
डालटनगंज।

PR 308258 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

ज्ञान की बात

दुनिया वो किताब है, जिसे कभी कोई पढ़ नहीं पाया है, लेकिन जमाना वो अध्यापक है, जो सब कुछ सिखा देता है !

- अज्ञात

जाम से मुक्ति मिले

पूरे झारखंड में जाम की समस्या विकराल है। दुर्भाग्य की बात यह कि इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। इसके पीछे नगर निगम कम दोषी नहीं है। पुलिस प्रशासन की बात यहां नहीं की जा सकती। कारण खुद यह विभाग लापरवाही बरतने में आगे है। शहर में वाहनों का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। गाड़ियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जबकि इसके अनुकूल सड़कों की चौड़ाई नहीं बढ़ रही है। जाम के कारण लोगों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। कई बार ऐसा होता है कि एक या दो किलोमीटर जाने में घंटो लग जाते हैं। सड़कों पर ठेला,खोमचे वाले ने अतिक्रमण कर लिया है। दूसरी तरफ छोटी गाड़ी वाले अपनी गाड़ी पार्क कर इत्मीनान से अपने काम में निकल जाते हैं। जाम को लेकर निगम प्रशासन की नीतियां भी कम जिम्मेवार नहीं हैं। जाम के कारण आर्थिक,स्वास्थ्य तथा समय नुकसान झेल रहे लोगों के प्रति कोई संवेदना नहीं है। इतनी बड़ी समस्या का हल्के में लिया जाना यह बताता है कि लापरवाही चरम पर है। शिकायत करने पर अधिकारी बचना चाहते हैं। उनके पास कई प्रकार के बहाने हैं। जाम के कारण बाहर से आने वाले खास कर अन्य राज्य के लोगों के मन में नकारात्मक छवि बनती है। इससे निजात पाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाये जाने की जरूरत है। कारण बगैर यातायात को ठीक किये जाम से मुक्ति नहीं दिलायी जा सकती है। झारखंड के मेदिनीनगर शहर की स्थिति भी खराब होती जा रही है। बड़ी गाड़ी से निकलना मुश्किल होता जा रहा है। इसकी खास वजह यह भी है कि आज भी लोग आदिम जमाने की सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। सड़कों का निमार्ण या प्लाईओवर नहीं के बराबर है। इसके पलटवार गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गयी हैं। जिस सड़क पर कभी सौ गाड़ियां चलती थी,वहां अब हजारो चलती है। दूसरी खास वजह यह कि लोग गाड़ी तो शौक से खरीद लिए हैं,लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण वह अपनी गाड़ी को सड़कों पर छोड़ देते हैं। यह आलम गली मुहल्लों में भी देखने को मिलती हैं। जिस कारण पैदल चलना भी आम शहरी को परेशानी का सबब बनता जा रहा है। बदलते समय के अनुसार शहर का विकास हो रहा है। लेकिन यातायात के दृष्टिकोण से देखा जाये तो इस ओर किसी का ध्यान नहीं के बराबर है। ऐसे में एक जवाबदेह नागरिक का कर्तव्य बनता है कि इस दिशा में उचित कार्रवाई की दिशा में अपनी आवाज उठाये। यह समस्या पूरे राज्य में है। रांची की बात करें तो यहां यह समस्या और विकराल है। बगैर जाम से मुक्ति दिलाये शहर के विकास की परिकल्पना बेकार है। यह बड़ी समस्या है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। आखिर इसके लिए कोई नियम सख्ती से क्यों नहीं बन पाते हैं। यह माना जा सकता है कि गुजरते जमाने के साथ हम आज हाईटैक भी हुए हैं। दूसरी तरफ लापरवाही यहां के लोगों के रक्त में है। यातायात के नियमों का पालन करवाने के लिए सख्ती जरूरी है। इसके बगैर लोग नहीं सुनने को तैयार हैं। इस परिस्थिति में कठोर कदम उठाकर ही इसे रोका जा सकता है। साथ ही लोगों को जागरूक करने की दिशा में प्रयास जरूरी हैं। सबसे अधिक परेशानी बीमार व्यक्ति को होती है,जब उसे हॉस्पिटल पहुंचाने में जाम के कारण परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में किसी की जान भी चली जाती है।

जाम के कारण लोगों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। कई बार ऐसा होता है कि एक या दो किलोमीटर जाने में घंटो लग जाते हैं। सड़कों पर ठेला,खोमचे वाले ने अतिक्रमण कर लिया है। दूसरी तरफ छोटी गाड़ी वाले अपनी गाड़ी पार्क कर इत्मीनान से अपने काम में निकल जाते हैं।

आओ नोबेल पुरस्कार हासिल करने का बुलंद हौसला धारण करें

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सबसे प्रतिष्ठित दुर्लभ पुरस्कारों की श्रेणी में नोबेल पुरस्कार आता है, जिसे पाने के लिए हर योग्य व्यक्ति ही नहीं बल्कि हर देश को लालसा होती है कि उन्हें या उनके नागरिकों को यह पुरस्कार मिले। जिस तरह से भारत वर्तमान समय में हर क्षेत्र में सफलताओं के झंडे गाढ़ रहा है, उससे यह कयास लगाना लाजमीं है कि आने वाले वर्षों में छह क्षेत्रों में भारत का नाम भी नोबेल पुरस्कार में शामिल होगा, इस बात को कुछ माह पूर्व नोबेल पुरस्कारों से जुड़े नार्वे के भारतीय मूल के सांसद हिमांशु गुलाटी ने भी कहा था कि जिस तेजी से भारत के नॉमिनेशन आ रहे हैं संभावना है कि, आने वाले वर्षों में इसका नतीजा सकारात्मक दिखे। वैसे तो नोबेल पुरस्कार संबंधी सर्वेक्षण टीम हर वर्ष भारत आती है जिसमें इस बार नार्वे भी शामिल था और हमारे माननीय पीएम का नमिनेशन नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सोशल मीडिया में भी नॉमिनेशन चला था। चूंकि अभी 2 से 9 अक्टूबर 2023 तक नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणाओं का क्रम शुरू है जिसमें दो अक्टूबर को चिकित्सा, तीन को भौतिकी और चार कोकेमिस्ट्री क्षेत्र में विजेताओं की घोषणा हो चुकी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के बढ़ते विकास और बौद्धिक क्षमता से भविष्य में नोबेल पुरस्कारों के छह क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज कराने की संभावना का हौसला रखना जरूरी है। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कारों के शेड्यूल और घोषणा शुरू होने की करें तो, नोबेल पुरस्कार 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 2023 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 2 अक्टूबर 2023 से जारी है। भारत में भी इसकी चर्चा खूब हो रही है, लेकिन इस बीच लोगों के मन में इससे जुड़े कई सवाल भी उठते हैं जिसकी जानकारी सबको नहीं होती। इस कड़ी में सबसे पहले वैज्ञानिक कैटेलिन कैरिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है। इन दोनों वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार कोविड-19 के प्रभावी टीकों से जुड़ी उनकी खोज के लिए दिया गया है। इसके बाद 3 अक्टूबर 2023 कोभौतिकी के नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया है। इस श्रेणी के लिए 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल हुलियर को दिया गया। इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किये गये। एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं। वहीं साहित्य याने लिटरेचर के पुरस्कार की घोषणा 5 अक्टूबर को और नोबेल पीस प्राइज की घोषणा 6 अक्टूबर 2023 को होगी, जबकि 9 अक्टूबर 2023 को अर्थशास्त्र के नोबेल विजेताओं की घोषणा की जायेगी। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार वितरण की जटिल प्रक्रिया की करें तो, नोबेल पुरस्कारों की प्रस्तावना चयन और पाने के लिए संपूर्ण प्रक्रिया होती है, जिसकी कार्यवाही लगभग एक वर्ष पूर्व ही प्रारंभ कर दी जाती है। जिस वर्ष के लिए नोबेल पुरस्कार होता है, उसके पूर्व वर्ष के सितंबर माह में नोबेल पुरस्कार की प्रस्ताव के लिए प्रपत्र भेज दियाजाता है, जिसमें नाम प्रस्तावित करने होते हैं जो प्रस्तावित वर्ष के फरवरी माह में नाम के प्रस्ताव पर प्रस्तावित समिति से मांगे जाते हैं। मार्च से मई तक प्रत्येक विषय के लिए विशेष चयन समिति का गठन कर दिया जाता है, जो जून से अगस्त तक अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो 5 से 6 पराग्राफ में होती है सितंबर माह में रिकॉर्ड रिपोर्ट अल्फ्रेड ट्रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी को सौंप दी जाती है। बता दें केवल जीवित व्यक्तियों को ही नोबेल पुरस्कार के लिए चुना जाता है परंतु चयन के बाद अगर चयनित प्रत्याशी की मृत्यु हो जाती है तो पुरस्कार दिया जा सकता है। नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा अक्टूबर माह में की जाती है जो मेडिसिन, भौतिक, केमिस्ट्री साइकोलॉजी, साहित्य, शांति और इकोनामिक साइंस के क्षेत्र में योग्य व्यक्तियों को दिया जाता है फिर पुरस्कारों के लिए प्रतिवर्ष सेल्फ ट्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को विजेताओं को पुरस्कार के रूप में एक स्वर्ण पदक एक प्रमाण पत्र और चार करोड़ से अधिक की धनराशि दी जाती है। नोबेल पुरस्कार विजेता एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों में नोबेल समिति के अतिथि होते हैं। प्रस्ताव के नामों को पूर्णतया गुप्त रखा जाता हैं, ताकि कोई उन्हें प्रभावित करने का प्रयास न कर सके। प्रस्ताव में रॉयल स्वीडिश विज्ञान अकादमी के सदस्य, विषय के पूर्व नोबेल विजेता, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड तथा नार्वे के विश्वविद्यालय व केरोस्का संस्थान स्टॉकहोल में नियुक्त स्थाई सहायक प्रोफेसर तथा स्वीडिश मिशन एकेडमी द्वारा स्वीकृत अन्य लोग सम्मिलित होते हैं, इसके अतिरिक्त कोई अन्यकिसी नाम का प्रस्ताव नहीं कर सकते प्रस्तावित नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना 50 वर्षों तक किसी भी प्रकार से किसी को भी नहीं दी जा सकती। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन कोई भी वो व्यक्ति कर सकता है जो इसके नामांकन मानदंडों को पूरा करता है। नामांकन भरने के लिए निमंत्रण पत्र की जरूरत नहीं है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति नामांकन किये गये लोगों में से नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं का चयन करती है। 1 फरवरी से पहले नामांकन भेजा जा सकता है, इसके बाद समिती इन नामों पर चर्चा करती है और फरवरी से मार्च महीने के बीच एक लिस्ट तैयार की जाती है। चयन, समिति के सभी सदस्यों के वोटिंग के आधार पर होती है। इसके बाद विजेताओं के नाम की घोषणा होती है। दिसंबर में उन्हें पुरस्कार दिया जाता है। साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार को समझने की करें तो, यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो छह अलग-अलग क्षेत्रों में दिया जाता है। ये उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान मानव जाति को सबसे बड़ा लाभ पहुंचाया है। मूल रूप से यह पुरस्कार फिजिक्स, केमिस्ट्री, साइकॉलजी, मेडिसिन, साहित्य और शांति के क्षेत्र में दिया जाता है। इसमें शांति पुरस्कार की विशेषता यह है कि ये उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्रों के बीच फैलोशिप को आगे बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने और शांति की स्थापना और प्रचार के लिए सबसे अधिक या सबसे अच्छा काम किया है। 1968 में इसमें सातवां पुरस्कार जोड़ा गया था जो आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में था। यह पुरस्कार आधिकारिक तौर पर नोबेल पुरस्कार नहीं है, लेकिन इसे अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिजेस रिक्सबैंक पुरस्कार कहा जाता है।

मार्च से मई तक प्रत्येक विषय के लिए विशेष चयन समिति का गठन कर दिया जाता है, जो जून से अगस्त तक अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो 5 से 6 पराग्राफ में होती है सितंबर माह में रिकॉर्ड रिपोर्ट अल्फ्रेड ट्रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी को सौंप दी जाती है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

तीन लोक का राज जीव को जै कोई दे लाख बधाई क्या करे जै नहीं नाम से नेह

भगवान हमें बताते हैं कि एक बार जब भक्त को ज्ञान हो जाता है तो वह जान जाता है कि जब तक आत्मा को पूर्ण गुरु से दीक्षा नहीं मिलती है, तब तक तीनों लोकों में पद, शक्ति बेकार है।

इन्द्र कुबेर ईश की पद्वी, ब्रह्मा, वरूण धर्मराया। विष्णुनाथ के पुर कूं जाकर, बहुर अपूठा आया।।

भगवान समझाते हैं कि इंद्र का पद प्राप्त करने के बाद भी या ब्रह्मा, विष्णु आदि के लोक में जाने के बावजूद भी आत्मा अगर पुनरावृत्ति में है यानि जन्म मरण के चक्र में है तो सब बेकार है। दयालु भगवान कबीर जी ने त्रेता युग में पक्षियों के राजा, भगवान विष्णु के वाहन की शरण में लिया और उन्हें सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान अर्थात तत्वज्ञान प्रदान किया। आइए हम उसी के संबंध में सर्वशक्तिमान कबीर जी और धर्मराज (यम) के बीच हुए संवाद का अध्ययन करें। गरुड़ जी को दिये गये तत्त्वज्ञान के संबंध मे पूर्ण परमात्मा कबीर जी और धर्मदास जी के बीच संवाद संदर्भः कबीर सागर, अध्याय 11 गरुड़ बोध पृष्ठ 65 (625) पर भगवान कबीर जी ने धर्मदास जी को बताया कि उन्होंने पक्षियों के राजा अर्थात गरुड़ जो भगवान विष्णु का वाहन है, उनको सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान दिया। गरुड़ अमरलोक और सतपुरुष की महिमा सुनकर दंग रह गये थे। उनके लिए विश्वास करना कठिन था। गरुड़ जी ने कबीर परमेश्वर से कहा कि हमें अब तक गुमराह किया गया है। कबीर भगवान ने गरुड़ जी को अपना परिचय दिया कि 'मैं कबीर हूँ, संपूर्ण ब्रह्मांडों, सृष्टि का निर्माता। मेरा निज धाम सतलोक है। तुम सभी आत्माओं को काल ब्रह्म ने भ्रमित कर दिया है।

(क्रमशः)

मुस्कान है सेहत व समृद्धि का अनमोल उपहार

ललित गर्ग

प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, 'स्माइली' निर्माता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे। अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गये हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरूआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा। सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाये रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना-हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं।

1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है।

मुस्कान दिवस

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

जाति की आग को फिर मिलने लगी हवा

डॉ. प्रभात ओझा

मसला जाति का हो तो राजनीति होनी ही है। यह जाति के आधार पर जनगणना कराने की बात है। यानी हर जगह, कहां कौन सी जाति के कितने लोग हैं। अगले चरण में इसी औसत में सम्बंधित समुदाय को लाभ देने के कदम उठाये जाएं, यह स्वाभाविक है। जानकार लोगों को मंडल कमीशन (दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग) की रिपोर्ट और उसके बहुत बाद केंद्र में वी. पी. सिंह सरकार के समय उस रिपोर्ट को लागू करने के समय की घटनाएं याद होंगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तब भी ऐसा किसी जातिगत जनगणना के आधार पर नहीं किया गया था। पहले एक आयोग बना। उसी की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गयी। जातिगत जनगणना तो 92 साल बाद हुई है। वह भी सिर्फ एक प्रांत में। वर्ष 1931 के 92 साल बाद बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इसी के साथ इसके औचित्य पर सवाल शुरू हो गये हैं और कुछ संस्थाओं ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली है। सवाल उठता है कि ऐसी जनगणना की जरूरत क्यों पड़ी? इसके बाद क्या क्या होने वाला है? ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि इन 92 साल के दौरान ऐसी गणना की जरूरत नहीं पड़ी। आजादी के बाद जो पहली जनगणना कराई गई थी, उसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जरूर गिना गया था। ऐसा इसलिए किया गया कि इन दोनों को आरक्षण देने का फैसला हुआ था। तब से 1951 के बाद 2011 तक हर जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के ही आंकड़े एकत्र किये जाते हैं। तय समय के मुताबिक, 2021 में कोरोना के चलते जनगणना नहीं हो सकी है। इस बीच भिन्न-भिन्न राज्य सरकारों ने एक अनुमान के आधार पर समय-समय पर अन्य जातियों को भी आरक्षण दिया। बीच-बीच में कुछ संस्थाएं तो कई राजनीतिक दल ऐसी जनगणना की मांग करते रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने इस पर अमल भी किया। अपनी योजना में वह बहुत कुछ सफल होते दिख रहे हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इसे भ्रम फैलाने का प्रयास बता रही है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि राज्य विधानसभा में मौजूद सभी दलों के एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के आधार पर ही राज्य मंत्रिपरिषद ने यह गणना कराई है। गांधी जयंती के दिन जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग 36.01 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 1.68 प्रतिशत लोग हैं। जो लोग आरक्षण में नहीं आते ऐसे सवर्ण लोगों की संख्या 15.52 प्रतिशत है। स्वाभाविक है कि आरक्षण में आ सकने वाले लोगों की संख्या अधिक है। यह वर्ग बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी है और पूरे देश में इनकी संख्या 52 प्रतिशत से कुछ अधिक बताई गई है। इस समय भाजपा को छोड़ कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दल इस तरह की जनगणना की मांग पूरे देश के लिए कर रहे हैं। खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस विषय में आवाज गौर की जा रही है। प्रधानमंत्री ने तो एक सभा में राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस संख्या के बल पर हिस्सेदारी की बात कह रही है, तो क्या हिंदू सारी सुविधाओं पर अपना हक जमा लें। प्रधानमंत्री कांग्रेस के उस रुख, खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस वक्तव्य पर व्यंग्य कर रहे थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। श्री मोदी का सवाल जायज लगता है कि क्या कांग्रेस मुसलमानों क साथ छोड़ रही है। कांग्रेस नेता और दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी जो भी कहें, सच यह है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और उसके बाद लोकसभा निर्वाचन के नजदीक होने से राजनीति के हर दांव आजमाये जा रहे हैं।

आजादी के बाद जो पहली जनगणना कराई गई थी, उसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जरूर गिना गया था। ऐसा इसलिए किया गया कि इन दोनों को आरक्षण देने का फैसला हुआ था।

जाति जनगणना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

अजवाइन के पानी से सेहत को मिल सकते हैं ये बेमिसाल लाभ

अजवाइन के पानी का सेवन गैस की समस्या को कम करने के लिए किया जा सकता है। अगर आप नियमित रूप से अजवाइन का पानी पीते हैं तो इससे पेट में गैस बनना कम हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे आपके पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अजवाइन एक ऐसा मसाला है, जो हर भारतीय किचन में हमेशा ही मौजूद होता है। अमूमन हम तरह-तरह की सब्जी बनाते समय इसे इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं, इसे कई तरह की बीमारियों में घरेलू इलाज के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। खासतौर से, पेट की समस्याओं को दूर करने में अजवाइन रामबाण की तरह काम करता है। अगर आप अजवाइन के पानी का सेवन करते हैं तो इससे आपको कई लाभ मिल सकते हैं।

गैस की समस्या को करे दूर : अजवाइन के पानी का सेवन गैस की समस्या को कम करने के लिए किया जा सकता है। अगर आप नियमित रूप से अजवाइन का पानी पीते हैं तो इससे पेट में गैस बनना कम हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे आपके पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिससे खाना पचाने में मदद मिलती है।

पेट दर्द से मिलती है राहत : अजवाइन का पानी पेट दर्द की समस्या को दूर करने में भी बेहद सहायक है। खासतौर से, पीरियड्स के दौरान होने दर्द व क्रैम्प को दूर करने के लिए अवाइन का पानी पिया जा सकता है। जो महिलाएं अजवाइन का पानी पीती हैं, उन्हें अपने पीरियड्स को रेग्युलेट करने में भी काफी मदद मिलती है।

एसिडिटी से मिलती है राहत : अजवाइन का पानी एसिडिटी की समस्या को भी दूर करने में काफी मदद करता है। खासतौर से जब इस पानी अदरक और जीरा के साथ लिया जाता है तो इससे बेहद ही कम समय में असर नजर आने लगता है।

इंफेक्शन में बचाव में मददगार : अजवाइन में एंटीसेप्टिक, एंटी-माइक्रोबायल और एंटीपैरासिटिक गुण पाए जाते हैं, जो खांसी, सर्दी, कान या यहां तक कि मुंह में इंफेक्शन का कारण बनने वाले बैक्टीरिया के लिए एक एंटीडोट की तरह काम करते हैं। इसलिए, आप अजवाइन का पानी लेकर खुद को अधिक हेल्दी बना सकते हैं।

वजन को बनाए रखने में मददगार : अजवाइन का पानी आपके वजन को बनाए रखने में काफी मददगार हो सकता है। दरअसल, जब आप इसका सेवन करते हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म को बूस्टअप करने में मदद मिलती है। साथ ही साथ, वाटर रिटेंशन भी कम होता है। जिससे वजन को बनाए रखना काफी आसान हो जाता है।

❖ मिताली जैन

रिश्वत का मजा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

वे राजस्व विभाग में पैसों से नहाते हैं। किंतु आज वे बड़ी देर से रोये जा रहे हैं। लगता है मानों बाढ़ इन्हीं की आंखों में आयी है। कहते कम हैं रोते ज्यादा हैं। रहते तो हमारी कॉलोनी में ही हैं लेकिन कमाई इतनी कि अपने लोगों से मिलने की फुर्सत नहीं है। उनका मानना है कि अपनों से मिलने पर मान घट जाता है। दूर अमेरिका में बैठे अनजान से चैट कर लेंगे लेकिन पड़ोस में रहने वाले गुप्ता अंकल के एक्सीडेंट होने पर मिजाजपुर्सी करने कतई नहीं जायेंगे। भला स्टेटस भी कोई चीज होती है। मुंह उठाए किसी के घर चल देना निकम्मेपन की पहली निशानी है। वे तो कान, मुंह, हाथ पर एप्पल चिपकाए दुनिया भर की पल-पल की खबर रखते हैं।

हां तो मैं आपको बता रहा था कि वे निर्बाध गति से रोए जा रहे हैं। मैंने केवल हाल पूछने की गलती क्या कि उनका छुटका रोतू मुंह भाखड़ा नंगल की तरह पूरा खुल गया। बोले - हमें कल रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जबकि हमारे हाथों का रंग हमेशा से वही था जो अब है। मैं भ्रष्टाचार विभाग को लाख समझाकर थक गया कि यही मेरे हाथों का रंग है, लेकिन वे हैं कि मानते नहीं। न जाने उनको मेरे इस रंग से क्या खुन्नस है कि हाथ धोकर पीछे पड़ गए हैं। रंग तो रंग है। इतने रंगों में एक रंग यह भी सही। सुखी जीवन के लिए इससे बढ़िया रंग और क्या हो सकता है। मेरा बस चले तो इसे पूरे बदन भर लगा लूं। फिर भी जितना मिलता है उससे काम चला लेता हूं। मुझ जैसा आत्मसंतुष्ट कोई हो सकता है भला? यह रंग एक बार जिसके हाथ लग जाए वह जीवन भर उसे छुड़ाने की कोशिश न करे। वैसे भी हमने देने वालों से कभी कुछ मांगा नहीं। देने वालों ने भी कभी देते समय हमसे कुछ पूछा नहीं। वे धर देते थे हम उठा लेते थे। हमारा लेना देने वाले को और देने वाले को हमारा लेना कभी अखरा नहीं। हम दोनों में कुछ यूं अंडरस्टैंडिंग थी कि शादी कर लेते तो मरते दम साथ नहीं छोड़ते। लेकिन भ्रष्टाचार विभाग यह बात समझे तो।

भ्रष्टाचार विभाग ने लेन-देन को अपने शब्दों में इसे रिश्वत कहा। भला लक्ष्मी कब से रिश्वत कहलाने लगी। लक्ष्मी का काम ही एक स्थान से दूसरे स्थान आना-जाना होता है। कभी इधर तो कभी उधर। लक्ष्मी अपने स्वामी को और स्वामी अपनी लक्ष्मी को खुले में ढूंढ़ ले तो यह भला रिश्वत का पाप कैसे कहलाएगा। क्या लक्ष्मी के लिए स्वामी हाथ नहीं बढ़ा सकता? मैंने देने वाले के लिए कई काम किए थे। सरकारी ठेकों के नाम पर व्यर्थ के रुपए गंवाने से बचाया था। जो बचाए थे उसी में से कुछ पाया था। जो बचा उसी में से लेना भला रिश्वत कैसे कहला सकता है? मैं बरसों से यही काम कर रहा हूं दुर्भाग्य से परसों-परसों बना भ्रष्टाचार विभाग अब मुझे पैसों के लिए 'तरसो' कह रहा है। मैंने कहा लक्ष्मी जिसे तरसाए वह गरीब जरूर हो सकता है लेकिन रिश्वतखोर कतई नहीं। लक्ष्मी पर लक्ष्मी की कोठी बनाकर उसे उसी में कैद करना रिश्वतखोरी है। मैं तो लक्ष्मी के रूप बदलकर कभी कार तो कभी कुछ खरीदकर उसका सम्मान करता हूं। उसी से मैं नाम कमाता हूं। नाम कमाने वाला कुछ ही हो सकता है लेकिन रिश्वतखोर कतई नहीं।

हार्मोनल हेल्थ को सुधारने के लिए डेली रूटीन में शामिल करें ये योगासन

अगर आप हार्मोन्स असंतुलित होने के कारण परेशान हैं, तो बता दें कि आप ऐसी स्थिति में योग और मेडिटेशन का सहारा भी ले सकती हैं। हार्मोन्स हमारे शरीर को एनर्जी देने, हमारे अच्छे स्वास्थ्य और शारीरिक विकास, मेटाबॉलिज्म को सही बनाए रखने और अन्य शारीरिक गतिविधियों में अहम भूमिका निभाते हैं। बहुत सारे हार्मोन्स बनाने वाली ग्लैंड्स से मिलकर हमारा एंडोक्राइन सिस्टम बना होता है। लेकिन जब हमारे शरीर में हार्मोन्स असंतुलित हो जाते हैं, तो आपको कई लक्षण देखने को मिल सकते हैं। हार्मोन्स के असंतुलित होने पर रात में नींद न आना, स्किन से जुड़ी समस्या, सिर दर्द, थकान, वजन बढ़ना या कम होने के साथ महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिल सकती है। ऐसे में आप हार्मोन्स को नियमित रख कर अपनी सेहत को और बेहतर बना सकती हैं। ऐसे में आप योग और मेडिटेशन का सहारा भी ले सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनी डेली रूटीन में शामिल करने से आपके हार्मोन संतुलित रहेंगे। साथ ही आप भी ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहेंगी।

भुजंगासन

इस आसन को कोबरा पोज भी कहा जता है। यह पीछे की तरफ झुकने वाला पोज है। इस आसन को करने से तनाव, मोटापा और मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियों को कम किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं।

फिर अपने हाथों को छाती के पास रखें।

अब पेट और ऊपरी शरीर को ऊपर की तरफ उठाएं और कंधो, गर्दन और सिर को ऊपर उठाएं। जब आप इस आसन को करने के दौरान सिर, कंधे और गर्दन को ऊपर ऊठाएं तो इस दौरान आसमान की ओर देखें। करीब 5 सेकेंड तक इस अवस्था में रहने के बाद अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

मालासन

इस आसन को करने से कमर, कूल्हों, टखनों और बॉडी को स्ट्रेच, जांघों, पेट की मांसपेशियों को टोन और कोलन के कार्य में सुधार, व पेल्विस में ब्लड सरकुलेशन को बढ़ावा मिलता है। मालासन को करने से लिए एक मैट पर अपनी टांगों को दूर दूर करके बैठ जाएं। अब स्क्वाट की अवस्था में बैठें और अपने हिप्स को जमीन पर ना रखें।

अगर आपकी एड़ी जमीन पर नहीं टिक रही है, तो एड़ी के नीचे टॉवल आदि भी रख सकती हैं। अपनी ऊपरी बाजुओं को घुटनों के अंदरूनी भाग में लाएं और कोहनियों को जाघों के पास रखें। फिर दोनों हथेलियों को मिलाते हुए 10 बार लंबी-लंबी सांसे लें।

उष्ट्रासन

इस आसन को करने से हार्मोन्स संतुलन में रहते हैं।

उष्ट्रासन को करने के लिए आप अपने घुटनों को जमीन पर रखें और फिर ऊपरी बॉडी को सीधा रखें। इस दौरान कंधों को पीछा करने का प्रयास करें और अपने हिप्स, छाती और जांघों को भी पीछे की तरफ ले जाएं।

इस आसन को करने के दौरान आपको जितना आरामदायक लगे उतना पीछे ले जाएं। इस अवस्था में कुछ देर लंबी सांस लेते हुए इसी अवस्था में रहें।

ससंगासन

इस आसन को करने से रीड की हड्डी का लचीलापन बढ़ता है और गर्दन व सिर के आसपास होने वाले स्ट्रेस से राहत भी मिलती है। अपनी एड़ियों पर बैठते हुए वज्रासन अवस्था में आ जाएं। अब अपनी बाजुओं को पीछे की तरफ खोल लें और पैरों को पीछे ले जाने की कोशिश करें।फिर अपनी ठुड्डी को अपनी छाती में गड़ा लें। इस अवस्था में सिर नीचे की तरफ रहेगा, इस दौरान ठुड्डी छाती को छू रही हो और आपका सिर घुटनों को छूने की कोशिश करें। फिर लंबी सांसे लें।

सेतुबंधासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर लेट जाएं और अपने घुटनों को मोड़ लें। इस दौरान अपने हाथों को साइड में रखें। कमर के भाग को ऊपर उठाएं और हाथ आपकी कमर के नीचे जमीन पर रखें।

अब सांसे छोड़ें और थोड़ी देर इस अवस्था में रुकने के बाद वापस अपनी सामान्य अवस्था में वापस आ जाएं।

इन सभी आसनों को करने से आपके हार्मोंस संतुलित रहते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

पैरों के तलवे में होने वाली जलन को ना करें नजरअंदाज

अक्सर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि उनके पैरों के तलवों में जलन होती है। चलने या फिर गर्मी में पैरों के तलवे में जलन होना आम बात है। लेकिन घर में बैठे-बैठ या फिर रात में सोने के समय आपके पैरों के तलवे में जलन होती है, तो इसे आम समस्या समझने की गलती नहीं करनी चाहिए।

अक्सर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि उनके पैरों के तलवों में जलन होती है। चलने या फिर गर्मी में पैरों के तलवे में जलन होना आम बात है। लेकिन घर में बैठे-बैठ या फिर रात में सोने के समय आपके पैरों के तलवे में जलन होती है, तो इसे आम समस्या समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। बता दें कि यह तीन बड़ी बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक पैरों के तलवों में जलन होना काफी महत्वपूर्ण और आम लक्षण है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पैरों के तलवे में जलन होने के कुछ कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक आपके पैरों की नसों में कुछ खराबी होने पर पैर के तलवों में जलन की समस्या होने लगती है। इसे न्यूरोपैथी कहा जाता है। हांलाकि इसके कई कारण हो सकते हैं। जिनमें से 3 मुख्य कारण हैं। ऐसे में पैरों के तलवे में जलन होने पर आपको समय रहते कुछ जरूरी टेस्ट जरूर करवाने चाहिए।

डायबिटीज

डायबिटीज के कारण पैर या फिर तलवे में जलन की समस्या हो सकती है। डायबिटीज होने पर हाई ब्लड शुगर लेवल आपके शरीर की सारी नसों को डैमेज करने लगता है। जिसका सबसे पहले और आम लक्षण पैरों में दिखाई पड़ता है। डायबिटीज के 50 प्रतिशत मरीजों के पैरों व तलवे जलन की समस्या पायी जाती है।

विटामिन बी12 की कमी

हमारे शरीर के लिए प्रोटीन, विटामिन्स आदि बहुत जरूरी होता है। लेकिन बहुत कम फूड्स में विटामिन पाया जाता है। जिस कारण लोगों में विटामिन की कमी पाई जाती है। वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने से नसों की रिपेयरिंग रुक जाती है। जिससे नसें कमजोर होने लगती हैं। इससे भी खड़े होने पर दर्द, पैरों में भारीपन, पैर-तलवों में जलन और नसों के आसपास खुजली होना नसों की कमजोरी के कुछ प्रमुख लक्षण होते हैं।

हाइपोथायरॉइडिज्म

हाइपोथायरॉइडिज्म में थायरॉइड ग्लैंड से हार्मोन का उत्पादन कम हो जाता है। जिसके कारण वजन तेजी से बढ़ने लगता है। बताया जाता है कि इस बीमारी से फ्लूइड रिटेंशन भी होता है। फ्लूइड रिटेंशन से पेरिफेरल नर्व्स पर ज्यादा दबाव पड़ने लगता है।

नसों में जान भरने के टिप्स

ताजे फल और सब्जी खाएं। कंप्रेशन सॉक्स पहनें। फिजिकल एक्टिव रहें। हाइड्रेशन पर ध्यान दें। स्मोकिंग ना करें।

सूडोकु नवताल- 6843

★★★★☆ मध्यम

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6842 का हल

1	9	3	2	4	6	5	8	7
4	7	2	5	1	8	3	6	9
6	5	8	7	3	9	1	2	4
3	8	9	4	5	1	2	7	6
2	4	7	6	9	3	8	1	5
5	1	6	8	7	2	4	9	3
8	2	4	9	6	5	7	3	1
7	6	1	3	2	4	9	5	8
9	3	5	1	8	7	6	4	2

दैनिक पंचांग

05 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	06.52 बजे से
चंद्र	वृष में	वृश्चिक	09.07 ब.से
मंगल	तुला में	धनु	11.23 बजे से
बुध	कन्या में	मकर	13.28 बजे से
गुरु	मेष में	कुंभ	15.14 बजे से
शुक्र	सिंह में	मीन	16.47 बजे से
शनि	कुंभ में	मेष	18.18 बजे से
राहु	मेष में	वृष	19.58 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	21.56 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कर्क	00.09 बजे से
		सिंह	02.25 बजे से
		कन्या	04.37 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 278 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी अहोरात्र। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 19.40 बजे को समाप्त। **योग** वरीयान 05.22 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** विष्टि 18.03 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 33' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871757 **जूलियन दिन** 2460222.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 19 **विशेष** सप्तमी श्राद्ध।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7905



बाएँ से दाएँ

1.कवि की रचना,गजल-3
3.अनुमान,अंदाज-3
5.सदपुरुष-2
6.अयोग्य,असंगत -2
8.स्वार्थ,लोभ-4
10.सहयोग,सहकार-3
11.उन्माद,सनक-3
12.भगवान का अराधक-2
13.ठंडक,शीतलता-2
14.दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16.चांदी-3
18.गंवारपन,अशिष्टता-4
20.पैंदा,तला-2
22.वर्तमान दिन-2
23.बहने का भाव-3
24.गमन, विदा होना-3

ऊपर से नीचे

1.हुनर,फन,आर्ट-2
2.बल,दम,जोर-3
3.समीप,नजदीक-3
4.गलत का विलोम-2
5.भ्रम,संदेह-3
7.उपनदी,कैनाल-3
8.नशे से भरपूर-4
9.लाख,सौ हजार-2
11.स्वभाव,आदत-4
14.स्वास्थ्य-3
15.इस जगह-2
17.तहजीब,शिष्टता-3
18.इकट्ठा होना-3
19.रेखा,लाइन-3
21.होठ,अधर-2
22.आगमन-2

शब्द पहेली - 7904 का हल

स	ह	ल	ज			कु	ली	न
रि			र	सा	त	ल		फा
ता	ना			ग	म			स
	जा	म		र			स	त
	य	म	ज		आ	रा	म	
ह	ज			ह		न	त	
ज			क	र			ल	ब
र		स	ला	म	त			द
त	बा	ही			य	की	न	न

आज का राशिफल

मेष राशि : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

वृष राशि : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

मिथुन राशि : पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

कर्क राशि : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

सिंह राशि : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे।

कन्या राशि : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

तुला राशि : ज्ञानी जनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

वृश्चिक राशि : विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

धनु राशि : अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

मकर राशि : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

कुंभ राशि : हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

मीन राशि : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

वाराणसीः तेज रफ्तार कार और ट्रक में सीधी टक्कर, आठ लोगों की मौत

वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव के निकट बुधवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाते ही मौके पर क्षेत्रीय पुलिस भी पहुंच गई। हादसे में कार में सवार 03 साल का बच्चा जीवित बचा है। सभी मृतक पीलीभीत जनपद के रहने वाले थे। घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अफसरों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित उपचार कराए।

दानिश-बिधूड़ी विवाद पर विशेषाधिकार समिति ने 10 को बुलाई पहली बैठक

नई दिल्ली। बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 10 अक्टूबर को समिति की पहली बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि विशेषाधिकार समिति ने इस विवाद पर पहली बैठक में अपनी सफाई देने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को बुलाया है। 10 अक्टूबर की बैठक में बिधूड़ी अपने ऊपर लगे आरोपों की सफाई देंगे और दानिश अली के व्यवहार को लेकर मौखिक साक्ष्य भी दे सकते हैं। आपको याद दिला दें कि, कई विपक्षी सांसदों द्वारा लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग के जवाब में भाजपा लोक सभा सांसद निशिकांत दुबे एवं रवि किशन और भाजपा राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर दानिश अली के व्यवहार की जांच करवा कर कार्रवाई करने की मांग की थी। दोनों पक्षों की तरफ से कई सांसदों की शिकायत मिलने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी शिकायतों को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजते हुए पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दे दिया था।

पीएम ने सिक्किम के सीएम से बात की

नई दिल्ली। सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से दूरभाष पर बात की। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने सभी प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, ह्लसिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग से बात की और राज्य के कुछ हिस्सों में दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर स्थिति का जायजा लिया। चुनौती से निपटने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मैं प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।" उल्लेखनीय है कि सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से कई लोग लापता हैं। लापता लोगों में सेना के जवान भी हैं।

पीएम आज राजस्थान व मध्य प्रदेश में कई योजनाओं की रखेंगे आधारशीला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार राजस्थान और मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कल सुबह लगभग 11:15 बजे जोधपुर (राजस्थान) में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग 5000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री लगभग 03:30 बजे जबलपुर (मध्य प्रदेश) पहुंचेंगे। वहां वो सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल क्षेत्रों से जुड़ी 12,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। राजस्थान को उपहारः प्रधानमंत्री राजस्थान में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

बदलते भू-राजनीतिक माहौल में तैयार रहने की जरूरत : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार रहने की जरूरत है। 63वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारी सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण से कहीं आगे तक फैली हुई हैं और इसमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा सहित कल्याण के अन्य आयाम भी शामिल हैं। सशस्त्र बलों की भूमिका पारंपरिक सैन्य मामलों से परे भी विस्तारित हुई है। जटिल रक्षा और सुरक्षा परिवेश में भविष्य के संघर्षों के लिए अधिक एकीकृत बहु-राज्य और बहु-एजेंसी दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। इसलिए एनडीसी पाठ्यक्रम भविष्य के जटिल सुरक्षा माहौल से व्यापक तरीके से निपटने के लिए सैन्य और सिविल सेवा अधिकारियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक वातावरण गतिशील है और कई चुनौतियां खड़ी करता है। तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है।

राष्ट्रीय एवं वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करना है बल्कि साइबर युद्ध, प्रौद्योगिकी समर्थित आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी नई सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। व्यापक शोध पर आधारित अद्यतन ज्ञान और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को लागू करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम अपनी तरह का एक अनूठा पाठ्यक्रम है जिसमें शासन, प्रौद्योगिकी, इतिहास और अर्थशास्त्र के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीति के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीसी में सीखने के समग्र दृष्टिकोण ने चुनौतियों का सामना करने के मामले में पाठ्यक्रम के सदस्यों को समृद्ध किया है।

न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ समेत दो गिरफ्तार

स्पेशल सेल ने 46 संदिग्ध लोगों से की पूछताछ



एजेंसी। नई दिल्ली

चीनी फंडिंग के आरोपों से घिरी एक वेबसाइट न्यूजक्लिक और उससे जुड़े लोगों पर छापेमारी की कार्रवाई के बाद मंगलवार शाम को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने दो गिरफ्तारियां की हैं। स्पेशल सेल ने वेबसाइट के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ यूएपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले, मंगलवार सुबह दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल में दर्ज यूएपीए मामले के संबंध में मंगलवार को न्यूजक्लिक के 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापे मारे गए थे। इस दौरान कई पत्रकारों को हिरासत में भी लिया गया था। छापेमार के दौरान तलाशी, जब्ती और हिरासत में लिए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया है कि "परिसर में कुल 37 पुरुष संदिग्धों से पूछताछ की गई। जबकि 9 महिला संदिग्धों से उनके आवास पर पूछताछ की गई है। जांच के दौरान डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों आदि को जब्त किया गया है।" दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने न्यूजक्लिक के नई दिल्ली कार्यालय को सील कर दिया है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई अब भी जारी है।

ईडी ने आप सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आपा) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति घोटाला मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। आआपा ने कहा है कि भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध में ऐसा कर रही है। वहीं, भाजपा नेताओं ने कहा है कि आबकारी नीति घोटाले में आआपा नेताओं ने दिल्ली सरकार के करोड़ों के राजस्व को चूना लगाया है। उसी का यह प्रतिफल है। सूत्रों ने बताया कि आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लान्ड्रिंग के एक मामले में ईडी ने आज सुबह करीब सात बजे संजय सिंह के 131 नार्थ एवेन्यू आवास पर छापेमारी की। संजय सिंह को ईडी के ऑफिस ले जाया गया जहां उनका बयान दर्ज किया गया। अब उन्हें गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया जा सकता है। जहां जांच एजेंसी उनकी हिरासत की मांग करेगी।

केंद्र ने 3 केंद्रशासित प्रदेशों के लिए किरायेदारी नियमों को दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह किरायेदारी विनियमन- 2023, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव किरायेदारी विनियमन- 2023 और लक्षद्वीप किरायेदारी विनियमन- 2023 को लागू करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 राष्ट्रपति को केंद्रशासित प्रदेशों के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि किरायेदारी विनियमन लागू होने से ये मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों एवं अधिकारों को एक जवाबदेह और पारदर्शी ईको-सिस्टम बनाने में कानूनी ढांचा प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह विनियम किराये के बाजार में निजी निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा देंगे, प्रवासियों, औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों, पेशेवरों, छात्रों आदि सहित समाज के विभिन्न आय वर्गों के लिए पर्याप्त किराये के आवास स्टॉक का निर्माण करेंगे। इससे गुणवत्तापूर्ण किराये के आवास तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी और किराये के आवास बाजार को धीरे-धीरे औपचारिक बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। जो केंद्रशासित प्रदेशों- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव और लक्षद्वीप में एक जीवंत, स्थाई और समावेशी किराये के आवास बाजार का निर्माण करेगा।

लोगों के स्वास्थ्य बिगाड़ रही गाड़ियों से निकलने वाले नैनो पार्टिकल

आरएनएम। नई दिल्ली

देश के प्रमुख शहरों में गाड़ियों से निकल रहे नैनो पार्टिकल की बढ़ती संख्या लोगों के स्वास्थ्य खराब कर रही है। सड़कों के किनारे रहने वाले लोग इसकी वजह से कई तरह के बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली को रोहतक से जोड़ने वाली नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली की बवाना रोड पर हुई एक शोध अर्बन क्लाइमेट जर्नल में प्रकाशित हुई है। इस क्षेत्र में आसपास कई शैक्षणिक संस्थान, आवासीय परिसर, व्यावसायिक परिसर हैं। इसके कारण यहां ट्रैफिक ज्यादा रहता है। इन जगह पर गाड़ियों के अलावा बायोमास बर्निंग व अन्य कारणों से भी नैनो पार्टिकल बढ़ रहे हैं। रिसर्च के अनुसार इस सड़क पर 1300 गाड़ियां हर घंटे निकलती हैं। हर दिन यहां से औसत 40,000 गाड़ियां गुजरती हैं। दो सालों तक चले शोध की टीम में दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और अहमदाबाद फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के शोधार्थी शामिल थे। इसमें एक अप्रैल 2021 से 30 जून 2021 तक और फिर 3 अक्टूबर 2021 से 30 नवंबर 2021 तक के बीच दो फेज में आकलन किया गया।

जितनी ज्यादा गाड़ियां उतने ज्यादा नैनो पार्टिकल

डीटीयू के डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव कुमार मिश्रा का कहना है कि शोध में आया कि सड़क के किनारे मानवीय गतिविधियों और गाड़ियों की संख्या के बढ़ने व कम होने का असर पार्टिकल पर भी पड़ रहा था। नैनो पार्टिकल गाड़ियों के हिसाब से ही कम और ज्यादा हो रहे थे। जब हवा तेज चलती तो यह आसपास के क्षेत्र में बह जाते और वहां के लोग इनकी जद में आ जाते। शहरी क्षेत्रों में अल्ट्रा फाइन पार्टिकल वायुमंडल में मौजूद कुल नैनो पार्टिकल का 90 प्रतिशत तक हो जाते हैं। राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली जैसे शहरों में सड़कों के किनारे रेजिडेंशल एरिया के लोग इस प्रदूषण की अधिक चपेट में है। पुलिसकर्मी, स्ट्रीट वेंडर, ड्राइवर, बाइक चलाने वाले, डिलीवरी बॉय तो उसकी चपेट में ज्यादा ही हैं। शोध में दिवाली के बाद पाया गया कि नैनो पार्टिकल की संख्या 35 प्रतिशत तक बढ़ गई। इसकी वजह ट्रैफिक और आतिशबाजी रही। यह भी पाया गया गया कि पीक आवर के समय नैनो पार्टिकल की संख्या नॉन पीक आवर से दोगुनी होती है।

FILMY हलचल

ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी ने रणबीर कपूर को भेजा समन



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मामले में ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने रणबीर कपूर को 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने का आदेश दिया है।महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कई बॉलीवुड अभिनेता और गायक ईडी के राडार पर हैं। ईडी इस बात की भी जांच कर रहा है कि महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी और सक्सेस पार्टी में कौन-कौन मौजूद था। रणबीर कपूर के अलावा कम से कम 15 से 20 सेलिब्रिटीज ईडी के राडार पर हैं। इनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली अजगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, नेहा कक्कड़, एली अवराम, भारती सिंह, सनी लियोन, भाग्यश्री, पुलकित-कृति, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। महादेव गेमिंग-बेटिंग एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप है। इस ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर ने फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शादी की थी। इस शादी पर 200 करोड़ से ज्यादा खर्च किये गये थे, उनकी शादी में शामिल हुए सभी सेलिब्रिटी जांच एजेंसियों के राडार पर आ गए हैं।

कास्टिंग काउच को लेकर नीना गुप्ता के बयान ने फिर मचाई खलबली

एक्ट्रेस नीना गुप्ता का एक पुराना बयान इन दिनों फिर सुर्खियों में है। उन्होंने कास्टिंग काउच को लेकर कभी एक इंटरव्यू दिया था, उसके बाद न्यू कमर्स के लिए दिए बयान से काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब उनकी अपकमिंग फिल्म काफी चर्चा में है। नीना गुप्ता की फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर मीडिया में खूब मसाला आ रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। आने वाली ये फिल्म अगले साल मार्च में रिलीज होगी। हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर हिट बनाने के लिए सितारे लगातार फैंस के बीच जाकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं।

फिर सुर्खियों में एआर रहमान, म्यूजिक डायरेक्टर का सर्जन एसोसिएशन पर मानहानि का आरोप

एक लाइव शो के दौरान एआर रहमान खराब मैनेजमेंट की वजह से सुर्खियों में थे। अब रहमान एक बार फिर एक अलग वजह से खबरों में हैं। दिग्गज संगीत निर्देशक एआर रहमान ने एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को कानूनी नोटिस भेजा है। रहमान ने एसोसिएशन पर वार्षिक सम्मेलन में उनका नाम खराब करने का आरोप लगाया है। रहमान ने मानहानि के लिए 10 करोड़ रुपये का मुआवजा भी मांगा है। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया ने आरोप लगाया है कि 2018 में रहमान को संस्थान के 78वें वार्षिक सम्मेलन में प्रदर्शन करना था, लेकिन वह शामिल नहीं हो सके। इसके लिए एडवांस के तौर पर लिए गए 29.5 लाख रुपये रहमान ने नहीं लौटाए हैं। हालांकि, एआर रहमान की वकील नर्मदा संपत ने चार पेज के जवाब में आरोपों से इनकार किया है। कोर्ट को सौंपे गए नोटिस में एआर रहमान ने कहा है कि उन्होंने एसोसिएशन के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया। हालांकि कहा जा रहा है कि पब्लिसिटी के लिए उनकी प्रतिष्ठा खराब करने की कोशिश की जा रही है। इतना ही नहीं दावा किया गया है कि रहमान को इसके लिए एडवांस के तौर पर कोई रकम नहीं मिली। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया है कि रहमान पर लगाए जा रहे आरोप सिर्फ मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए लगाए जा रहे हैं। इसलिए, नर्मदा संपत ने मांग की है कि एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया को रहमान से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही नोटिस में यह भी कहा गया है कि रहमान को 15 दिन के अंदर 10 करोड़ की रकम का भुगतान किया जाए।

उपलब्धि एचएएल ने वायु सेना को सौंपा एलसीए तेजस पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

मिलेंगे कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

एचएएल से पहला एलसीए तेजस मार्क-1ए अगले साल मिलेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

वायुसेना को आज लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को बेंगलुरु में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को सौंपा। एचएएल और भारतीय वायु सेना के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से यह पहला है।

एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ने एक औपचारिक समारोह में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में एलसीए तेजस का पहला ट्रेनर संस्करण सीएएस एयर चीफ मार्शल चौधरी को सौंपा। इस कार्यक्रम में वायु सेना के उप प्रमुख, भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अधिकारी और परियोजना से जुड़े कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। एचएएल ने पहला तेजस ट्रेनर बना लिया है, जो अंतिम विकासात्मक परीक्षण उड़ानों से गुजर चुका है। तेजस डिवीजन के दौरे पर एयर मार्शल दीक्षित को एचएएल टीम ने ट्रेनर एयरक्राफ्ट के उत्पादन की स्थिति और एलसीए मार्क-1ए की डिलीवरी की योजना के बारे में जानकारी दी थी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी। वायु सेना को फरवरी 2024 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए मिलेगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन तेजस एमके-1ए प्राप्त करने वाली पहली स्क्वाड्रन होगी। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है।

एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्मसुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाईं जाएंगी। तेजस एमके-1ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायु सेना को मिलेंगे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति 2024 से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायुसेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। एलसीए तेजस एमके-1ए संस्करण में फिलहाल स्वदेशी सामग्री 50% है जिसे 60% तक बढ़ाया जाएगा।

श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने बुधवार को पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस के षष्ठी के अवसर पर हेहल प्रखण्ड के पहाड़ टोली, मुण्डा टोली, पाहन टोली, मंडप टोली से आये हुए लगभग 200 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं एव पुरूषों के बीच सामुहिक श्राद्ध दिवस का सफल आयोजन कर सभी आये हुए बच्चों एवं महिला- पुरुष को श्राद्ध प्रसाद में भोजन का वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया। पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस षष्ठी के दिन पर आज 200 बच्चो एवं महिला- पुरुष के बीच भोजन और अल्पाहार में जैसे पुड़ी सब्जी, मिठाई, खीर, पुलाव, दाल, फल बच्चों के बीच कलर पेन्सिल एवं ड्राईग बुक का वितरण का कार्य वहाँ की सेवाधारी महिलाओ किरण बाड़ो की देखरेख में संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस के षष्ठी पर आज भोजन वितरण के महान कार्य में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी ओमप्रकाश सरावगी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह,धर्मजीत सिंह एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

पृष्ठ एक के शेष

कृषि व वनोत्पादों के लिए बाजार...
करने की जरूरत है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने पशुपालन के साथ साथ चारा उत्पादन पर जोर दिया। कहा कि पशुओं का चारा बाहर से महंगा आता है। चारा महंगा होगा तो किसान को दूध बेचने में कोई फायदा नहीं होगा। स्थानीय स्तर पर चारा उत्पादन हो तो काफी विकास होगा। उन्होंने मिल्क प्लांट में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की बात कही। राज्य के कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने सम्बोधन में किसानों को दी जा रही सुविधाओं की चर्चा की। कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर तीन रुपए का प्रोत्साहन राशि देगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने इस प्लांट को लटका दिया था। झारखण्ड में 50 हजार लीटर दूध उत्पादन होता था। इसे बढ़ाकर 2.5 लाख लीटर कर दिया। अब राज्य में 5 लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की सोच धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कहा कि जब खेती का समय था तब बारिश नहीं हुई, अब अधिक बारिश से खेती को नुकसान होगा। समारोह को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी, एमडी सुधीर कुमार सिंह, पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन समेत कई अधिकारी, प्रगतिशील किसान व झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस के बिट्टू पाठक समेत बड़ी संख्या में किसान व सत्ताधारी दलों के नेता उपस्थित थे।

ईडी के पांचवें समन पर भी...
14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर और 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। वह इनमें से किसी समन पर उपस्थित नहीं हुए, लेकिन हर बार समन के जवाब में उन्होंने ईडी को पत्र के जरिए जवाब दिया। ईडी के समन पर रोक की मांग को लेकर सोरेन ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में ईडी की शक्तियों को चुनौती दी है। इसके पहले उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले को लेकर क्रिमिनल रिट पिटीशन दायर किया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली थी। 18 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर सुनवाई से इनकार करते हुए उन्हें पहले हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी। इसके बाद 23 सितंबर को सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उन्होंने याचिका में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। इसमें कहा गया है कि जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार कर लेने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है।

विस सचिव सात दिन में जस्टिस...
ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे। पूर्व की सुनवाई विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी। इस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

क्वाटम हॉट्स की खोज करने...
मानना था कि इस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किया जाएगा। हालांकि, 1980 के दशक की शुरूआत में, एकिमोव रंगीन कांच में आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव बनाने में सफल रहे। रंग कॉपर क्लोराइड के नैनोकणों से आया और एकिमोव ने प्रदर्शित किया कि कण का आकार क्वांटम प्रभावों के माध्यम से कांच के रंग को प्रभावित करता है। कुछ साल बाद, ब्रूस दुनिया के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने किसी तरल पदार्थ में स्वतंत्र रूप से तैरते कणों में आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव साबित किया। 1993 में, बावेंडी ने क्वांटम डॉट्स के रासायनिक उत्पादन में क्रांति ला दी, जिसके परिणामस्वरूप लगभग पूर्ण कण उत्पन्न हुए।

शेष कार्यों को पूरा करने...
पलामू टाइगर रिजर्व को खतरा होने की आशंका के कारण बांध का काम रुका हुआ था। काम रुकने के बाद यह परियोजना 71,720 हेक्टेयर में वार्षिक सिंचाई प्रदान कर रही थी। नवंबर 2000 में बिहार के विभाजन के बाद, बांध और बैराज का मुख्य कार्य झारखंड में हैं। इसके अलावा मोहम्मदगंज बैराज से पूरी 11. 89 किमी बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) झारखंड में है। हालांकि, दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) के 110. 44 किमी में से पहला 31.40 किमी झारखंड में है और शेष 79. 04 किमी बिहार में है। वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने परिकल्पित लाभों को प्राप्त करने के लिए परियोजना को संचालित करने के लिए उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए जलाशय के स्तर को कम करने का निर्णय लिया गया। परियोजना के शेष कार्यों को 1622. 27 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय पर पूरा करने के प्रस्ताव को अगस्त 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसके बाद, दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर, कुछ अन्य घटकों को परियोजना में शामिल करना आवश्यक पाया गया। परिकल्पित सिंचाई क्षमता प्राप्त करने के लिए तकनीकी दृष्टि से आरएमसी और एलएमसी की पूर्ण लाइनिंग को भी आवश्यक माना गया। इस प्रकार, गया वितरण प्रणाली के कार्य, आरएमसी और एलएमसी की लाइनिंग, रास्ते में संरचनाओं की रीमॉडलिंग, कुछ नई संरचनाओं का निर्माण और परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के राहत एवं पुनर्वासन (आर एंड आर) के लिए एकबारगी विशेष पैकेज को अद्यतन लागत अनुमान में प्रदान किया जाना था। तदनुसार, परियोजना का संशोधित लागत अनुमान तैयार किया गया था। शेष कार्यों की लागत 2430. 76 करोड़ रुपये में से केंद्र 1836. 41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा।

बीआईटी मेसरा में पैनथन 2023 का आयोजन

रांची। बीआईटी मेसरा में पैनथन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। ये कार्यक्रम टेक्निकल बेस्ड होगा। इसका इंरोरेशन 5 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम 5 अक्टूबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में बिहार के गजल गायक अभिषेक पाठक भी आएंगे। इसमें कई तरह के इवेंट भी होंगे। 5 अक्टूबर को इनॉग्रेशन नाइट विद गजल सेशन, 6 अक्टूबर को कल्चरल नाइट, 7 अक्टूबर को बंद नाइट और 8 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरिमनी एंड प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम होगा।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्रचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

सूचना

निदेशालय पत्रांक–5/(प्रशि0)–02/2022–1540 रॉची, दिनांक 03.10.2023 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया चतरा में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली Spot Admission से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना।

Time Schedule For Spot Round Online Admission

S.I No	Activity	Date	
		From	To
1.	Spot Round Online Admission	03.10.2023	10.10.2023

दिनांक 03.10.2023 से 10.10.2023 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया चतरा में Spot Round Online Admission लिया जाएगा। Spot Round Online Counselling के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर first come first Serve basis पर सीट /व्यवसाय का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। Spot Round में Online Admission Module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया में नामांकन लिया जाएगा।

NOTE:- नामांकन के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक है:–
1. मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र (मूल)।
2- C.L.C/S.L.C (मूल)।
3. आवासीय/जाति/आधार (फोटो प्रति)।
4- Passpot Size फोटो (चार अदद)।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
सिमरिया, चतरा

PR 308298 Labour Employment and Traning(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा मे0 पल्लवी कन्स्ट्रक्शन ग्राम – पिपरडीह, पो0 – लमारीकला, थाना काण्डी, जिला गढ़वा। को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा पर्यटन मद अन्तर्गत PWD मुख्य पथ ,खोनहर से खोनहर नाथ मंदिर तक पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उक्त पथ का एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्णता की तिथि 16.04.2022 था, परन्तु उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखे जाने के कारण इस कार्यालय का प्रेस विज्ञप्ति संख्या 194 दिनांक 07.02.2023, 1067 दिनांक 04.07.2023 एवं निबधित पत्र पत्रांक 1263 दिनांक 05.08.2023 एवं पत्रांक 1649 दिनांक 21.09.2023 द्वारा सूचना देने के वावजूद भी आपके द्वारा अवशेश कार्य का अभी तक Work Programme प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नही किया गया है, इससे प्रतित होता है कि उपरोक्त कार्य करने में आपको रूची नही है।

अतः आपके द्वारा कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 16.10.2023 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा की जाएगी। अतः उक्त तिथि को आप अपने प्रतिनिधि या आप स्वयं कार्य स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308291 Rural Development(23-24)#D

जिला कृषि कार्यालय, चतरा
वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NMEO-Oilseeds (पूर्ववर्ती NFSM-Oilseeds) योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NMEO-Oilseeds (पूर्ववर्ती NFSM-Oilseeds) योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

क्रंसं	कृषि यंत्र का नाम	अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में)	कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु)	(सामान्य वर्ग हेतु)	कुल कृषि यंत्रों की संख्या
1	Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer	Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen	25	30	55
2	Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres)	Rs.3800/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women/ Rs.3000/- or 40% for Gen	15	20	35
3	Cultivator	Rs.10000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.8000/-or 40% for Gen	5	7	12
4	Seed treating drum	Rs.10000-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.8000/-or 40% for Gen	6	8	14
5	Tractor drawn implements (a) Rotavator (Above 35BHP-5 Feet)	Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/-or 40% for Gen	6	8	14
6	Sprinkler sets	The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be from Rs. 19542/- to Rs.21901/-per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	0	3	3
7	Pipes for carrying water from source to the field	Rs. 50/Mtr.for HDPE Rs.35 forPVC Rs. 20/ HDPE laminated	0	2	2
8	Pump Set	Rs. 10000 /each or 50% of the cost which ever is less	0	40	40

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 18.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"

नोट– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 308280 (Agriculture)23-24*D

कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा

आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त हो चुका है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–11.10.2023 एवं 12.10.2023 को अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार है:–

प्रखण्ड का नाम –तिथि	प्रखण्ड का नाम – तिथि
1. शहरी – 11.10.2023	12. बरड़ीहा – 12.10.2023
2. गढ़वा – 11.10.2023	13. रंका – 12.10.2023
3. मेराल – 11.10.2023	14. भंडरिया – 12.10.2023
4. रमुना – 11.10.2023	15. रमकंडा – 12.10.2023
5. नगर – 11.10.2023	16. चिनिया – 12.10.2023
6. सगमा – 11.10.2023	17. बड़गड – 12.10.2023
7. धुरकी – 11.10.2023	18. केतार – 12.10.2023
8. भवनाथपुर– 11.10.2023	19. विशुनपुरा – 12.10.2023
9. खरौंधी – 11.10.2023	20. डण्डई – 12.10.2023
10. मझिऑव – 11.10.2023	21. डण्डा – 12.10.2023
11. कांडी – 11.10.2023	

पुनः नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।
1. गृह रक्षक प्रमाण पत्र
2. आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
3. दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0)गढ़वा
– सह–जिला समादेष्टा, झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR.NO.308320 Police(23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा, लोहरदगा

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेघा सूचियों के आधार पर आयोजित की जाने वाली Spot Round online Admission से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना।

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के पत्रांक:–1540 दिनांक:–03.10.2023 द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु तिथि विस्तार करते हुए अन्तिम तिथि–10.10.2023 निर्धारित है, उक्त तिथि तक लोहरदगा जिले में अवस्थित सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा Spot Round online Admission लिया जा सकता है। शैक्षणिक सत्र–2023–24–25 में Spot Round online Admission में Admission Module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही लोहरदगा जिले में अवस्थित सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा 1.इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक 2.टर्नर 3.मैशिनिश्ट 4. एम0एम0भी0 5. मैकेनिक डीजल 6.वेल्डर 7.प्लम्बर 8.इलेक्ट्रीशियन 9.फिटर व्यवसाय में नामांकन लिया जाएगा।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,कुजरा, लोहरदगा

PR 308260 Lohardaga(23-24).D

जिला कृषि कार्यालय, चतरा

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Nutri Cereals & NFSM Coarse Cereals योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Nutri Cereals & NFSM Coarse Cereals योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

क्रंसं	कृषि यंत्र का नाम	अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में)	कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु)	(सामान्य वर्ग हेतु)	कुल कृषि यंत्रों की संख्या
NFSM Nutri Cereals					
1	Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer	Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen	3	2	
2	Sprinkler sets	The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be from Rs. 19542/- to Rs.21901/- per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY	1	1	
3	Millet Mill	60% of cost or Rs. 1.50 lakh for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / 50% of cost or Rs. 1.25 lakh for Gen.	1	1	
NFSM Coarse Cereals					
1	Maize Sheller	Rs. 10000/-per unit or 50% SC/ST, small & marginal,women farmers / Rs 40% or Rs. 8000/-Gen	3	3	

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 18.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"

नोट– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 308278 (Agriculture) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114
email : principal.itigarhwa@gmail.com

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर Spot Round **Admission** हेतु सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय पत्रांक–1545 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में गढ़वा जिला में संचालित सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2023–24–25 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Spot Round Admission में उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से जिन्होंने Online Form भरा है परंतु अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थी दिनांक 03 अक्टुबर से 10 अक्टुबर को शाम 5.00 बजे तक पहले आवो पहले पावो के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थी को जिस ITI में नामांकन लेना है उनको संबंधित ITI में सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र को लेकर जाना अनिवार्य है।

SL.No	Name of the ITI	Name of the Trade	Place of Admission	Contact no.
1	Govt. ITI, Garhwa	Fitter, Electronics Mechanic, MMV, Draughtsman Mechanic, Turner & Welder	Govt. ITI, Garhwa	7992311265 9973279454
2	Govt. ITI , Chiniya	Fitter		
3	Govt. ITI Jhagratand	Mechanic Diesel & Welder	Govt. ITI , Jhagratand	7903517097, 9430067318
4	Govt. ITI Bhandariya	Electrcian, Fitter, Mechanic Diesel & Welder	Govt. ITI , Bhandariya	9110986060

प्रभारी प्राचार्य
नोड़ल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा

PR 308350 Labour Employment and Traning (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या – 02/2023-24/NREP/GARHWA **दिनांक** – 03.07.2023

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	अक्षर में	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	बरडीहा	NREP/ GARHWA/ 05/2023-24	टोबरा दलको मुख्य पथ से राजेन्द्र उराँव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.278 कि0मी0)	23.906	तेईस लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये।	5000	48000	तीन माह
2	केतार	NREP/ GARHWA/ 06/2023-24	ग्राम पाचाडुमर में उराँव टोला आँगनबाड़ी केन्द्र से मुख्य पथ तक पीसीसी पथ निर्माण। (0. 220 कि0मी0)	19.347	उन्नीस लाख चौतीस हजार सात सौ रूपये।	5000	39000	तीन माह

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 20.10.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR.NO.308310 Rural Development(23-24):D

गागर में सागर

शतरंज में 2700 रेटिंग पार करने वाले नौवे भारतीय बने निहाल सरीन

नई दिल्ली। भारत के 19 वर्षीय ग्रांड मास्टर निहाल सरीन ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2023 के राउंड 2 में ग्रांड मास्टर पॉलियस पुल्टिनेविसियस के खिलाफ काले मोहरों से अभूतपूर्व जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, निहाल की अब लाइव रेटिंग 2702.5 हो गयी है और अंततः वह 2700 रेटिंग के जादुई शतरंज आंकड़ें को पार करने में कामयाब हो गए है । केरल के त्रिशूर का 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी 2700 तक पहुंचने वाला 9वां भारतीय बन गया है। निहाल ने बार-बार साबित किया है कि वह स्पीड शतरंज में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और क्लासिकल में बेहद मजबूत है पर अब उन्होने क्लासिकल शतरंज का वह मुकाम हासिल कर लिया है जिसकी उनसे हमेशा से उम्मीद की जाती रही थी। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन और उसके बाद लगातार अच्छे नतीजों के साथ, निहाल अब 2700 क्लब में अपने साथियों के साथ शामिल हो गया है! निहाल और उनके असंख्य प्रशंसकों के लिए यह एक अद्भुत क्षण है। निहाल के पहले विश्वनाथन आनंद, कृष्णन ससिकिरन, पेंटाला हरीकृष्णा, विदित गुजराती, डी गुकेश, अर्जुन एरिगासी, आर प्रज्ञानन्दा यह कारनामा कर चुके है।

आईसीसी ने विश्वकप के लिए सचिन को बनाया ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को विश्व कप के लिए ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सचिन अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच गुरुवार को होने वाले उद्घाटन मैच से पहले विश्व कप ट्रॉफी के साथ मैदान पर आएंगे और टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा करेंगे। तेंदुलकर ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि विश्व कप के आयोजन से युवा लड़कों और लड़कियों का इस खेले के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। इससे उन्हें ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा, इतनी सारी विशेष टीमें और खिलाड़ी यहां भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में कड़ी प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, मैं इस शानदार टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एशियाई खेल बैडमिंटनः पीवी सिंधु और एचएस प्रणय क्वार्टर फाइनल में

हांगझू। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने बुधवार को एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मौजूदा रजत पदक विजेता पी वी सिंधु ने महिला एकल वर्ग के अंतिम 16 मुकाबले में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वदार्नी को 21-16, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, यह मैच 55 मिनट तक चला। वहीं, एचएस प्रणय ने भी कजाख शटलर दिमित्री पनारिन को केवल 29 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इससे पहले सिंधु, जो इस सीजन में बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसक गई हैं, ने दुनिया की 21वें नंबर की चीनी ताइपे शटलर सू वेन ची 32वें राउंड के मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। यह मैच 42 मिनट तक चला था। दुनिया के सातवें नंबर के भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगोलिया के दुनिया के 311वें नंबर के खिलाड़ी बटदावा मुंखबत को केवल 25 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी।

भारत ने महिला 4 गुणा 400 रिले रेस में जीता सिल्वर

हांगझोऊ। एशियाई खेलों में बुधवार को महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में भारत की विथ्या, ऐश्वर्या, प्राची और सुभा की टीम ने रजत पदक जीता। उन्होंने 2018 के अपने गेम्स रिकॉर्ड को भी बेहतर किया, जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम का नया रिकॉर्ड 3:27.85 है। भारतीय खिलाड़ी बहरीन की चौकड़ी मुना साद एस, ओलुवाकेमी मुजिदत, जेनब मौसा अली और सलवा ईद नासेर के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने 3:27:65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

एकदिवसीय विश्वकप : आज इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच मैच

एजेंसी। अहमदाबाद

भारत की मेजबानी में शुरू हो रहे आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप 2023 का पहला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच आज नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए सभी टिकट पहले ही बिक गये थे। ऐसे में स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहेगा। इस मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। इस मैच में जहां इंग्लैंड टीम एक बार फिर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। वहीं कीवी टीम पिछले विश्वकप की हार का बदला लेने के इरादे से उतरेगी। स्टार खिलाड़ियों से भरी इंग्लैंड की टीम जहां इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वहीं न्यूजीलैंड ने अभ्यास मैचों में शानदार प्रदर्शन से दिखाया है कि वह कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है।

इंग्लैंड की टीम जोस बटलर की कप्तानी में विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। टी20 विश्व कप भी इंग्लैंड ने ही जीता था। दूसरी ओर अभी तक आईसीसी विश्व कप नहीं जीत सकी न्यूजीलैंड टीम के सामने कई समस्यायें हैं। कप्तान केन विलियमसन अभ्यास मैच खेलने के बावजूद फिट नहीं हुए हैं, ऐसे में टीम को उनके बिना ही उतरना होगा। टॉम लाथम को विलियमसन के नहीं होने के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं तेज गेंदबाज टिम साउदी भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। विलियमसन ओर साउदी सर्जरी के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इन दोनो अहम खिलाड़ियों के बिना कीवी टीम कमजोर नजर आती है। विलियमसन जहां प्रमुख बल्लेबाज हैं। वहीं साउदी अनुभवी गेंदबाज है। दूसरी ओर इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स जैसे ऑलराउंडर हैं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण मैच विजेता माने जाते हैं। अहमदाबाद की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों की सहायक मानी जाती है ओर ऐसे में इंग्लैंड के पास बड़ा स्कोर बनाने का अच्छा अवसर है क्योंकि उसके पास जो रूट , लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक सहित कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। स्टोक्स घुटने की दिक्कत के कारण गेंदबाज शायद ही करें पर बल्लेबाजी में वह कभी भी बाजी पलट देते हैं।पिछले दो विश्व कप फाइनल (2019 और 2022) में उन्होंने ये साबित किया था।

उनके अलावा इंग्लैंड के कप्तान लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, डेविड मलान और जो रूट जैसे बल्लेबाज भी हैं। उसके कई खिलाड़ियों ने आईपीएल में खेला है जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। इसके अलावा मोईन अली, क्रिस वोक्स और सैम कुरेन के रूप में उनके पास काफी अच्छे ऑलाराउंडर हैं। गेंदबाजी में मार्क वुड के पास तेजी और आईपीएल का अनुभव है। स्पिन की जिम्मेदारी रशीद के पास रहेगी। इंग्लैंड को 2019 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह रिजर्व के रूप में टीम में हैं। दूसरी ओर विलियमसन और साउदी के अनुभव की न्यूजीलैंड को कमी खलेगी पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके हौसले बुलंद होंगे। न्यूजीलैंड टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप तथा 2021 टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), जो रूट, जॉनी बेयरस्टॉ, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम कुरेन, डेविड विली, आदिल रशीद, मार्क वुड, रीसे टॉपली, गुस एटकिंसन।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कोंवे, विल यंग, केन विलियमसन (पहले मैच में उपलब्ध नहीं), मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी।

हॉकी में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में पहुंचे

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को एशियाई खेल 2023 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हरा दिया है। भारत ने आज जीत की लय बरकरार रखते हुए आक्रमक अंदाज में पहले क्वार्टर में 3-0 गोल किए। मजबूत डिफेंस के साथ भारत ने कोरिया को गोल करने करने मौके नहीं दिया। खेल शुरू होने के 5 मिनट बाद हार्दिक सिंह ने फील्ड गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। इसके बाद मनदीप सिंह ने 11वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी समय में ललित उपाध्याय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया।दूसरे क्वार्टर में भारत को गोल के ज्यादा मौके नहीं मिले। भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहदास ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया। इस क्वार्टर में कोरिया ने दो गोल दागे। दोनों गोल मंजे जंग ने किए, जिसमें पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दूसरा गोल था। पहले हाफ की समाप्ति तक मैच में भारत ने 4-2 से अपनी बढ़त को बनाए रखा। भारत की ओर से हार्दिक सिंह (5वें मिनट), मनदीप सिंह (11वें मिनट), ललित उपाध्याय (15वें मिनट), अमित रोहतास (24वें मिनट) और अभिषेक (54वें मिनट) ने गोल किए। वहीं, कोरिया की तरफ से मंजे जंग ने 17वें , 20वें ,42वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में दक्षिण कोरिया ने भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया। भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस दिखाया और गोल के कई मौके बनाए। लेकिन इस क्वार्टर में भारत ने एक भी गोल नहीं दागा। कोरिया ने 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मंजे ने कोरिया के लिए तीसरा गोल दागकर स्कोर 4-3 कर दिया। खेल में दक्षिण कोरिया ने चौथे क्वार्टर में अटैक करना जारी रखा। वहीं, भारत ने गोल करने की लगातार कोशिश की और 54वें मिनट में अभिषेक ने भारत के लिए गोलकर स्कोर 5-3 कर दिया। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल में जीत हासिल की।

एशियाई गेम्स : अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

एजेंसी। हांगझोउ

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को खेले गए तीसरे पुरुष क्रिकेट क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान ने नूर अली के अर्धशतक और गुलबदीन नईब और क्वैस अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को 8 रन से हराया दिया है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत ठीक नहीं रही और दूसरे ही ओवर में थुषारा ने सेदिकुल्लाह अटल को एक रन के स्कोर पर वापस पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए नूर अली ने ओपनर मोहम्द शहजाद के साथ संभालकर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में समराकून ने मोहम्मद शहजाद 20रन को अराछिगे के हाथों कैच आउट कर दिया। उसके बाद शाहीदुल्लाह 23 ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को सौ रन के पार पहुंचा। उन्हें वियसकांत ने फर्नांडो के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान गुलबदीन नईब ने 7 रन का योगदान दिया।

मुक्केबाज परवीन हुडा ने महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जीता कांस्य

हांगझू। भारतीय मुक्केबाज परवीन हुडा ने बुधवार को हार के बाद महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक के साथ अपने एशियाई खेलों के अभियान का समापन किया। महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल मैच में उन्हें दो बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की लिन यू टिंग से 0-5 से हार झेलनी पड़ी और उनका सफर यहीं खत्म हो गया। बता दें कि पहले सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन अब निकहत जरीन, प्रीति और नरेंद्र के बाद एशियाई खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली चौथी भारतीय मुक्केबाज बन गई हैं। वहीं, एशियाई खेलों में भारत ने अब तक 73 पदक हासिल कर लिया है, इनमें 16 स्वर्ण, 26 रजत और 31 कांस्य पदक शामिल है।

विश्वकप में खिलाड़ियों पर दबाव को हावी नहीं होने देंगे : रोहित शर्मा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उनकी टीम विश्वकप में पूरे उत्साह से उतरेगी। रोहित ने कहा कि पिछले एक दशक में कोई आईसीसी खिताब नहीं जीतने के कारण टीम पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं है। भारतीय टीम को अपनी धरती पर होने वाले इस विश्वकप में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हालांकि पिछले एक दशक से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है जिससे माना जा रहा है कि उसपर दबाव होगा पर रोहित ने ऐसी किसी भी संभावना से इंकार किया है। रोहित ने कहा कि वह खिलाड़ियों पर किसी भी प्रकार के दबाव को हावी होने नहीं देंगे।

भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। उसके बाद से ही टीम कोई खिताब नहीं जीत पायी है। भारतीय टीम साल 2017 में भी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची पर तब उसे पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम इंडिया दो बार पहुंची थी पर वहां भी उससे विफलता मिली। रोहित ने कहा, यह सही है कि हम 2013 से कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीते हैं लेकिन मैं एक व्यक्ति के रूप में इस बारे में ज्यादा विचार कर बिना बात के दबाव में नहीं आता। इंग्लैंड टीम ने भी अभी-अभी जीतना शुरू किया है, कई सालों के बाद उन्होंने विश्वकप जीता है। ऐसा होता है। ऑस्ट्रेलिया ऐसी एकमात्र टीम है जिसने लगातार जीत हासिल की है। साल 2007 के बाद उन्होंने 2015 में भी एकदिवसीय वर्ल्डकप जीता, दुबई में उन्होंने टी20 वर्ल्डकप भी जीता।

रोहित ने साथ ही कहा, ऐसे में विश्वकप कौन जीतेगा,मेरे पास इसका जवाब नहीं है। मैं केवल यह जानता हूं कि हमारी टीम अच्छी स्थिति में है और हर कोई फिट है, इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकता। वैसे यदि प्रशंसकों की उम्मीदें बहुत ऊंची न हों तो मुझे खुशी होगी। लोग जैसी उम्मीद लगाए हैं, हम उस पर नियंत्रण नहीं कर सकते। हम जहां भी जाते हैं, वे कहते हैं विश्वकप जीतना है। यह सिलसिला सब जगह होता है और ये रुकने वाला नहीं है।

एशियाई खेल 2023 : कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में

ज्योति-ओजस ने भारत को दिलाया ऐतिहासिक स्वर्ण

एजेंसी। हांगझू

भारत ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपना सबसे बड़ा पदक हासिल किया, जब ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवतले ने चीन के हांगझू में कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह इन एशियाई खेलों में भारत का 71वां पदक है, जो किसी एक संस्करण में भारतीय दल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। जकार्ता और पालेमबांग में 2018 एशियाई खेलों में भारत ने 70 पदक जीते थे। ओजस और ज्योति ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया को 159-158 से हराया और स्वर्ण पदक अपने नाम करते हुए भारत के लिए ऐतिहासिक 71वां पदक हासिल किया। इससे पहले भारतीय तीरंदाज ज्योति-प्रवीण ने कजाकिस्तान के एडेल जेक्सेनबिनोवा और एंड्रे ट्युटुन्टो को 159-155 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, उन्होंने इससे पहले मलेशियाई टीम को 158 - 155 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। बता दें कि आज सुबह 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में राम बाबू और मंजू रानी के कांस्य पदक ने भारत को 70 पदकों के रिकॉर्ड तक पहुंचाया और फिर तीरंदाजी पदक ने इतिहास रच दिया। कंपाउंड तीरंदाजी के साथ, भारत ने एक ही संस्करण में अपने सर्वाधिक 16 स्वर्ण पदकों की बराबरी भी कर ली है।

अनाहत, अभय ने मिश्रित युगल में जीता कांस्य पदक

भारत के अनाहत सिंह और अभय सिंह को बुधवार को चल रहे एशियाई खेलों में स्क्वैश के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अनाहत और अभय अपना सेमीफाइनल मैच मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक से 1-2 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने रोमांचक मैच खेला और खेल तीसरे सेट तक चला गया। अनाहत-अभय की शुरूआत अच्छी रही और उन्होंने पहला गेम 11-8 के करीबी अंतर से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने अपनी लय खो दी और 2-11 से हार गई। निर्णायक गेम में भारत ने वापसी की और 9-6 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली, लेकिन मलेशियाई टीम ने 11-9 की मामूली जीत के साथ खेल समाप्त किया। इससे पहले, दीपिका पल्लीकल और हरिंदर सिंह की भारतीय स्क्वैश जोड़ी बुधवार को मिश्रित युगल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गई। अपने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, उन्होंने ली का यी और वोंग ची हिम की हांगकांग जोड़ी को 2-1 से हराया।

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने थाईलैंड को 63-26 से हराया

एजेंसी। हांगझू

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेल 2023 में ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में बुधवार को थाईलैंड को 63-26 से हरा दिया। 37 अंकों के अंतर ने पवन सहरावत के नेतृत्व वाली भारतीय टीम को कबड्डी ग्रुप ए अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार रखा। चीनी ताइपे ने भी दो में से दो जीत हासिल की हैं लेकिन भारत के 74 की तुलना में उसके अंकों में 37 का अंतर है। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने शुरूआती मिनटों में तेज रेड से भारतीय कबड्डी टीम को तेज शुरूआत देने में मदद की। भारत ने थाईलैंड को ऑल-आउट करने में कोई समय नहीं लिया और शुरूआती पांच मिनट में 11-2 की बढ़त बना ली। थाईलैंड के प्रमोट सेसिंग ने सुपर रेड के साथ जवाब देते हुए स्कोर 15-5 कर दिया। फिर भी, भारत ने जल्द ही अपने स्टार रेडर नवीन कुमार और बाद में परवेश भैंसवाल और सुनील कुमार को फिर से कार्यभार संभालने के लिए पुनर्जीवित किया। भारत ने पहले हाफ में थाई कबड्डी टीम को तीन ऑलआउट किया और दूसरे हाफ में धीमा होने से पहले 37-9 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारत के असलम इनामदार, आकाश शिंदे और नितिन रावल सबसे आगे आये।

आईसीसी विश्व कप | पिछले तीन संस्करणों से मेजबानों का रहा है प्रभुत्व

टीम इंडिया परंपरा को जारी रखने की ताक में

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों का इतिहास देखा जाए तो मेजबानों का वर्चस्व रहा है और इसकी शुरूआत 2011 में भारत से हुई है। 2011 से पहले मेजबान देशों का उतना अच्छा इतिहास नहीं रहा है, केवल श्रीलंका ने भारत और पाकिस्तान के साथ सह मेजबानी में खिताब जीता था, वो भी श्रीलंकाई टीम ने फाइनल मुकाबला लाहौर में खेला था।

हालांकि वर्ष 2011 से भारत ने पूरी तरह से परिपाटी बदल दी और फिर उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने भी भारत का अनुसरण करते हुए अपनी मेजबानी में विश्व कप का खिताब जीता। महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने अपनी मेजबानी में खिताब जीतने की परिपाटी की शुरूआत की। भारतीय टीम ने 28 साल बाद भारत के लिए दूसरा विश्व कप खिताब जीता। 2 अप्रैल 2011 महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के लिए यादगार साबित हुआ, क्योंकि वह अंततः विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे। उन्होंने फाइनल में केवल 18 रन बनाए, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने प्लेयर-ऑफ-द-मैच के साथ भारत को जीत दिलाई थी। युवराज सिंह ने भी 362 रन और 15 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट जीता, जबकि वह कैंसर से पीड़ित थे। फाइनल में कप्तान धोनी खुद युवराज सिंह से ऊपर नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए, इस बदलाव का फायदा उन्हें मिला और उन्होंने 79 गेंदों में 91 रन बनाकर भारत को दूसरी बार खिताब दिलाया और देश को खुशी से भर दिया। इसके बाद वर्ष 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी मेजबानी में पांचवीं बार खिताब जीतकर भारत द्वारा बनाई गई परंपरा को आगे बढ़ाया, ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप की शुरूआत सकारात्मक रही जब उन्होंने एमसीजी में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 111 रन से हराया। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ हार से टीम का उत्साह कम हो गया, इससे पहले कि न्यूजीलैंड ने ईडन पार्क में कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में सिर्फ एक विकेट से जीत हासिल की।

हालांकि इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की और माइकल क्लार्क की टीम ने मेलबर्न में फाइनल में न्यूजीलैंड की टीम को पहले 183 रन पर ऑलआउट किया और फिर ऑस्ट्रेलिया ने 101 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के नक्शेकदम पर चलते हुए 2019 में इंग्लैंड ने भी अपनी मेजबानी में पहला विश्व कप खिताब जीता। वर्ष 2019 से पहले इंग्लैंड ने पहले कभी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप नहीं जीता था, लेकिन कप्तान इयोन मोर्गन घरेलू धरती पर विश्व कप जीत कर नया इतिहास लिख दिया।

लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया फाइनल मैच रोमांच से भरपूर था, सुपर ओवर के साथ रोमांच के चरम पर पहुंचने से पहले मैच में किसी भी अच्छे एकदिवसीय मुकाबले की तरह उतार-चढ़ाव आया और अंत में इंग्लैंड ने मैच और खिताब जिस तरह से जीता, उसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। इस बार विश्व कप फिर से भारत की मेजबानी में खेला जा रहा है और भारतीय टीम अपनी ही बनाई गई परंपरा को आगे बढ़ाने की ताक में है, अब देखना ये है कि कप्तान रोहित शर्मा क्या भारत को तीसरा एकदिनी विश्व कप खिताब दिलाकर उस परंपरा को आगे बढ़ाते हैं।